

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले भविष्यवाणियां झूठी साबित कर आगे बढ़ रहा भारत - 12



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सभी उत्पादों पर मिलेगा जीएसटी सुधारों का लाभ- 12



जम्मू-कश्मीर में घने जंगलों और ऊंचे पहाड़ों पर बंकर बना रहे हैं आतंकी - 13



विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जैसमीन और मीनाक्षी ने जीता खिताब- 14

आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.13


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी 01:31 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 15 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 26, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### अमित खरे उपराष्ट्रपति के सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को पूर्व नौकरशाह अमित खरे को उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन का सचिव नियुक्त किया। खरे 12 अक्टूबर, 2021 से प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में कार्यरत थे और प्रधानमंत्री कार्यालय में सामाजिक क्षेत्र से संबंधित मामलों का जिम्मा संभाल रहे थे। वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 तैयार करने और लागू करने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। खरे की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने झारखंड कैडर के 1985 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अमित खरे को उपराष्ट्रपति का सचिव नियुक्त करने की मंजूरी दी है।

### छन्नूलाल बीएचयू अस्पताल में भर्ती

**वाराणसी।** पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र को हृदय संबंधी समस्या के चलते वाराणसी के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सर सुंदर लाल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। पंडित छन्नूलाल मिश्र को सर सुंदर लाल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति स्थिर बताई है। मिश्र की पुत्री नम्रता मिश्र ने बताया कि मिर्जापुर में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें बीएचयू के सर सुंदर लाल अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार की देर रात ही उन्हें अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया।

### दिल्ली में सट्टेबाजी गिरोह के छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मयूर विहार में छह लोगों को कथित तौर पर अवैध रूप से क्रिकेट सट्टेबाजी गिरोह संचालित करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन पर मिली सूचना के आधार पर पुलिस के एक दल ने 12 और 13 सितंबर की रात चिल्ला गांव में एक फ्लैट पर छापा मारा और आरोपियों को इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका मैच पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से तीन लैपटॉप, 32 मोबाइल, एक जीएसएम डिवाइस, एक एलईडी टीवी और 2,720 रुपये नकद जब्त किए हैं।

### मुठभेड़ में माओवादी ढेर, हथियार बरामद

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले में रविवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि मृतक की पहचान मुखदेव यादव (40) उर्फ तूफान जी के रूप में हुई है, जो प्रतिबंधित माओवादी गुट टीएसपीसी का स्वयंभू सब-जोनल कमांडर था। आईजी (अभियान) माइकल राज एस ने बताया कि मनातू और तरहसी की सीमा पर स्थित वन क्षेत्र में आज सुबह मुठभेड़ शुरू हुई, बाद में वहां से एक नक्सली का शव, एक राइफल, एक पिस्तौल और 146 कारतूस बरामद किए गए। मुखदेव यादव चार सितंबर को पलामू में हुई दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या में भी शामिल था।

# जमीन हड़पने और जनसांख्यिकी बदलने की साजिश नहीं होने देंगे कामयाब : मोदी

## असम में बोले प्रधानमंत्री, कांग्रेस सेना के बजाय आतंकवादियों को दे रही समर्थन

मंगलदोई (असम), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस देश की सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों का समर्थन कर रही है। मोदी ने असम में दरांग जिले के मंगलदोई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर घुसपैठियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भाजपा घुसपैठियों को जमीन हड़पने नहीं देगी और न ही जनसांख्यिकी बदलने की उनकी साजिश को कामयाब होने देगी।

मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस भारतीय सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पाले गए आतंकवादियों का समर्थन करती है। कांग्रेस 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने वाले हमारे सशस्त्र बलों का समर्थन करने के बजाय घुसपैठियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को बचाने में लगी रही। मोदी ने कहा कि मां कामाख्या के आशीर्वाद से ही 'ऑपरेशन सिंदूर' सफल हुआ है और इस पावन भूमि पर आकर उन्हें गौरव महसूस हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार रात उन्हें एक वीडियो दिखाया था, जिसमें कांग्रेस के एक पूर्व अध्यक्ष यह कहते हुए दिखाई दे रहे थे कि 'भाजपा गायकों और नर्तकों का सम्मान कर रही है'।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी 2019 में भाजपा द्वारा भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिए जाने के बाद की गई थी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि 1962 में चीन के आक्रमण के दौरान जवाहरलाल नेहरू द्वारा असम के लोगों को दिए गए घाव अब तक भरे नहीं हैं और भूपेन हजारिका का यह अपमान घाव पर नमक छिड़कने जैसा है। मोदी ने कहा कि भूपेन दा के इस अपमान से मुझे बहुत दुख हुआ लेकिन जनता मेरी मालिक है और वही जवाब देगी कि इस महान गायक को भारत रत्न देकर भाजपा ने सही किया या गलत।

मोदी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अतिक्रमण की गई भूमि से घुसपैठियों को बाहर निकालने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशंसा की कि किसान अब इन भूखंडों पर खेती कर सकेंगे। उन्होंने दावा किया कि जिन भूमियों पर कभी अवैध कब्जा था, वहां अब किसानों और स्थानीय लोगों के हाथों से कृषि क्रांति आ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा घुसपैठियों को जमीन हड़पने, महिलाओं और लड़कियों का अपमान करने और जनसांख्यिकी बदलने की साज़िश नहीं करने देगी।



असम के नुमालीगढ़ में एथेनॉल प्लांट का उद्घाटन करने के बाद जानकारी लेते प्रधानमंत्री मोदी।

### नुमालीगढ़ में बांस आधारित इथेनॉल संयंत्र का किया उद्घाटन

**नुमालीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में 5,000 करोड़ रुपये की लागत वाले बांस आधारित इथेनॉल संयंत्र का रविवार को उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि बांस के पौधे के सभी हिस्सों का इस्तेमाल करने वाला यह संयंत्र शून्य अपशिष्ट पैदा करेगा और इससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को 200 करोड़ रुपये का बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने दरांग जिले के मंगलदोई में 6,300 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

# छात्रवृत्ति में लापरवाही पर सरकार हुई सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विस्तृत रिपोर्ट तलब, दोषी अफसरों पर होगी कार्रवाई
- दोबारा खुलेगा छात्रवृत्ति पोर्टल तैयार किया गया प्रस्ताव

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल से छह लाख छात्रों के हक में हरी झंडी दिखाई जाएगी। इतना ही नहीं शुल्क भरपाई से वंचित छात्रों को न्याय दिलाने के लिए दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों पर भी गाज गिरेगी। कैबिनेट में रखे जाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति पोर्टल दोबारा खोले जाने का प्रस्ताव तैयार किया है। वंचित छात्रों में साढ़े तीन लाख से अधिक विद्यार्थी अल्पसंख्यक और अन्य पिछड़ा वर्ग के भी हैं। सभी के लिए 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था भी की गई है।

दरअसल, वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधिकारियों और शैक्षणिक संस्थानों की लापरवाही से छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित विद्यार्थियों को जल्द उनका हक दिलाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग और उच्च शिक्षा से संबंधित 100 से अधिक अधिकारी ही नहीं अल्पसंख्यक कल्याण और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से जुड़े अधिकारी भी चिन्हित किए गए हैं जिन पर विभागीय कार्रवाई संभव है। मसला उठने के बाद सरकार की ओर से इस मामले में कवायद तेज की गई है। पूरे प्रकरण को लेकर वाराणसी, बिजनौर, कन्नौज, औरेया, सीतापुर, बलिया, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, प्रतापगढ़, अयोध्या, बहराइच और रायबरेली के संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारियों और संबंधित लिपिकों को प्रतिकूल प्रविष्टी दे दी गई है। जबकि, बरेली के विभागीय कार्यालय बाबू को निलंबित किया गया था।

### छात्रवृत्ति में फर्जीवाड़ा रोकने की भी तैयारी

**लखनऊ।** छात्रवृत्ति योजनाओं में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए भी एक आधुनिक एकीकृत पोर्टल तैयार हो रहा है। समाज कल्याण विभाग को यह जिम्मेदारी मिली है। इस व्यवस्था में मोबाइल एप रियल टाइम नोटिफिकेशन और ऑनलाइन दस्तावेज़ जांच जैसे विकल्प होंगे। फेस रिकाग्निशन भी लागू होगी।

# प्रदेश के स्कूलों में अब हर रविवार को होगा श्रमदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इस पहल से छात्रों को अनुशासन और जिम्मेदारी की मिलेगी सीख

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब प्रत्येक रविवार श्रमदान अभियान चलाने की योजना लागू की गई है। राज्य सरकार की इस अनूठी पहल का उद्देश्य छात्रों में अनुशासन, सहयोग व जिम्मेदारी के भाव को विकसित करना है। इसकी शुरुआत सर्वोदय विद्यालयों और छात्रावासों में श्रमदान से की गई है। ऐसे में विद्यार्थी श्रमदान से विद्यालय और छात्रावास को सजाएंगे।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देने के लिए समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अनूठी पहल की है।

उनके निर्देश पर प्रदेश के सभी जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों और राजकीय छात्रावासों में रविवार से श्रमदान कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुशासन, सहयोग और श्रम के प्रति सम्मान की भावना से जोड़ते हुए उन्हें जिम्मेदार व कर्मठ नागरिक बनाना है।

## पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में 5.8 तीव्रता का भूकंप

- मणिपुर अरुणाचल बंगाल में भी लगे झटके

**गुवाहाटी।** देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों में रविवार को 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। भूकंप रविवार शाम 4.41 बजे आया और इसका केंद्र उदालगुड़ी जिले में पांच किमी की गहराई में था। असम के कई जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों, पश्चिम बंगाल के उत्तरी जिलों और कोलकाता में भी तेज झटके लगे।

# विज्ञान-प्रौद्योगिकी की भाषा बने हिंदी : शाह

गांधीनगर, एजेंसी

- केंद्रीय गृहमंत्री बोले-हिंदी का दूसरी भाषाओं से टकराव नहीं

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई टकराव नहीं है और यह केवल बोलचाल की भाषा न रहकर, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्यायपालिका और पुलिस की भाषा भी बननी चाहिए।

पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारतीयों को अपनी भाषाओं को संरक्षित करना चाहिए और उन्हें अमर बनाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों से उनकी मातृभाषा में बात करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई संघर्ष नहीं है। दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, केएम मुंशी, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे विद्वानों ने हिंदी को अपनाया और इसका प्रचार-प्रसार किया। गुजरात, जहां गुजराती और हिंदी सह-अस्तित्व में हैं, दोनों भाषाओं के विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिंदी केवल एक बोली या प्रशासन की भाषा नहीं है। हिंदी को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्याय और पुलिस की भी भाषा बनना चाहिए। जब ये सभी कार्य भारतीय भाषाओं में होंगे, तब जनता से जुड़ाव स्वतः ही स्थापित हो जाएगा। शाह ने कहा कि संस्कृत ने हमें ज्ञान की गंगा दी और हिंदी ने इस ज्ञान को हर घर तक पहुंचाया और यह ज्ञान स्थानीय भाषाओं के माध्यम से लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों से सदैव उनकी मातृभाषा में बात करनी चाहिए। यह बच्चे के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि कई मनोवैज्ञानिकों और शिक्षाशास्त्रियों ने यह माना है कि बच्चा अपनी मातृभाषा में सोचता है।



### भाषाओं को सशक्त बनाने में तकनीक का इस्तेमाल

केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थानीय भाषाओं को तकनीक के माध्यम से सशक्त बनाने का काम किया है और गृह मंत्रालय ने भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना की है, जो हिंदी और अन्य भाषाओं को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम विज्ञान और तकनीक का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। शाह ने कहा कि गुजरात में शिक्षा में हिंदी को स्थान मिला है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि महात्मा गांधी, दयानंद सरस्वती जैसे नेताओं ने लोगों से आग्रह किया कि वे एक-दूसरे से हिंदी में संवाद करें और सभी राज्यों में हिंदी को बढ़ावा दें। इसके परिणामस्वरूप, गुजरात का कोई भी बच्चा देश में कहीं भी जाकर व्यापार कर सकता है।

# घर में चर्च, कराते थे धर्मांतरण, दो पकड़े

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

- शाहजहांपुर में हिन्दू संगठन ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मोहल्ला नई बस्ती में एक घर में अवैध रुप से चर्च बनाकर धर्मांतरण के लिए उकसाने का मामला सामने आया है। यहां एक महिला समेत दो लोग प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए लोगों को बरगला रहे थे। हिन्दूवादी संगठनों ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया।

पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया और रिपोर्ट दर्ज कर उनसे पूछताछ कर रही है। चौक कोतवाली के आवास विकास कॉलोनी निवासी और हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने रामचंद्र मिशन थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पास शिकायत आई कि हरजीत उर्फ हनकू निवासी तारीन गाड़ीपुरा थाना रामचंद्र मिशन और सुनीता सिंह निवासी नई बस्ती रेती थाना रामचंद्र मिशन कुछ समय से मोहल्ला नई बस्ती रेती में बिना अनुमति के अवैध चर्च संचालित कर रहे है। दोनों यहां से स्थानीय लोगों को प्रलोभन देकर जबरन धर्मांतरण कराते हैं। रविवार को हिन्दू युवा वाहिनी महानगर टीम एवं विश्व हिन्दू रक्षा सेना की टीम नई बस्ती रेती में स्थित अवैध चर्च पहुंची जहां अवैध धार्मिक गतिविधियां चल रही थीं। संगठन को अवैध चर्च में धार्मिक किताबें और भड़काऊ पर्चे, प्रार्थना किताब एवं डायरियां मिली हैं। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मौके के वीडियो बनाए। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## रक्षा खरीद के लिए नए ढांचे को मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के लिए खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, सरल और युक्तिसंगत बनाने के लिए एक नए ढांचे को मंजूरी दी है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि रक्षा खरीद नियमावली (डीपीएम) 2025 का उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता को बढ़ावा देना और राजस्व खरीद के लिए त्वरित निर्णय प्रक्रिया के माध्यम से सैन्य तैयारियों के उच्चतम स्तर को बनाए रखने में मदद करना है।

# शाहजहांपुर में बच्ची को जिंदा दफनाया

संवाददाता, जैतीपुर (शाहजहांपुर)

- ग्रामीणों की सूझबूझ से बची मासूम की जान, हालत गंभीर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। किसी ने एक सप्ताह की बच्ची को मिट्टी में दबाकर मरने के लिए छोड़ दिया लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता से उसकी जान बच गई।

रविवार सुबह करीब 9 बजे गौहावर मढ़ी के सामने भुड़िया मार्ग पर नदी किनारे मिट्टी में दबी एक नवजात बच्ची रोते मिली। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बच्ची को मिट्टी से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।



गौहावर निवासी डब्लू सुबह टहलने के लिए निकले थे। तभी उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। पास गए तो मिट्टी में दबा एक नवजात शिशु दिखाई दिया, एक हाथ मिट्टी से बाहर दिख रहा था। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण जुट गए। सूचना पर पुलिस पहुंची। एसआई इतेश तोमर ने मिट्टी खोदकर बच्ची को बाहर निकाला। बच्ची कराह रही थी, उसका एक हाथ जख्मी था। जंगली जानवरों ने पंजा नोच लिया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्टॉफ नर्स प्रज्ञा सिंह ने बताया बच्ची करीब एक सप्ताह की है, उसका नाल कटा हुआ है। बच्ची ने नए कपड़े पहने हुए थे और माथे पर टीका भी लगा था। थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी है।

# जयपुर में भीषण कार हादसे में खत्म हो गए दो परिवार

जयपुर, एजेंसी

- पानी से भरे अंडरपास में गिरी कार, सात लोगों की मौत
- हरिद्वार में रिश्तेदार की अस्थियां विसर्जित कर लौट रहे थे

जयपुर में शनिवार देर रात एक कार अनियंत्रित होकर रिंग रोड से नीचे पानी से भरे अंडरपास में गिर गई। हादसे में कार में सवार दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मारे गए लोग दो परिवारों के सदस्य हैं।

यह दुर्घटना शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में प्रह्लादपुरा के पास हुई। एक तेज रफ्तार कार रिंग रोड से लगभग 16 फुट नीचे अंडरपास में गिरी जिसमें पानी भरा हुआ था। रविवार दोपहर सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार टैक्सी चालक रामराज, कालूराम और उनके परिवार के सदस्य एक रिश्तेदार की अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार गए थे और जयपुर लौट रहे थे।

शिवदासपुरा के थानाधिकार सुरेंद्र सैनी ने कहा कि मृतकों की पहचान वाटिका सांगानेर निवासी रामराज वैष्णव, उनकी पत्नी मधु, उनके बेटे रुद्र के रूप में हुई है। इसके अलावा रामराज के रिश्तेदार कालूराम, कालूराम की पत्नी सीमा, उनके बेटे रोहित और गजराज की भी हादसे में मौत हो गई जो केकड़ी अजमेर के रहने वाले थे।

## दो फर्जी कॉल सेंटरों का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने महाराष्ट्र के नासिक में दो अवैध कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ किया है जो स्वगन बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से चलाए जा रहे थे।

सीबीआई के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 11 सितंबर को चार व्यक्तियों और कुछ अज्ञात सरकारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी कि नामजद लोग नासिक में स्वगन बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से दो अवैध कॉल सेंटर चला रहे हैं और ब्रिटिश नागरिकों से बीमा एजेंट या सरकारी अधिकारी बन कर ठगी कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि इन अवैध सेंटरों को चलाने वाले आरोपियों की पहचान गणेश और श्याम कामनकर के रूप में हुई है।

**ब्रह्मांड के रहस्य** | नए चांद को वैज्ञानिकों ने दिया है क्वासी-मून 2025 पीएन 7 नाम

# पृथ्वी का एक और नन्हा चन्द्रमा, 6 दशक से कर रहा परिक्रमा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने पृथ्वी का एक और नया चन्द्रमा खोज निकाला है। यह बहुत ही छोटे आकार का नन्हा चांद है। इसको क्वासी-मून 2025 पीएन7 नाम दिया गया है। हवाई स्थित पैन स्टार्स ऑब्जर्वेटरी ने इसकी वास्तविकता का पता लगाया है, जो पिछले करीब 60 साल से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है।

ब्रह्मांड के रहस्य भी अजूबे हैं, अनंत गहराइयों में न जाने कब कोई हैरत में डाल देना वाला रहस्य सामने आ जाए, इसके बारे में कहा नहीं जा सकता है। अब ऐसा ही एक नया रहस्य चांद के रूप में हमारे सामने आया है। खगोलविदों के अनुसार, यह पृथ्वी का अस्थायी चंद्रमा है, जो पिछले लगभग 60 वर्षों से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है। इसका आकार अर्ध चंद्रमा की तरह है। अमेरिका के पैन स्टार्स ऑब्जर्वेटरी के वैज्ञानिकों के अनुसार, यह चंद्रमा छिपकर पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा था। यह अर्ध चंद्रमा की तरह हैं जिसकी चमक इतनी फीकी है कि इसे देख पाना भी आसान नहीं है। इसका परिमाण यानी चमक 26 आंकी गई है जिसे शक्तिशाली दूरबीन की मदद से ही देखा जा सकता है। इसका आकार भी बहुत छोटा है, जो मात्र 19 मीटर (62 फीट) व्यास का है।



### निकट भविष्य में इसके कुछ और रहस्य होंगे उजागर

दरअसल यह एक क्षुद्रग्रह है, जिसकी अपनी कक्षा है और करीब छह दशक से अपनी ऑर्बिट में रहकर पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है और भविष्य में भी कुछ वर्ष पृथ्वी की परिक्रमा करता रहेगा जिस कारण इसे पृथ्वी का दूसरा चंद्रमा कहा जा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इसे देखने की हसरत हर किसी को होगी, लेकिन इसे देखने के लिए अधिक शक्तिशाली दूरबीन की मदद लेनी होगी। बहरहाल इसके बारे में अध्ययन जारी हैं। निकट भविष्य इसके कुछ और रहस्य उजागर होंगे।

### रोमांचक है नए चंद्रमा की खोज

**नैनीताल।** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार, जैसे-जैसे तकनीक विकसित होती जा रही है, तो ब्रह्मांड की नई-नई जानकारियां भी उजागर होती जा रही हैं। नया चांद क्वासी मून 2025 पीएन7 इसका ताजा उदाहरण है, जो रोमांचक खोज है और भविष्य में इस तरह की रोचक जानकारियां सामने आती रहेंगी।

# जनप्रतिनिधियों की चिट्ठियों को नजरअंदाज करने वाले अफसर नपेंगे

## तमाम निर्देश और पत्राचार के बावजूद लापरवाही पर मुख्यमंत्री योगी सख्त, अफसर-कर्मियों को शासन ने दिया अल्टीमेटम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की चिट्ठियों पर सुस्त प्रतिक्रिया देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने आदेश जारी कर सभी विभागों को चेताया है कि जनप्रतिनिधियों के पत्राचार पर समयबद्ध कार्रवाई न करने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

यह निर्देश उन जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से चली आ रही नाराजगी का परिणाम है, जो 'चिट्ठी लिखो, भूल जाओ' संस्कृति से परेशान थे। अब प्रशासनिक अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की बात को प्राथमिकता देनी ही होगी। हर पत्र का जवाब देना अनिवार्य होगा, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित होगी। शिथिलता के लिए सीधे अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे।

संसदीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव जेपी सिंह ने सभी विभागों के प्रमुख सचिवों व विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। सभी विभागों और जिलों में अब जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टर अनिवार्य होगा। प्रत्येक पत्र को रजिस्टर में दर्ज करना और उसकी पावती संबंधित जनप्रतिनिधि को भेजना जरूरी होगा। तय समय-सीमा में कार्रवाई कर सांसद/विधायक को प्रगति से अवगत कराना अनिवार्य किया गया है।

शासनादेश 3 अप्रैल 2018, 21 जनवरी 2021, 7 अप्रैल 2025 और 26 अप्रैल 2025 को पुनः प्रभावी मानते हुए सख्त अनुपालन का निर्देश दिया गया है।

### शीतकालीन सत्र में भी उठा था मुद्दा

हाल ही में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायकों ने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संदेश देते हुए कहा था कि किसी भी विधायक, सांसद या अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा भेजे गए पत्र की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद सभी विभागों में नीचे से लेकर सचिवालय तक जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टर बनाए गए, लेकिन लापरवाही की प्रवृत्ति जारी रही।

### मुख्यमंत्री कर सकते हैं हर माह समीक्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं इस मामले की नियमित समीक्षा करने के संकेत दिए हैं। प्रत्येक माह जिलों से जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों की समीक्षा की जाएगी। देखा जाएगा कि किन पत्रों पर समय से कार्रवाई हुई और किन पर टालमटोल की गई। ऐसे मामलों में दोषी अफसरों के खिलाफ निलंबन, प्रतिकूल प्रविष्टि जैसी सख्त कार्रवाई संभव है।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर 17 से चलेगा अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान में सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। उप मुख्यमंत्री रविवार को सभी जिला अधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उन्होंने बताया कि अभियान में प्रदेश की सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर और जिला स्तरीय अस्पतालों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 22 डॉक्टरों को मिलेगा पुरानी पेंशन का लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 28 मार्च 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों के सापेक्ष राज्य कर्मचारी बीमा अस्पतालों में ज्वाइन करने वाले 22 चिकित्सकों को पुरानी पेंशन मिलेगी। शासन द्वारा सभी चिकित्सकों के नाम की सूची के साथ संबन्धित निर्देश जारी कर दिए हैं। श्रम विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.एम के शनमुगा सुंदरम द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उप्र. रिटायरमेंट बेनीफिट्स रूल्स 1961 के प्रविधान, और कर्मचारी राज्य बीमा योजना, कानपुर के पत्र अंतर्गत चिकित्सकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित किया गया है। इनमें से कई ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्त ले ली हैं, उन्हें भी पुरानी पेंशन का लाभ देय होगा, इसके अलावा जो कार्यरत हैं उन्हें नियमानुसार लाभ मिलेगा।

### स्वच्छ उत्सव मनाएगा वन विभाग

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में सेवा पर्व के दौरान स्वच्छ उत्सव मनाने की तैयारी वन विभाग ने भी कर रखी है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पर्व में वन विभाग स्वच्छता, सिंगल यूज प्लास्टिक के विरोध समेत पक्षी अभयारण्यों में खर-पतवारों की सफाई करने जैसे अभियानों को अंजाम देगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण आदि विषयों पर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

### अंग्रेजी पर निर्भरता कम की थी : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सभी को हिन्दी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अंग्रेजी पर निर्भरता कम की। प्रचार, प्रसार और सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा दिया। पहले पीसीएस परीक्षायें अंग्रेजी में होती थी। सपा सरकार ने हिन्दी भाषा में भी पीसीएस परीक्षा देने का प्रावधान किया था। हिन्दी के साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। सपा प्रमुख, रविवार को पार्टी मुख्यालय में हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे, इस मौके पर उन्होंने पूर्व सांसद एवं प्रख्यात कवि उदय प्रताप सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



पूर्व सांसद एवं प्रख्यात कवि उदय प्रताप सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

# भगोड़े कैदियों को वापस नेपाल भेजेगी यूपी सरकार

## बॉर्डर से सटे जिलों से गिरफ्तार हुए हैं जेल से भागे कैदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पकड़े गए कैदियों को लेकर गाइडलाइन जारी की

**अमृत विचार :** नेपाल हिंसा का फायदा उठाकर वहां की जेलों से फरार हुए कैदियों को यूपी सरकार वापस भेजेगी। इन कैदियों को प्रदेश के सुरक्षा तंत्र ने नेपाल सीमा पर दबोचा था। नेपाल के भगोड़े कैदी उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड के बॉर्डर से सटे जिलों से गिरफ्तार हुए हैं। ये ऐसे कैदी हैं, जो मादक पदार्थों की तस्करी सहित विभिन्न अपराधों में वहां की जेलों में बंद थे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पकड़े गए इन कैदियों को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। स्पष्ट किया गया है कि ऐसे कैदियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और इन्हें बॉर्डर से ही वापस नेपाल भेज दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में निगरानी के दौरान एसएसबी और पुलिस ने करीब एक दर्जन ऐसे कैदियों को गिरफ्तार किया है, जो नेपाल की जेल में बंद थे और उन पर कई संगीन मामले नेपाल में दर्ज हैं।

ऐसे कैदियों को प्रदेश में प्रवेश देना है या नहीं, अगर देना है तो इन्हें इनके घर जाने दिया जाए या कहीं और भेजा जाए, इसको लेकर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से गाइडलाइन मांगी थी। इंटेलिजेंस ब्यूरो के सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पकड़े गए इन कैदियों को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। इन कैदियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और इन्हें बॉर्डर से ही वापस नेपाल भेज दिया जाएगा। गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड सरकारों को इस संबंध में स्पष्ट सूचना भेज दी है।

### सीमा पर हालात सामान्य की ओर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश-नेपाल सीमा पर हालात सामान्य होने लगे हैं। बॉर्डर खोल दिया गया है, जिससे दोनों तरफ के नागरिकों व मालवाहक वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। सख्त जांच के बाद ही सभी को आगे भेजा जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। इस बीच सीमा पर लगी ट्रकों की कतार भी लगभग समाप्त हो गई। नेपाल में उपद्रव और बॉर्डर सील होने के कारण व्यापारिक गतिविधियां पांच दिन तक ठप रहीं। फिलहाल आवागमन शुरू होने से बॉर्डर पर रौनक लौटी नजर आ रही है।



एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान क्रिकेट मैच के खिलाफ लखनऊ में बीसीसीआई का पुतला फूंकने से भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के सदस्यों को रोकती पुलिस टीम।

# सेवा पखवाड़ा में दिखेगा विकसित भारत का रंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी जिलों में चित्रकला प्रतियोगिताएं, मिलेगा नकद ईनाम

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार सेवा पखवाड़ा में 'विकसित भारत' का रंग भरने जा रही है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी जिलों में चित्रकला प्रतियोगिताएं होंगी। संस्कृति विभाग ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश भेजते हुए राज्य स्तर पर नकद पुरस्कार देने की घोषणा भी की है।

संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी आदेश किया गया है। प्रतियोगिता में चयनित चित्रों को राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ भेजा जाएगा। वहां से चुनी गई पेंटिंग्स की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर लगाई जाएगी।

**पुरस्कार की राशि (प्रत्येक वर्ग में) :** प्रथम पुरस्कार : 51,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार : 21,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार: 11,000 रुपये।

### लखनऊ के जीपीओ पार्क से शुरुआत

17 सितंबर को सूचना विभाग द्वारा लखनऊ के जीपीओ पार्क में एक भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जबकि 18 सितंबर से सभी जिलों में स्थानीय सूचना अधिकारियों के जरिए प्रदर्शनियां कराई जाएंगी। निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रमों की रिपोर्ट ईमेल पर भेजी जाए।

# यूपी की जनता चाहती है रोजगारोन्मुखी शिक्षा

## विकसित यूपी 2047 : कानपुर देहात, जौनपुर व प्रतापगढ़ से सर्वाधिक फीडबैक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अबतक करीब डेढ़ लाख फीडबैक में सबसे अधिक ग्रामीणों के सुझाव

**अमृत विचार :** योगी सरकार द्वारा संचालित ''समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047'' अभियान निरंतर जनभागीदारी और सुझावों के साथ आगे बढ़ रहा है। यूपी में ग्रामीण जनता की पहली मांग कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी शिक्षा है। रविवार तक मिले कुल डेढ़ लाख सुझाव में सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र से एक लाख से अधिक रहे। 75 जिलों में कानपुर देहात, जौनपुर व प्रतापगढ़ से सुझाव सबसे अधिक दर्ज हुए हैं।

रविवार तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संगठनों, मीडिया और आम जनमानस से संवाद किया। कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, जौनपुर, बलरामपुर, प्रतापगढ़ और फिरोजाबाद जैसे जनपदों से सबसे अधिक भागीदारी रही। इन जिलों से कुल 53,996 से अधिक फीडबैक प्राप्त हुए, जो दर्शाता है कि जनता इस अभियान को गंभीरता से ले रही है।

### शिक्षा क्षेत्र पर सबसे अधिक राय

जनता के बीच शिक्षा अब भी सबसे बड़ा मुद्दा है। करीब 50 हजार सुझाव शिक्षा से जुड़े मिले। इसके अलावा नगरीय एवं ग्रामीण विकास से जुड़े करीब 25 हजार, स्वास्थ्य पर 15 हजार से अधिक, समाज कल्याण पर करीब 15 हजार और कृषि क्षेत्र से संबंधित 20 हजार से अधिक सुझाव दर्ज किए गए।

### शहरियों ने महंगी निजी शिक्षा पर जताई चिंता

अरुण कुमार द्विवेदी, दीपाली और वैशाली रैना सहित कई प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिया कि शिक्षा को कौशल विकास के साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है। छात्रों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्कूल पाठ्यक्रम में व्यावसायिक विषयों को शामिल करने और ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से मुफ्त कौशल विकास कोर्स उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में निजी शिक्षा की बढ़ती लागत से निपटने के लिए सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता और संसाधनों को बेहतर बनाने की आवश्यकता भी बताई गई।

### मुख्यमंत्री ने की बढ़ चढ़कर सुझाव देने की अपील



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने संदेश में आमजन से 'विकसित भारत' के स्वप्न को साकार करने हेतु 'विकसित उत्तर प्रदेश' के लिए अपने सुझाव QR code अथवा https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पोर्टल के माध्यम से बढ़-चढ़कर देने की अपील की है। योगी ने कहा कि ''विकसित उत्तर प्रदेश 2047'' के लक्ष्य की प्राप्ति को आपके अमूल्य सुझाव हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आप सभी के सुझाव 'समर्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना की पूर्णता में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

# सिनर्जी सिद्धांत पर कार्य करे मीडिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय सचिव ने लखनऊ में बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने मीडिया इकाइयों को सिनर्जी के सिद्धांत पर काम करने की सलाह दी है। अपनी सलाह को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की सभी मीडिया इकाइयां मिलकर कार्य करें, जिससे सरकार द्वारा जन कल्याण के लिये किये जा रहे विभिन्न कार्यों से आम जनता को अवगत कराया जा सके। केंद्रीय सचिव ने कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी को अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए उसमें नवाचार को लाने की आवश्यकता है।

संजय जाजू ने शनिवार को लखनऊ में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीनस्थ मीडिया इकाइयों के साथ समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में पत्र सूचना कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। केंद्रीय सचिव ने मीडिया इकाइयों द्वारा किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया तथा विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी हासिल की।



अपने लखनऊ दौरे के दौरान केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू।

# लंपी ग्रस्त मृत गोवंश का डेथ आडिट कराया जाए : शाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वर्तमान में पशुओं में फैले लंपी रोग से बचाव को लेकर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मृत गोवंश का डेथ आडिट कर मृत्यु का सही कारण ज्ञात किया जाए। साथ ही कहा कि सभी मंडलीय अपर निदेशक ग्रेड- दो, मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करें।

कृषि मंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक रहे थे। बैठक में उन्होंने कहा कि कोई भी जिला इस रोग से पूर्णतया प्रभावित नहीं है, कहीं-कहीं कुछ केस मिले हैं, जिन्हें प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा रहा है। इससे पशुपालक किसानों को पशुधन हानि से बचाया जा सके। अत्यधिक प्रभावित जिलों को लेकर कृषि मंत्री ने बताया कि देवरिया में एक संयुक्त निदेशक तथा 16 पशु चिकित्सकों की अतिरिक्त टीम बनाकर टीकाकरण एवं इलाज के लिए 7 सितंबर को भेजी गयी। कुशीनगर में भी एक संयुक्त निदेशक और 6 पशु चिकित्सकों की टीम भेजी गयी।

प्रमुख सचिव पशुधन अमित कुमार घोष ने बताया कि वर्तमान में इस रोग से चंदौली, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर सिद्धार्थनगर, बस्ती, मऊ, संतकबीरनगर और महराजगंज के गोवंश प्रभावित हैं।

# एक निजी आयुर्वेदिक कॉलेज प्रतिबंधित आयुष काउंसिलिंग में बचीं 8,428 सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी आयुष यूजी-2025 की प्रथम चरण की काउंसिलिंग जारी

**अमृत विचार :** प्रदेश में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी मेडिकल कालेजों में कुल 8,485 सीटों पर दाखिले के लिए चल रही पहले चरण की काउंसिलिंग में अलीगढ़ स्थित 57 सीट वाले मंगलायतन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर को आयुष मंत्रालय के निर्देश पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिसके बाद आयुष काउंसिलिंग में कुल 8,428 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे।

यूपी आयुष यूजी काउंसिलिंग के सचिव एवं होम्योपैथी निदेशक डॉ.प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आयुर्वेद में आठ सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बीएएमएस की कुल 502 सीट और निजी क्षेत्र के 81 कॉलेजों की 6151 सीट यानी कुल 6653 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे। इसी प्रकार होम्योपैथी में नौ सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बीएचएमएस की 755 सीटें और निजी क्षेत्र के चार मेडिकल कॉलेजों की 330 सीटें यानी कुल 1085 सीटों पर दाखिले लिए जायेंगे। इसके अलावा दो सरकारी यूनानी कॉलेजों में बीयूएमएस की 128 सीटें और निजी क्षेत्र के 10 कॉलेजों की 562 सीटें यानी 690 सीटों पर दाखिले होंगे। डॉ.प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि काउंसिलिंग में 17 सितंबर तक पंजीकरण के साथ धरोहर राशि जमा करायी जाएगी, इसी दौरान प्रपत्रों की जांच करते हुए, 19 सितंबर को मेरिट सूची जारी कर दी जाएगी, तत्पश्चात 24 सितंबर तक अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी और 25 सितंबर को सीट आवंटन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। अगले दिन 26 सितंबर से 7 अक्टूबर 2025 तक नोडल सेंटर पर मूल प्रपत्र जमा कर 9 अक्टूबर तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

**बढ़ते कदम** विकसित यूपी @2047 का विजन देगा टेक्नोलॉजी और युवाओं के सपनों को पंख

# वैश्विक क्षमता केंद्रों से सृजित होंगे लाखों रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश अब केवल एक कृषि प्रधान राज्य नहीं, बल्कि एक वैश्विक तकनीकी और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यूपी @2047 विजन के तहत अब ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (वैश्विक क्षमता केंद्र) और आईटी हब को राज्य की आर्थिक धमनियों के रूप में विकसित किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार की रणनीति है कि लखनऊ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और कानपुर को वैश्विक आईटी और



टेक्नोलॉजी निवेश के लिए तैयार किया जाए। विशेष रूप से एआई, बॉयोटेक्नोलॉजी, ग्रीन एनर्जी और एग्रीटेक सेक्टरों को फोकस में रखते हुए लाखों युवाओं के लिए उच्च वेतन वाली नौकरियों के रास्ते खोले जा रहे हैं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अगले दो वर्षों में केवल ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के जरिए एक लाख से अधिक नौकरियां मिलने की संभावना है, जिनका वेतनमान 50 हजार से 1.5 लाख रुपये मासिक तक होगा। यह प्रदेश के तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं को अपने प्रदेश में ही वैश्विक स्तर की नौकरी दिलाने की दिशा में बड़ा कदम है।

### उद्योग और स्टार्टअप्स को मिलेगा संबल

ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और टेक कंपनियों को आमंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, इंफोसिस और टीसीएस जैसी कंपनियों से वार्ता की जा रही है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा को नॉलेज व इनोवेशन क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां डाटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, हेल्थटेक और फिनटेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा।

### क्यों भा रहा यूपी

यूपी में विशाल मानव संसाधन का भंडार, मेट्रो, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट से बढ़ती कनेक्टिविटी, निवेश अनुकूल नीति और सस्ती भूमि, मुख्यमंत्री की व्यक्तिगत निगरानी, स्किल डेवलपमेंट का व्यापक कार्यक्रम

# युवाओं के पास करोड़पति बनने का मौका

## यूपी अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में युवा उद्यमियों को मिलेगा मंच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एमएसएमई विभाग युवा उद्यमियों को चिह्नित कर बीटूबी बैठकों में करेगा शामिल

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्स्पो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में प्रदेश के युवा उद्यमियों को भी करोड़पति बनने का मौका मिलेगा। उन्हें बिजनेस टू बिजनेस बैठकों और गोलमेज सम्मेलनों में देशी-विदेशी निवेशकों के साथ शामिल होने का अवसर मिलेगा। वे अपने उत्पाद प्रदर्शित कर आर्डर और निवेश हासिल कर सकते हैं।




यूपीआईटीएस-2025 सिर्फ एक व्यापार मेला नहीं, बल्कि 'स्टार्टअप से सक्सेस' की यात्रा का मंच बन रहा है। यह मेला उन युवाओं के सपनों को पंख देगा, जो अपने गांव, कस्बे या शहर से निकलकर दुनिया में पहचान बनाना चाहते हैं। सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के तहत सफल उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका देने जा रही है। युवा उद्यमी अभियान योजना में अभी तक दो लाख से अधिक युवाओं ने आवेदन किया है, इनमें से 84,426 युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए सरकार ने विभिन्न बैंकों द्वारा 3,431 करोड़ रुपये का ऋण भी वितरित कर दिया गया है। इनमें 60,005 युवक व 24,421 युवतियां शामिल हैं। ऋण लेने वालों में सेवा क्षेत्र के सर्वाधिक 53,045 व उत्पादन क्षेत्र से संबंधित 31,383 युवा शामिल हैं।

### एमएसएमई विभाग कर रहा चयन

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग द्वारा ऐसे सफल युवा उद्यमियों को चिह्नित किया जा रहा है जिनके उत्पाद नवाचार से भरपूर हैं और जिनमें वैश्विक प्रतिस्पर्धा की क्षमता है। इन उद्यमियों को व्यापार मेले में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के सामने लाइव डेमो और प्रेजेंटेशन का मौका मिलेगा।

### नवाचार को मिलेगा अवसर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के होनहार युवा उद्यमियों के उद्यमशील विचारों और उत्पाद नवाचारों को अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के सामने प्रस्तुत किया जाए, ताकि उन्हें निर्यात और वैश्विक साझेदारी के अवसर प्राप्त हो सकें।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# यूपी ग्रामीण खेल लीग हुआ अब सांसद व विधायक खेल स्पर्धा

अमृत विचार EXCLUSIVE

- युवा कल्याण विभाग की ओर से हर साल ब्लॉक व जिला स्तर पर कराई जातीं प्रतियोगिताएं
- विधायक खेल स्पर्धा 21 सितंबर से व सांसद खेल स्पर्धा 01 नवंबर से आयोजित होगी

अजय मिश्र, कन्नौज

**अमृत विचार।** खेल विभाग व युवा कल्याण विभाग की ओर से हर साल उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती हैं। अब इनका नाम बदलकर सांसद खेल स्पर्धा व विधायक खेल स्पर्धा कर दिया गया है। इसी के तहत अब 8 विधाओं में खेलकूद कराए जाएंगे।

जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी संतोष कुमार ने बताया महानिदेशक चैत्रा वी. ने इसको लेकर पत्र जारी किया है। खेल प्रतियोगिताओं में सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग की विकास खंड, जनपद, जोन व राज्य स्तर की शामिल हैं। खेल विधाओं में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जूडो व बैडमिंटन बालिका व बालक वर्ग में आयोजन होता है। अब शासनादेश में संशोधन कर दिया गया है। संसदीय क्षेत्र स्तर पर माननीय सांसद खेल स्पर्धा व विधानसभा क्षेत्र में माननीय विधायक खेल स्पर्धा के जरिए युवाओं को खेल में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। विधायक खेल स्पर्धा 21 सितंबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगी।

सांसद खेल स्पर्धा के लिए 01 नवंबर से 25 दिसंबर तक प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें जनपद स्तरीय टीम के लिए ट्रॉयल भी होगा। इच्छुक लोग ऑनलाइन पंजीकरण कराएंगे। पूर्व में आयोजित की जाने वाली विकास खंड स्तर की ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के स्थान पर अब विधानसभा क्षेत्र स्तर पर माननीय विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन कराया जाएगा। संसदीय क्षेत्र स्तर पर माननीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन होगा।

### खिलाड़ी यहां करेंगे पंजीकरण

- खिलाड़ियों का पंजीकरण अब ऑनलाइन युवा साथी पोर्टल पर होगा। इसके लिए वेबसाइट http://yuvasathi.in पर दिए गए विकल्पों के तहत रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। खेल स्पर्धा के लिए विधानसभा वार बजट आवंटन होगा। अतिरिक्त धनराशि की जरूरत पड़ने पर डीएम से जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति एवं तहसील खेल विकास प्रोत्साहन समिति से धनराशि लेने के लिए अनुरोध किया जाएगा। जो खिलाड़ी विधायक खेल स्पर्धा में विजेता बनेंगे उनको सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग कराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी जिला युवा कल्याण अधिकारी को दी गई है। टीम या व्यक्तिगत स्पर्धा के खिलाड़ियों की सूची बनेगी। इसके लिए समिति गठित होगी जिसमें मंडलीय उपनिदेशक अध्यक्ष, जिला युवा कल्याण अधिकारी, व्यायाम प्रशिक्षक, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी व डीआईओएस से नामित दो खेल शिक्षक सदस्य रहेंगे। इसके बाद जोन स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कराई जाएगी।

### सांसद खेल स्पर्धा की कमेटी में यह लोग रहेंगे शामिल

- सांसद खेल स्पर्धा के आयोजन को कमेटी गठित होगी। इसमें डीएम/सीडीओ अध्यक्ष, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी/ क्रीड़ाधिकारी सदस्य सचिव, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल अधिकारी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, डीआईओएस, बीएसए सदस्य रहेंगे।

### एमएलए के साथ मंथन जरूरी

- एमएलए यानि विधायक से अनिवार्य रूप से संपर्क कर प्रतियोगिता के लिए विकास खंड का चयन होगा। सबसे बड़े ब्लॉक को आयोजन के लिए चयनित करने का प्रयास रहेगा। 08 खेल विधाएं खिलाड़ियों की उपलब्धता के तहत आयोजित होंगी। व्यक्तिगत स्पर्धा में एथलेटिक्स विधा में अनिवार्य रूप से कम से कम 04 अन्य खेल विधाओं में खेल प्रतियोगिता होगी।

### स्पर्धा में बड़ी तहसील के एसडीएम होंगे अध्यक्ष

- विधानसभा क्षेत्र की खेल प्रतियोगिता में आने वाली बड़ी तहसील के एसडीएम अध्यक्ष, सबसे बड़े विकास खंड के बीडीओ उपाध्यक्ष, संबंधित सभी ब्लॉकों के एडीओ पंचायत सदस्य, सबसे बड़े विकास खंड के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सदस्य सचिव, विधानसभा क्षेत्र के सभी बीईओ व विधानसभा क्षेत्र के सभी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सदस्य रहेंगे।

## पत्नी ने साथ जाने से मना किया तो एचटी लाइन पर चढ़ा युवक

**सौरिख।** पत्नी ने साथ जाने से मना कर दिया जिससे नाराज युवक हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ़ गया। पुलिस ने कई घंटे प्रयास करने के बाद युवक को नीचे उतार लिया।

आगरा के मोहल्ला सेवला जाट निवासी राहुल कुमार की शादी इसी वर्ष सकरावा थाना क्षेत्र के गांव दौलताबाद निवासी रामवीर की पुत्री सुमित से हुई थी। शनिवार राहुल पत्नी को लेने ससुराल आया था। लेकिन पत्नी ने मना कर दिया। साथ ही दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। इस पर बौखलाया राहुल सौरिख नादेमऊ रोड के किनारे निर्माणाधीन हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ़ गया। जानकारी पर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक को नीचे उतार लिया । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्र हर्षित का नवोदय में चयन होने पर हर्ष

**सौरिख।** कस्बे के एक छात्र का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर्षित यादव पुत्र आदर्श यादव आर.पी. मेमोरियल स्कूल में पढ़ता है। स्कूल स्टाफ की मेहनत व अपनी लगन से उसका चयन नवोदय में हो गया। प्रबंधन ने छात्र व परिजनों का स्कूल में फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर खुशी जताई। प्रिंसिपल विवेक कुमार ने बताया कि इससे पहले भी स्कूल के तीन बच्चों सनी निवासी नगला वीरभान, अंशिता निवासी सौरिख, सुरजीत निवासी सौरिख का चयन हो चुका है। हर्षित ने कहा लगातार मेहनत से सफलता मिलती है।

### युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम बागपुर्वा निवासी राकेश पुत्र लालाराम ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि नल पर पानी भरने के विवाद को लेकर रविवार की दोपहर लगभग 02 बजे उसके गांव के दो लोगों ने गालीगलौज शुरू कर दी। मना करने उसे लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।

### घर में भैंस घुसने के विवाद में पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर में भैंस जाने का विरोध करने पर आरोपितों ने महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम भुड़हा निवासी पंकज पुत्र लंकुश ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि 12 सितंबर की शाम लगभग 04 बजे गांव के दो लोगों ने उसके घर में भैंस हांक दी। पत्नी अनीता ने मना किया तो उसके साथ गाली गलौज की और लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# फसलों के लिए पर्याप्त खाद विपक्ष फैला रहा अफवाह

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा, सपा की अपेक्षा योगी सरकार ने डेढ़ गुना आपूर्ति की

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि फसलों के लिए जरूरत से ज्यादा खाद उपलब्ध है। विपक्ष उर्वरक की कमी को लेकर अफवाह फैला रहा है। योगी सरकार ने सपा सरकार की अपेक्षा डेढ़ गुना खाद की आपूर्ति की है। यह बात मंत्री ने रविवार को उमर्दा के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल में आयोजित किसान गोष्ठी में कही।

सूबे के मंत्री ने कहा कि विपक्ष किसानों को गुमराह करने में लगा है। खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला प्रशासन को कड़े निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री ने किसानों से संवाद किया और कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। मौजूदा समय में दाल व पाम ऑयल की खपत पूरी करने के लिए हमें विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में किसान केवल धान, गेहूं, मक्का और आलू तक सीमित न रहें बल्कि चना व सरसों जैसी फसलों की बोआई भी करें। शाही ने कहा कि यदि किसान कई तरह की फसलें उगाएंगे तो देश को विदेशों से खरीदारी की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए कहा कि उस दौरान विदेशों से गेहूं आयात होता था, जबकि वर्तमान में भारत गेहूं का निर्यातक देश बन चुका है। राज्य सरकार किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए चना व सरसों की खेती के लिए निशुल्क बीज उपलब्ध करा रही है।



सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजीटेबल में बैठक करते कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही।

- किसान केवल धान, गेहूं, मक्का और आलू तक सीमित न रहें बल्कि चना व सरसों की बोआई भी करें

### सपा ने 5 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाया था

- गोष्ठी के दौरान मंत्री ने पांच किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सपा शासन पर तंज कसते हुए कहा कि जो खुद को धरती पुत्र कहते थे, वे कभी किसानों के बीच समस्याएं सुनने नहीं गए। इतना ही नहीं, सपा सरकार ने खाद पर पांच प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया था, जिसे योगी सरकार ने खत्म कर किसानों को राहत दी।

### मंत्री ने किया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निरीक्षण

- मंत्री ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निरीक्षण भी किया। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से बात भी कही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, ब्लॉक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा, डीडी कृषि संतोष यादव, डीएचओ सीपी अवस्थी, नगर पंचायत अध्यक्ष तिर्वा के प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता व उदय नारायन मौजूद रहे।

## जातिसूचक गाली गलौज कर मारपीट तीन पर रिपोर्ट

**गुरसहायगंज।** विद्युत उपकेन्द्र मतौली में कार्यरत आउटसोर्सिंग सब स्टेशन इंचार्ज के साथ जाति सूचक गालीगलौज कर मारपीट की गई। इसके बाद धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम बदलेपुर्वा निवासी प्रदीप कुमार अहिवरन लाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह विद्युत उपकेन्द्र मतौली में आउटसोर्सिंग पर सब स्टेशन इंचार्ज है। 09 सितंबर की शाम लगभग 07.45 बजे विद्युत कटौती के दौरान ग्राम मतौली निवासी दीपक सिंह उपकेन्द्र पर आया और जाति सूचक गालीगलौज शुरू कर दी। इसके बाद 10 सितंबर को घर लौटते समय ग्राम मतौली निवासी देव सिंह, फैसल व ग्राम नदसिया निवासी शिवम उर्फ शिवा ने उसे सुबह करीब 10.30 बजे नहर के पास जबरन रोक लिया और जातिसूचक गाली देने लगे। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उसकी साइकिल को नहर से बाहर निकाला और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ग्रामीण क्षेत्र को चार घंटे ही मिल रही बिजली

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार का आदेश बिजली विभाग पर बेअसर साबित हो रहा है जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र को चार घंटे ही विद्युत सप्लाई हो रही है। इससे लोग परेशान हैं। खास यह कि अधिकारी फोन भी नहीं उठाते।

सौरिख उपकेंद्र से ठीक से आपूर्ति न मिलने से नादेमऊ फीडर, स्टेडियम फीडर तथा खड़नी फीडर से जुड़े सैकड़ों गांव में बिजली व्यवस्था चौपट हो रही है। ग्रामीणों का कहना है 24 घंटे में मात्र चार घंटे ही बिजली मिल रही है जिससे फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई है।

ग्रामीण जब बिजली अधिकारियों से बात करने का प्रयास करते हैं तो वह लोग फोन नहीं उठाते हैं वहीं बिजली घर पर तैनात कर्मचारी ओवरलोड की बात कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं। गुरुवार रात दो बजे 33 हजार वोल्ट लाइन का तार टूट गया। इसके बाद सुबह आठ बजे लाइन चालू की जा सकी। अवर अभियंता दिलीप शर्मा ने बताया कि ओवरलोड के चलते 33 हजार का तार टूट जाने के कारण सप्लाई बाधित हो गई थी। लाइन दुरुस्त करने के बाद सप्लाई काट काट कर देनी पड़ रही है।




- अधिकारी नहीं उठाते फोन, लोग होते परेशान

एक माह में 20 बार एचटी लाइन का तार टूटा। छह दशक पुरानी यह लाइन जो छिबरामऊ से सौरिख बिजली घर को जोड़ती है पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इसका पिछली वर्ष एस्टीमेट पास होकर तार भी मंगवाया जा चुका है लेकिन आज तक ठेकेदार लाइन बनने के लिए नहीं पहुंचा इसलिए आए दिन लाइन का तार टूट जाता है और खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। लोगों ने इस तार को बदलकर बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुधारे जाने की मांग की है।

## महिला पर हमले में आरोपियों की मोबाइल लोकेशन की ट्रेस

अमृत विचार Follow UP

- नादेमऊ से तालग्राम तक सीसीटीवी देखे, दो को लिया था हिरासत में

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** तीन दिन पहले छत पर सोते समय महिला का मुंह दबाकर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया। इसके बाद अब घटना में संलिप्तता को लेकर पुलिस ने उनकी मोबाइल लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया है। इससे पहले नादेमऊ से लेकर तालग्राम तक सीसीटीवी देखे थे।

बता दें कि तालग्राम थाना क्षेत्र के रन्नापुरवा गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र नवाब सिंह ने अपनी बड़ी पुत्री विनीता की शादी सौरिख थाना क्षेत्र के कस्बा नादेमऊ निवासी नंदलाल के पुत्र अनुज कुमार के साथ की थी। गुरुवार की रात बेटी पर जानलेवा हमले तथा उससे जेवर लूटे जाने के मामले में पिता राजेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही श्याम सिंह, रामा पुत्रगण जागेश्वर, अभिषेक पुत्र रामा पर आरोप लगाया था। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और नादेमउ व तालग्राम में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। आरोपियों के मोबाइल की लोकेशन घटना के समय कहां थी इसकी भी पड़ताल की गई है।

## डिवाइडर से टकराई कार, महिलाओं सहित चार घायल

**छिबरामऊ।** गुजरात से लकड़ी का व्यापार करने वाले व्यापारी और उनके तीन साथियों की अर्टिगा कार शनिवार रात छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुर चौकी अंतर्गत करमुल्लापुर के पास डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे में कोकराजहार (आसाम) निवासी सलमान अली, मंजिला खातून पत्नी जैनल, फोरिजा खातून पुत्री ज्योनल शेख और नूर अली पुत्र सबर अली गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

## कन्नौज, तालग्राम पुलिस ने 16 वारंटी किए गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- कन्नौज कोतवाली पुलिस ने आठ को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमृत विचार।** कन्नौज व तालग्राम पुलिस ने अभियान चलाकर कुल 16 वारंटी दबोचे हैं।

कन्नौज पुलिस ने विभिन्न मामलों में रामनाथ पुत्र रामप्रसाद नि. ग्राम उग्गापुर्वा मानीमऊ, राजेश कनौजिया पुत्र शिवहरि नि. नेरा, आदेश कुमार पुत्र राम सिंह कुशवाहा नि. ग्राम ददौरा खुर्द, महेश पुत्र सीताराम निवासी जलालपुर सरवन (कालीनपुरवा), चाँदबाबू पुत्र अख्तर खाँ निवासी सैय्यदपुर सकरी, यूनुस अली पुत्र रहमत अली निवासी शहजापुर, जनीश अली पुत्र रहमत अली निवासी शहजापुर तथा जसवन्त पुत्र सालिगराम निवासी रंगियन पुर्वा को गिरफ्तार किया। इन सभी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

इसी तरह तालग्राम पुलिस ने रामस्वरुप, महेन्द्रपाल, सत्यप्रकाश, संजू कंजड, राघवेन्द्र सिंह ग्राम भोजापुर तथा संजीव निवासी ग्राम निकवा को विभिन्न आपराधिक मामलों में वारंट होने से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सौरिख पुलिस ने भी एक वारंटी प्रवीन को गिरफ्तार किया है।

छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार विशुनगढ़ पुलिस ने वारंटी अभियुक्त ज्ञान प्रकाश पुत्र मंगूलाल निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना तिर्वा को गिरफ्तार किया है।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, 8 घायल

संवाददाता गुरसहायगंज

- दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट
- विवाद को लेकर गाली गलौज के बाद जमकर लाठी डंडे चले

**अमृत विचार।** दो पक्षों के बीच रास्ता के विवाद को लेकर गाली गलौज के बाद जमकर लाठी डंडे चले। इसमें दंपति सहित आठ लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम सरैया तेरारागी निवासी नबाव सिंह पुत्र रामनाथ ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 10 सितंबर की रात लगभग 09.30 बजे गांव के पप्पू उर्फ यदुवीर, धर्मेन्द्र, होमेन्द्र, मुन्नी देवी ने बिना वजह गालीगलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे व परिवार के सुशील कुमार, रामकिशोर, बेचेलाल को मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। दूसरे पक्ष से धर्मेन्द्र सिंह पुत्र रनवीर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 09 सितबंर की रात लगभग 07.30 बजे गांव के नबाव सिंह, वीरेन्द्र, बेचेलाल, सुशील कुमार ने रास्ते के विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे व उसकी मां मुन्नी देवी, पत्नी सुधा देवी को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परिवार के लोगों ने दंपति को मारपीट कर किया घायल

- **गुरसहायगंज, कन्नौज।** दंपति ने परिवार के लोगों पर बिना वजह गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी सनुपम पत्नी राजेन्द्र कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 12 सितंबर की रात लगभग 09 बजे परिवार के अरविंद, फूलमती, अंशू, नेहा उसके दरवाजे पर आए और बिना वजह गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर उसके पति राजेन्द्र को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आयोजन

विद्यालयों में हिन्दी दिवस पर हुए सांस्कृतिक आयोजन एवं सुलेख प्रतियोगिता

# हिन्दी हमारी मातृभाषा ही नहीं, हमारी संस्कृति व एकता की मजबूत कड़ी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** हिन्दी दिवस पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों व निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ, भाषण, निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

जिले के राधा देवी आदर्श संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय, गुरसहायगंज व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा आदि विद्यालयों में हिन्दी दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुलेख प्रतियोगिता में छात्राओं ने सुंदर हस्तलिपि और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्यों, आचार्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रों से अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने हिन्दी दिवस पर कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और राष्ट्र की एकता की मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा कि सुलेख प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां न केवल छात्रों में भाषा-प्रेम को बढ़ाती हैं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता और सृजनात्मकता के विकास में भी सहायक होती हैं।



निबंध व सुलेख प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं कॉपियां दिखाती हुईं। अमृत विचार

## जवाहर नवोदय में हिंदी पखवाड़ा शुरू

संवाददाता जलालाबाद

**अमृत विचार।** क्षेत्र के अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा (14 से 28 सितंबर) का उद्घाटन प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय ने मां सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और इसे सम्मान देने के साथ- साथ जीवन के हर क्षेत्र में इसका प्रयोग बढ़ाना आवश्यक है। मुख्य वक्ता कुंजनकुसुम द्विवेदी ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान है।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत हिंदी की गुणगान करती हुई कई कविताएं और हिंदी की विकास यात्रा पर आधारित प्रभावशाली भाषण ने सभी को भावविभोर कर दिया।

### ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में रंगारंग आयोजन

- **छिबरामऊ।** फर्रुखाबाद रोड स्थित गीतापुरम कॉलोनी के ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में छात्रों ने कविता पाठ, कहानी वाचन, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा ने प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी भाषा का ज्ञान भी आवश्यक है। जोर देकर कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान है और इसे संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। डायरेक्टर हिमांशु वर्मा ने कहा कि हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी को मातृभाषा और राजभाषा के रूप में सम्मान देना तथा बच्चों में भाषाई गर्व की भावना जागृत करना है। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने कहा कि हिंदी का सम्मान पूर्ण निष्ठा के साथ करना चाहिए और इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। कार्यक्रम में सब डायरेक्टर शिवम वर्मा, अर्पित दुबे, ऋचा दुबे, अंकित मिश्रा, जूली वर्मा, प्रीति, नेहा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## श्री रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**छिबरामऊ।** एक प्रतिष्ठान पर हुई रामलीला कमेटी की बैठक में कार्यक्रमों पर चर्चा के साथ ही नई कार्यकारिणी घोषित की गई और जिम्मेदारियां सौंपी गई।

तय किया गया कि इस बार भगवान शंकर व श्री राम की बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। 17 सितंबर बुधवार को 3 बजे रामलीला मैदान में धरती पूजन के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा ने कहा कि इस बार राम बारातमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से झांकियां मंगाई जाएंगी। आयोजक नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कमेटी के सभी पदाधिकारियों से राम काज में अभी से जुटने का आवाहन किया। महामंत्री कौशलेंद्र सिंह उर्फ श्यामू चौहान ने कहा 17 सितंबर को धरती पूजन, 19 सितंबर को भगवान शंकर की बारात, 28 सितंबर को श्री राम बारात और 3 अक्टूबर को विजय दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



अमृत विचार

कानपुर, सोमवार, 15 सितंबर 2025



न्यूज ब्रीफ

## जहानगंज में अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गांव नारायणपुर गढ़िया से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राकेश बाबू उर्फ मुन्नू गांव नारायणपुर गढ़िया गंगाइच का रहने वाला है। पुलिस ने मौके से चालू और बिना चालू हालत के 12 बोर के 4 तमंचे बरामद किए। इसके अलावा 11 तमंचा 315 बोर, 8 कारतूस 315 बोर और 8 खोखा कारतूस 315 बोर मिले। पुलिस को 5 खोखा कारतूस 32 बोर, 2 खोखा 12 बोर और 2 लोहे की आरी सहित शस्त्र बनाने के अन्य उपकरण भी मिले।

## सड़क हादसे में चार घायल, हालत गंभीर

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिससे सभी की हालत गंभीर है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी ग्रीशचंद्र (60) क्षेत्र के गांव दमदमा निवासी इमरान (38) इमरान की पत्नी फलिन (35) व इमरान का (3) वर्षीय पुत्र हसनैन घायल हो गए। वहीं आसपास मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने चारों की गंभीर हालत देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## काव्यकृति 'अतिक्रमण' का किया विमोचन

**फर्रुखाबाद।** हिंदी दिवस के अवसर पर डॉ. विजय कुशवाहा की ग्यारहवीं काव्यकृति 'अतिक्रमण' का विमोचन जनपद के ख्यातिलब्ध एडवोकेट चिंतक एवं साहित्यिक संस्था प्रबोधिका के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार और संस्कार भारती के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नवनीत गुप्ता व जनपद रेडक्रास सोसायटी की डॉ. ज्योति गुप्ता एवं डॉ. यश श्री गुप्ता के कर कमलों से संपन्न हुआ। दीक्षा हाउस में हुए इस नितांत साधारण कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहर सिंह गंगवार ने की।

## वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र के कस्बा तिराहा में शनिवार रात करीब 10 बजे एक दुर्घटना हुई। पेट्रोल पंप के निकट एक अज्ञात वाहन ने गोवंश को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

# बिना डॉक्टरों के लग रहे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले

### डीएम के मानीमऊ पीएचसी के निरीक्षण में सामने आई हकीकत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



पीएचसी मानीमऊ में हाजिरी रजिस्टर देखते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री।

**अमृत विचार।** गांव व कस्बे में सरकारी अस्पतालों में हर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला लगता है लेकिन सभी जगह डॉक्टर नहीं पहुंचते हैं। इसकी हकीकत तब सामने आई जब जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मानीमऊ का निरीक्षण किया। बताया गया कि डॉ. गुरसरन, डॉ. पियुषा पंकज तथा फार्मासिस्ट आलोक अनुपस्थित मिले।

डीएम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में कई कमियां एवं अव्यवस्थाएं मिलीं, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय चिकित्सालय में कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं थे। लैब टेक्नीशियन मीनू वर्मा और वार्ड आया रजनी मौके पर मौजूद रहीं। जिलाधिकारी ने ओपीडी पंजिका का अवलोकन किया, जिसमें 24 मरीजों का नाम दर्ज मिला। परिसर में चारो ओर गंदगी का अंबार था। 06 एम्बुलेंस निष्प्रयोज्य अवस्था में खड़ी मिलीं। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि अनुपस्थित डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

चिकित्सालय परिसर में नियमित साफ-सफाई कराई जाए ताकि मरीजों को बेहतर माहौल मिल सके। अनुपयोगी खड़ी एम्बुलेंस का निस्तारण कर व्यवस्था दुरुस्त की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला में शासन की मंशा अनुरूप गंभीरता व जिम्मेदारी से कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के 32 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मेला में कुल 1417 मरीजों ने अपना उपचार कराया। मेले समस्त विकास खंडों में भी लगे।

## सूर्य पूजन के साथ मानस सम्मेलन का शुभारंभ

**फर्रुखाबाद।** पांडेश्वरनाथ मंदिर के सत्संग भवन में रेलवे रोड पर नैमिष पांचाल घाट के स्वामी रामानंद सरस्वती एवं पंडितों ने वेदमन्त्रो के साथ सूर्य पूजन कर मानस सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्य यजमान विशेष पाठक, अनुराग सक्सेना, धर्मपत्नी शोभित सक्सेना सम्मेलन संयोजक डॉ रामबाबू पाठक, पं. रामेंद्रनाथ मिश्रा ने देवी-देवताओं का पूजन किया।

मानस संयोजक डॉ रामबाबू पाठक ने विगत 37 वर्षों से मानस का उद्देश्य लोककल्याण की कामना एवं पितर पक्ष में पितरों का तर्पण बताया। उन्होंने कहा कि सूर्य इस संसार में प्रत्यक्ष देवता हैं जो हम सबको जीवन दान करते हैं। जीव की मृत्यु के बाद प्राणी की आत्मा सूर्य में समा जाती है। उनके लिए तर्पण कथा का माध्यम है। वर्तमान समय में श्री मानस ग्रंथ ऐसा है जो जीवन जीने का आधार बताती है, सम्मेलन में आए हुए विद्वानों के विचारों को सुनने के लिए समय से आएं और उनके विचारों को सुनकर अपने जीवन को सफल बनाएं।

# नवरात्र इस बार खास, हाथी पर सवार हो आएंगी मां दुर्गा

संवाददाता छिबरामऊ



आचार्य पंडित अभय कुमार त्रिपाठी।

**अमृत विचार।** इस वर्ष शारदीय नवरात्र 22 सितंबर (सोमवार) से शुरू होकर 1 अक्टूबर को समाप्त होगी। आचार्य पं. अभय त्रिपाठी के अनुसार, मां दुर्गा इस बार हाथी पर सवार होकर आएंगी जो सुख, समृद्धि और शांति का प्रतीक है।

यह अच्छी बारिश, भरपूर फसल और किसानों की समृद्धि का संकेत देता है। नवरात्र 10 दिनों की होगी, जिसमें 2 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। माता का प्रस्थान मनुष्य के कंधे पर होगा, जो व्यापार वृद्धि और समृद्धि का सूचक है।आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि 21 सितंबर रात्रि 1:25 से शुरू होकर 22 सितंबर रात्रि 2:57 तक रहेगी। इस दौरान उत्तर फागुनी नक्षत्र का शुभ योग है। ग्रहों की स्थिति में मंगल तुला, सूर्य-बुध कन्या, शुक्र-केतु सिंह, चंद्रमा धनु, शनि मीन, गुरु मिथुन और राहु कुंभ राशि में रहेंगे। यह किसानों, व्यापारियों और मजदूर वर्ग के लिए शुभ समय होगा।

**पूजन का शुभ मुहूर्तः**

- 22 सितंबर को प्रातः 6:30-8:00 (अमृतवेला), 9:30-11:00 (शुभ), 12:06-12:55 (अभिजीत) में घट स्थापना श्रेष्ठ रहेगी।

**तिथि विवरणः**

- 22 सितंबर : प्रतिपदा, 23 सितंबर : द्वितीया, 24 सितंबर : तृतीया, 25 सितंबर : तृतीया (7:07 तक), चतुर्थी, 26 सितंबर : चतुर्थी, 27 सितंबर : पंचमी, 28 सितंबर : षष्ठी, 29 सितंबर : सप्तमी, 30 सितंबर : अष्टमी, 1 अक्टूबर : नवमी, 2 अक्टूबर : दशहरा

## सिलेंडर से लगी आग, गृहस्थी राख

**सौरिख।** खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से लगी आग गृहस्थी जलकर राख हो गई।

रविवार को बहादुरपुर मझगंवा निवासी भूरे बाथम पुत्र गेंदालाल के घर खाना बन रहा था। इस समय गैस सिलेंडर से आग लग गई जिससे घर में रखी गृहस्थी का सामान कपड़े, बर्तन, गेहूं के पैकेट पंखा, फ्रिज आदि जलकर राख हो गया। आग लगने की खबर से ग्रामीण इकट्ठा हो गए और पहले मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। उसके बाद हैंड पाइप से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया।

## ई-रिक्शा की टक्कर से युवक घायल

**गुरसहायगंज।** ग्राम प्रतापपुर निवासी राजकिशोर ने कहा है कि वह 06 सितंबर की शाम लगभग 04 बजे घर जा रहा था। तभी रिक्शा चालक ने उसके जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया था। जब उसने अपना इलाज कराने के लिए कहा तो उसने बहानेबाजी की और धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वायरल फीवर से बचाव को करें गर्म पानी का सेवन

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** बदलते मौसम में लोग वायरल फीवर सहित संक्रामक रोगों की चपेट में आ रहे है। इससे बचने के लिए गर्म पानी का सेवन करें और ठंडी चीजों से परहेज करें। यह सलाह डा. अजीत कुमार ने दी।

रविवार को नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें डा. अजीत ने 32 रोगियों को परीक्षण के बाद दवा दी। उन्होंने बताया कि मौसम में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। ऐसे में खानपान व रहन सहन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खुले में न सोएं। अधिक मात्रा में पानी पीयें। ठंडे पानी, कोल्डड्रिंक व आईसक्रीम आदि का सेवन न करें। सुबह व्यायाम करें।

गर्म पानी का सेवन करें और घर के आसपास व भीतर गंदगी न होने दें। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुमार, पूनम, पवन, प्रभात, शिवम आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



अस्पताल में मरीज देखते डा. अजीत कुमार। अमृत विचार

# शब्द के जज्बात पढ़ लेना, मोहब्बतों का अखबार लेके आई हूं...

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




मंच पर कवि का सम्मान करते बीडीओ दिनेश चंद्र व मौजूद अन्य कवि। अमृत विचार



शहर स्थित केके इंटर कॉलेज में आयोजित कवि सम्मेलन में मौजूद लोग। अमृत विचार

- केके इंटर कॉलेज सभागार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
- बोलियां बेशक वतन में सैकड़ों लेकिन बीच में सरदार है हिन्दी

**अमृत विचार।** शहर स्थित केके इंटर कॉलेज सभागार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन हुआ जिसमें बाहर व स्थानीय कवियों ने काव्यपाठ कर श्रोताओं का मनमोह लिया।

राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वावधान में बीडीओ सदर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हिन्द हैं हिंदुत्व की हुंकार है हिन्दी, सिंधु के इस पार का आधार है हिन्दी, बोलियां बेशक वतन में सैकड़ों लेकिन, बोलियों के बीच में सरदार है हिन्दी। सुनाकर तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम में कवि डॉक्टर जीवन शुक्ल, सुशील राकेश शर्मा, अतुल पाठक को सम्मानित किया गया। विचित्र वीणा वादक किशन चंद्र गुप्ता, केके इंटर कॉलेज प्रबंधक बृजेंद्र नारायण उर्फ गुड्डु सक्सेना, शिव संस्था के प्रमुख शिवाय दुबे का सम्मान किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि उमाशंकर वर्मा साहिल और संचालन युवा कवि कुमार विवेक ने किया। शुभारंभ कवि आदित्य मिश्रा ने सरस्वती वंदना पढ़कर किया। फिर कवि महेश शर्मा, डॉ. सस्मित दुबे, उमाशंकर वर्मा साहिल, आदित्य मिश्रा, अनिल द्विवेदी मनीषी, अरविन्द बाजपेई, ब्रजेश कुमार बेवाक, दिनेश दीप, प्रशांत दीक्षित, विकास कुशवाहा तथा कुमार विवेक ने काव्यपाठ कर रससरिता प्रवाहित की। सीतापुर से आये कवि लवकुश शुक्ला ने हास्य का रंग जमाते हुए बताया कि कविता कहानी का, अनार और ज्ञानी का, पाई मात्राओं का हिसाब रख लेते थे। बाकी सभी रद्दियों के भाव बिक जाती थीं, किताबों में हिन्दी की किताब रख लेते थे। पीलीभीत से आई हुई कवियत्री सरोज सरगम ने कविता पढ़ी कि गीत गजलो का ये अम्बार लेके आई हूं आप सबके लिए उपहार लेके आई हूं, शब्द और भाव के जज्बात आप पढ़ लेना, मोहब्बतों का अखबार लेके आई हूं। कानपुर की कवियत्री पूनम पांडे ने तुमसे मिलना, बातें करना मुझको अच्छा काम मिला, मेरे दिल की तन्हाई को थोड़ा सा आराम मिला सुनाया। इटावा से आए राष्ट्रीय कवि पंडित रोहित चौधरी ने कहा कि श्रवण कुमारों जैसे अगणित नाम पूजने वाले हैं लैला मजनू नहीं पूजते राम पूजने वाले हैं। संपूर्ण धरा के कुल गौरव का स्वाभिमान लागू कर दो। घर-घर रामचरितमानस का संविधान लागू कर दो। फर्रुखाबाद के शायर नलिन श्रीवास्तव व झांसी से आए व्यंग्यकार हरनाथ सिंह चौहान ने काव्य पाठ किया। कवियों ने कार्यक्रम के सहयोगी प्रधानों मिश्रीपुर, सहजापुर, बेहरिन, देवकली बांगर, चौराचांदपुर, मढ़हरपुर, मुरैया,

मानीमऊ, चौधरियापुर, दरियापुरपट्टी, आटारा, कछोहा को सम्मानित किया।

# 18 से 22 तक आजमगढ़ में होंगी वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं

संवाददाता फर्रुखाबाद

- बालक, बालिका वर्ग की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा
- इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 17, 19, आयु वर्ग की टीम चुनी जाएगी

अमृत विचार। 69वीं माध्यमिक विद्यालयी राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 18 से 22 सितंबर तक शिब्ली नेशनल इंटर कॉलेज आजमगढ़ में संपन्न होंगी।

इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 17, 19, बालक एवं बालिका वर्ग की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा, जिसमें अंडर 14 बालक वर्ग की टीम चयन के लिए आदर्श जनता इंटर कॉलेज रानूखेड़ा फर्रुखाबाद के शारीरिक शिक्षक इंजाज अहमद सिद्दीकी को चयनकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है। इनके प्रशिक्षक रहे रियाज अहमद ने बताया कि, पूर्व में यह राष्ट्रीय निर्णायक के साथ साथ राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी भी रहे हैं। यह विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन कर चुके हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, प्रबंधक उदय राज वर्मा, प्रधानाचार्य राकेश कुमार राजपूत, जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास, देवेंद्र कुमार, प्रवेश शाक्य, आदि ने ने शुभकामनाएं दीं।

## ट्रेन में नशीली चाय पिलाकर लूटा

**कायमगंज।** शमसाबाद के अद्दूपुर गांव निवासी 20 वर्षीय आकाश सक्सेना बल्लभगढ़ स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। शनिवार को आकाश घर वापस लौट रहा था।

कासगंज से शमसाबाद की ट्रेन में दो अधेड़ यात्री उसके पास आकर बैठे। उन्होंने आकाश को चाय दी। चाय में नशीला पदार्थ मिला होने के कारण वह बेहोश हो गया। बदमाशों ने आकाश से 25 हजार रुपए का मोबाइल, कपड़ों से भरा बैग और तीन हजार रुपए नकद लूट लिये। बेहोशी की हालत में वह फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन तक पहुंचा। होश आने पर वह टैक्सी से अलीगंज पहुंच गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# दावत के बहाने बुलाकर छात्र को बेल्टों से पीटा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक छात्र को विवाहिता से इंस्टाग्राम पर हाल-चाल पूछना महंगा पड़ गया। विवाहिता के पति ने छात्र को दावत के बहाने बुलाकर बेल्टों से पीटा।

सिरौली निवासी धर्मवीर का 15 वर्षीय पुत्र ऋषभ खेड़ा सिरौली के एक स्कूल में कक्षा नौ का छात्र है। लगभग 12 दिन पूर्व पड़ोस के ही रहने वाले चंद्रपाल की विवाहित पुत्री काजल ने ऋषभ को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया। जिस पर ऋषभ ने भी परिचित होने के कारण काजल को फॉलो बैक कर दिया और ऋषभ ने एसएमएस के माध्यम से काजल से हाल चाल पूछा। यह सब काजल के पति अर्जुन ने मोबाइल में देख लिया। कुछ दिन पूर्व चंद्रपाल ने अपने दामाद अर्जुन व पुत्री काजल को दावत पर अपने घर सिरौली बुलाया।

रविवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे अर्जुन ऋषभ के घर पहुंचा और उसे अपने साथ ले गया।खेत पर अर्जुन ने रिषभ को बेल्टों से बुरी तरह पीटा। जानकारी पर रिषभके घर वाले मौके पर पहुंचे और पुलिस कोजानकारी दी। यूपी 112 ने चंद्रपाल के दामाद अर्जुन को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। मामले की जांच की जा रही है।

# अधिनियम से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की टीईटी अनिवार्यता खत्म हो

संवाददाता फर्रुखाबाद



सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने रविवार को सांसद मुकेश राजपूत को प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 में शिक्षक नियुक्त होने हेतु टीईटी उत्तीर्णता को अनिवार्य किया गया था, जिसमें अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी टीईटी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होने से सम्बन्धित कोई आदेश दिशा-निर्देश नहीं था न ही भारत सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्यवाही की गई परन्तु हाल में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गलत तथ्यों के आधार पर यह आदेश जारी किया गया है कि देश में शिक्षक बने रहने के लिये टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। प्रदेश के आठ लाख शिक्षक/ शिक्षिकाओं की नौकरी व प्रोन्नति पर खतरा उत्पन्न हो गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सतर्कता

अमृतपुर, कायमगंज और फर्रुखाबाद में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है

# जलस्तर घटने के बाद बीमारियों की बाढ़, स्वास्थ्य विभाग सक्रिय

संवाददाता फर्रुखाबाद



बाढ़ क्षेत्र में मरीज का परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक महीने से जारी बाढ़ के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए कमर कस ली है। गंगा का जलस्तर पिछले चार दिनों से कम हो रहा है। हालांकि, कई गांवों में अभी भी पानी भरा हुआ है।

स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार की देखरेख में तीनों तहसीलों अमृतपुर, कायमगंज और फर्रुखाबाद में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सीएमओ खुद गांवों का दौरा कर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। बाढ़ के पानी के उतरने के बाद संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आशा कार्यकर्ताओं को विशेष निर्देश दिए हैं। उन्हें गांव में किसी भी बीमारी की सूचना मिलने पर तुरंत विभाग को सूचित करने को कहा गया है। मेडिकल टीमें गांव-गांव जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही हैं। मरीजों को तत्काल उपचार और दवाएं दी जा रही हैं।

**जलस्तर घटने पर स्टेट हाईवे खोला गया**

- **फर्रुखाबाद।** गंगा की बाढ़ के कारण बंद किया गया स्टेट हाईवे अब फिर से खुल गया है। चित्रकूट डिप पर बाढ़ का पानी कम होने से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है हालांकि, गांवों में अभी भी पानी भरा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की परेशानियां जारी हैं। ग्रामीणों के अनुसार उन्हें बीमारियों के फैलने का खतरा है और गंदे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है।

## भईयन मिश्रा ने बाढ़ पीड़ितों के लिए लगाया स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कटरी धर्मपुर में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बीमार व्यक्तियों एवं घायल व्यक्तियों एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा के द्वारा लगाया गया। क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने विभिन्न बीमारियों की दवाइयां लीं।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. नावेद अंसारी, डॉक्टर विमलेश कुमार, डॉ पंकज राठौर और फार्मासिस्ट ब्रह्मानंद आदि ने लोगों का चेकअप किया और संबंधित बीमारियों की दवाइयां का वितरण भी किया। कई लोगों की ड्रेसिंग इत्यादि भी की गई। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहां की ऐसी मुसीबत के समय में लोगों की मदद करना बहुत अच्छा लगता है क्योंकि मुसीबत के समय जो भी बन सके वह मदद हर उस व्यक्ति को करनी चाहिए जो इस लायक है। राजेश दीक्षित, सुनील बाजपेई, कोटेदार विनोद राजपूत, वीरपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, अनिल द्विवेदी, श्यामेंद्र दुबे, नीरज गिरद सिंह, सुनील मिश्रा, हिमांशु गुप्ता, राजीव वर्मा, डॉ राधेश्याम राजपूत, राकेश राजपूत, बादशाह सिंह पूर्व प्रधान धर्मवीर राजपूत शाहिद ने शिविर में सहयोग किया।

## थाने की छत का प्लास्टर गिरा, महिला हेड कांस्टेबल घायल

फर्रुखाबाद । मोहम्मदाबाद कोतवाली में रविवार दोपहर एक से दो बजे के बीच छत से प्लास्टर गिरने की घटना सामने आई। इस घटना में मुंशी कार्यालय में तैनात महिला हेड कांस्टेबल प्रियंका शर्मा को मामूली चोटें आईं।

मोहम्मदाबाद कोतवाली में रविवार दोपहर एक से दो बजे के बीच छत से प्लास्टर गिरने की घटना सामने आई। घटना के समय हेड कांस्टेबल प्रियंका शर्मा प्रिअपनी ड्यूटी पर थीं। अचानक छत का प्लास्टर भरभराकर गिर पड़ा। कार्यवाहक प्रभारी लक्ष्मी नारायण ने तुरंत छत का जर्जर प्लास्टर हटवाया। प्रियंका शर्मा कोसीएचसी ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उनका प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद उन्हें आराम के लिए घर भेज दिया गया।

# काकोरी कांड स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख घटना

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से काकोरी ट्रेन एक्शन नाट्य समारोह का समापन के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष रविशंकर त्रिपाठी रहे व विशिष्ट अतिथि सांसद मुकेश राजपूत रहे, कार्यक्रम का संचालन युवा कवि वैभव सोमवंशी ने किया।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि आजादी की लड़ाई लगभग 100 साल तक लड़ी गई 1925 में काकोरी कांड हुआ क्रांतिकारी आंदोलन चलाने के लिए पैसे की आवश्यकता थी तो क्रांतिकारियों ने ट्रेन को लूट लिया इससे ब्रिटिश सरकार हिल गई। काकोरी ट्रेन लूट जंगे आजादी की प्रमुख घटना है जिसने आजादी की लड़ाई को आर्थिक आधार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपना इतिहास याद रखना है क्योंकि अपनी और आजादी की सुरक्षा के लिए आजादी के इतिहास को याद रखने की जरूरत है और क्रांतिकारियों के बताए हुए रास्ते पर चलकर विकसित भारत बनाने का सपना पूरा करना है। इस मौके पर प्रतिभाशाली बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के संयोजक अनुराग अग्रवाल, सचिव सुरेंद्र पांडे व पूरी टीम ने अतिथियों का सम्मान किया।इस अवसर पर डॉक्टर संदीप चतुर्वेदी, अनिल मिश्रा, श्रुति गुप्ता अनिल सिंह, डॉ प्रभात अवस्थी ,विजय अवस्थी, सुबोध आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सांप के डसने से किसान की मौत

**सैफई।** क्षेत्र के ग्राम नगला राठौर में सिंचाई करने के दौरान एक किसान को सांप ने डस लिया। इसपर परिजन उसे आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहाँ रविवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि किसान जयनरायन 65वर्षीय पुत्र छूंनी अपने बाजरे के खेत में सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक सांप ने उन्हें डस लिया। अत्यधिक दर्द व बेहोशी की हालत में उन्हें सैफई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां रविवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### 15 को नि:शुल्क रहेगी ओपीडी

**इटावा।** श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में जयपुर निवासी इंजी. भूमि मिश्रा पत्नी इंजी. वैभव मिश्रा के जन्मदिन के उपलक्ष में 15 सितंबर सोमवार को सभी लोगों के लिए समस्त जांचों एवं दवाइयों सहित ओपीडी नि :शुल्क रहेगी। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने प्रात : दस बजे से दोपहर दो बजे तक चलने वाली इस नि :शुल्क ओपीडी का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### सड़क हादसों में तीन घायल

**जसवंतनगर।** हाईवे पर रविवार को तीन सड़क हादसों में तीन युवक घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर लाया गया, हालत नाजुक होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पहला हादसा सुबह खेड़ा बुजुर्ग निवासी पारस (19) के साथ हुआ, जो बस की चपेट में आने से घायल हो गया। दूसरी घटना में कुरसेना निवासी साहिल (20) चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हुआ। तीसरा हादसा कचौरा रोड पर हुआ, जहां बिहारीपुर निवासी पिंटू (22) बाइक से आते समय ऑटो से टकराकर बुरी तरह घायल हो गया।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**बकेवर।** थाना पुलिस ने अलग अलग तीन स्थानों से तीन लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। महेवा चौकी इंचार्ज केपी सिंह ने आशीष को 17 पौआ उपनिरीक्षक शोभित प्रजापति ने सत्यशिरोमण को 17 देशी शराब क्वार्टर के साथ व चौकी इंचार्ज अहेरीपुर धीरेन्द्र ने धर्मवीर को 22 क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान पिता ने लगाया हत्या का आरोप

## शव का पैनल से हुआ पोस्टमार्टम, जांच में जुटी पुलिस, पति ने कहा सास से हुआ था झगड़ा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डूंगरी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिससे परिवार सहित गांव में सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार वर्षा 25 वर्ष पत्नी फतेह सिंह निवासी ग्राम डूंगरी थाना फ्रेंड्स कालोनी ने परिवारिक विवाद के चलते फांसी लगा ली। घटना की सूचना पाकर थाना फ्रेंड्स कालोनी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा भरा। शव का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। मृतका की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। पति मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है। पति फतेह



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतका के परिजन। अमृत विचार

सिंह का कहना है कि वर्षा का मेरी मां से चावल बनाने को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद वह कमरे में चली गई और फंदा लगाकर फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर जब दरवाजा खोला तो वह फंदे पर लटकी मिली। आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी मृतका के ससुराल पहुंचे और हंगामा किया। मृतका के पिता वंशी और अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर वर्षा को लगातार प्रताड़ित करते थे और कई बार पंचायत भी हो चुकी थीं। परिजनों का कहना है कि विवाद के बाद ससुरालियों ने मारपीट कर गला दबाकर वर्षा की हत्या कर दी और बाद में इसे फांसी लगाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। मृतका की बहन रोशनी ने आरोप लगाया कि जीजा अक्सर शराब पीकर वर्षा को रुपये के लिए टॉर्चर करते थे। सास ने चावल पकाने से मना किया तो झगड़ा हुआ और जीजा ने मारपीट कर गला घोंट दिया। इसके बाद फोन पर कहा गया कि वर्षा ने फांसी लगा ली है। आईटीआई चौकी इंचार्ज तन्मय चौधरी पुलिस बल व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# देश को जोड़ने की क्षमता केवल हिन्दी में ही है : डॉ. पदम सिंह

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** इस्लामियां इण्टर कॉलेज के सभागार में हिन्दी दिवस समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति सम्मान से अलंकृत साहित्यकार डॉ. पदम सिंह यादव पद्म ने कहा कि देश को जोड़ने की क्षमता केवल हिन्दी में ही है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक हिन्दी समझी जाती है और बोली भी जाती है। हिंदी भारतीय भाषाओं की सेतु का काम करती है। विशिष्ट अतिथि गीतकार डॉ. राजीव राज ने कहा कि उन्हें बहुत गौरव तब हुआ जब अपनी ताशकंद यात्रा के दौरान रूसी लोगों ने नमस्ते का अभिवादन किया। दोनों ही अतिथियों ने काव्य पाठ किया और खूब तालियां बटोरीं।

इससे पूर्व प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कहा कि हिन्दी भारतीयता की पहचान है। आज दुनिया के अधिसंख्य देशों में हिन्दी पाठ्यक्रम में है।।इस्लामिया इण्टर कॉलेज के प्रबंधक मुहम्मद अल्ताफ ने कहा कि हिन्दी ऐसी सहज भाषा है जिसमें



डॉ. पदम सिंह को सम्मानित करते मो. अल्ताफ़ व गुफरान अहमद। अमृत विचार

- इस्लामिया कालेज में हिन्दी दिवस समारोह मनाया गया
- साहित्यकारों की मनोहारी चित्र प्रदर्शनी ने मन मोहा

अपने मन की बात स्वाभाविक रूप से कही जा सकती है। कालेज के हिन्दी शिक्षक समी उद्दीन जुबैरी के निर्देशन में हिन्दी वंदना बच्चों ने प्रस्तुत की। अनेक विद्यार्थियों ने भी विचार व्यक्त किए। स्वागत उप प्रधानाचार्य साकिब अली खां, चीफ प्राक्टर मुहम्मद अतीक, परीक्षा प्रभारी मुहम्मद जावेद, हिन्दी प्रवक्ता फरदीन खान, मेहराज अहमद आदि ने किया।

संचालन हिन्दी प्रवक्ता डा. कुश चतुर्वेदी ने किया। इस्लामिया इण्टर कॉलेज के छात्रों ने हिन्दी साहित्यकारों की मनोहारी प्रदर्शनी लगाई जिसका अवलोकन अतिथियों ने किया। सभी लोगों ने इस मनोहारी चित्र प्रदर्शनी की प्रशंसा की। आदिकाल से आधुनिक काल तक के अधिकांश कवियों लेखकों के दर्शन इस चित्र प्रदर्शनी में हुए।

# सामाजिक समरसता के लिये पीड़ित लोगों की मदद जरूरी : डॉ. रिपुदमन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** जायण्ट्स ग्रुप ऑफ़ इटावा के तत्वावधान में पंचायत राज महिला महाविद्यालय के सभागार में राधा सक्सेना स्मृति प्रतिभा एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा एवं राधा सक्सेना के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । मंचासीन अतिथियों का स्वागत रोली चंदन एवं माल्यार्पण करके किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्चशिक्षा अधिकारी कानपुर मंडल डॉ. रिपुदमन सिंह ने कहा कि पीड़ित लोगों की मदद से ही सामाजिक समरसता देखी जा सकती है । अति विशिष्ट अतिथि प्रो. आर के अग्रवाल ने जायण्ट्स का परिचय



सम्मानित किए गए शिक्षकों के साथ आयोजक। अमृत विचार

- पंचायती राज महिला महाविद्यालय में आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

देते हुए कहा कि सम्मान समारोह समाज के लिए अनुकरणीय कार्य है । विशिष्ट अतिथि डॉ ज्ञान चन्द्र सक्सेना एवं प्रो श्याम पाल सिंह ने बताया कि समाज के उत्थान के लिए जायण्ट्स ग्रुप अग्रिणी भूमिका निभा रहा है । कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ विनय अग्रवाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । क्षमा पुरवार ने हिंदी गीत गाया । कार्यक्रम में डॉ रिपुदमन सिंह, अमित कुमार, ज्योति सविता, डॉ प्रवेश त्रिपाठी, राजकिशोर श्रीवास्तव, रमेश चंद्र गुप्त, दीपा चौहान, निशा सक्सेना, अवधेश कुमार, नंदिता सक्सेना, पुष्पलता कटियार, डॉ डॉली रानी, प्रो नरेश पाल सिंह, डॉ पूनम गौर को माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

### ज्ञान भारतम सम्मेलन में प्रदीप ने किया प्रतिभाग

**जसवंतनगर।** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित विज्ञान भवन में ज्ञान भारतम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस आयोजन में हिंदू विद्यालय जसवंतनगर के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता प्रदीप कुमार यादव ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा का पुनः अधिग्रहण करने के लिए आयोजित किया गया था।पांडुलिपि का अर्थ है कि किसी लेखक के द्वारा हाथ से लिखे गए दस्तावेज को पांडुलिपि कहते हैं। सम्मेलन में रामायण महाभारत इत्यादि की पांडुलिपियों को संरक्षित करके दिखाया गया। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महान गणितज्ञ मुकुल भार्गव तथा केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संबोधित किया।

# एक सैकड़ा लोगों का परीक्षण कर बांटी दवाएं

संवाददाता महेवा इटावा

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित रामजनकी मंदिर परिसर में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन पालीवाल हॉस्पिटल इटावा के तत्वावधान में किया गया। शिविर का शुभारंभ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे ने फीता काटकर किया वहीं एक सैकड़ा से अधिक मरीजों ने विभिन्न प्रकार के चेकअप कराए जिन्हें निःशुल्क परामर्श के साथ साथ दवाएं भी उपलब्ध कराई गई।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार शुक्ला एवं व्यवस्थापक विजय कुमार तिवारी के संयोजन में तथा डॉ अंकित पालीवाल व हिमांशु गुप्ता नेतृत्व में आयोजित शिविर का शुभारंभ करते हुए श्री दुबे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे शिविर आयोजित

- रामजानकी मंदिर परिसर में लगा नि:शुल्क मेडिकल कैंप

होना गरीब व असहाय लोगों के लिए अति लाभदायक हैं। इस शिविर में करीब एक सैकड़ा से अधिक मरीजों को डॉ अंकित पालीवाल व उनकी टीम के चंद्र शेखर तिवारी , सबा राइन, योगेन्द्र यादव , हिमांशु गुप्ता आदि ने देखकर दवा भी उपलब्ध कराई । वहीं इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय सिंह कुशवाह ,मंडल उपाध्यक्ष अवनींद्र दुबे , अजय जादौन ,सोनू अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे । सभी अतिथियों का आयोजक मंडल के सदस्यों ने स्वागत किया । वहीं कैंप को शांतिपरक रूप में संपन्न कराने में अनुराग राव चौबे ,अनूप राव चौबे ,राहुल चौबे ,अनिल बाथम ,गौतम सिंह आदि मौजूद रहे।

### आशा निकेतन में हुईं प्रतियोगिताएं

**इटावा।** समाज कल्याण समिति इटावा के प्रांगण में किशोरी दिवस धूमधाम से मनाया गया। किशोरी दिवस के कार्यक्रम में अनेक गांव से आई हुई किशोरियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं पासिंग द रिंग, पासिंग द बॉल, सेव द बैलून, बोम्ब इन द सिटी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत व मुख्य अतिथि अनीता जैन व इटावा समाज कल्याण समिति के डायरेक्टर फादर रोशन, समाज कल्याण समिति समन्वयक सिस्टर रीता व आशा निकेतन प्राचार्या सिस्टर लाइसा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में किशोरियों द्वारा सामूहिक नृत्य, सामूहिक गीत व भाषण आदि कार्यक्रम संपादित किए गए। अंत में विशिष्ट अतिथि व मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

# पुलिस ने दो टप्पेबाजों को दबोचा

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार ।** थाना भरथना पुलिस ने दो टप्पेबाजों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उनके पास से भारी मात्रा में नकदी तमंचा कारतूस बरामद हुआ है।

प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत कृष्णानगर चौराहे के पास गस्त पर थे । इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि स्टेशन के पास महिला से टप्पेबाजी करने वाले दो व्यक्ति कृष्णानगर चौराहे से तुरैया पुल की ओर जाने वाले रास्ते पर डाइव एण्ड डाईन रेस्टोरेन्ट को जाने वाले तिराहे पर खड़े है जो किसी घटना कारित करने के फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना भरथना पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दोनों व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे जिस पर पुलिस टीम ने आवश्यक बल प्रयोग

- दो लाख रुपया नकद, तमंचा और कारतूस बरामद

कर दो टप्पेबाजों राजा पुत्र श्रीकृष्ण निवासी जनपद फिरोजाबाद ,रंजीत प्रताप पुत्र श्रीकृष्ण कुमार निवासी बंशीगौरा मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने टप्पेबाजों के कब्जे से चोरी के आभूषण बेचकर अर्जित किये कुल दो लाख दस हजार रुपये व अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किये। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर टप्पेबाजी की दो घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया।आरोपियों ने बताया कि 11 अगस्त को हम दोनो व हमारे अन्य दो साथी भरथना में एक महिला को लालच देकर टप्पेबाजी का शिकार बनाया और बकेवर में 31 मार्च को बकेवर की ओर जाने वाले भरथना टेम्पो स्टैण्ड पर बस से उतरी महिला के पर्स में रखे आभूषण पार कर दिये थे।

**युवक व महिला से मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी:**

**ताखा** ऊसराहार थाना क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा कुदरैल निवासी बृजेश कुमार ने आरोप लगाया कि उसका पुत्र अवनीश 12 सितंबर को दोपहर को घर के सामने झाड़ू लगा रहा था। उसी समय गांव का ही शिवपाल वहां आया और अवनीश से गाली-गलौज करने लगा। जब अवनीश ने विरोध किया तो शिवपाल ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर अवनीश की मां अनीता कुमारी बचाने पहुंची तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने छात्रों को कराई औद्योगिक यात्रा




औद्योगिक यात्रा पर जाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा शाखा के निर्देशन में आयोजित औद्योगिक यात्रा के अंतर्गत के के इंटर कॉलेज के छात्रों ने गनी बैग के निर्माण में सहभागिता की।

यात्रा में भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा शाखा के रिसोर्स पर्सन एमके सिंह एवं सोनी यादव ने उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को गनी बैग के बनने और उसके विभिन्न प्रयोगों के विषय में जानकारी दी। वहां संबंधित मौजूद कर्मचारियों ने प्रत्यक्ष रूप से कई उपकरणों के विषय में भी जानकारी प्रदान की जैसे टेप प्लांट, लेमिनेशन, बीसीएस सिलाई मशीन, पेंटिंग मशीन, आरपी प्लांट, कटर, लाइनर प्लांट, कटिंग टेबल इत्यादि औद्योगिक यात्रा का समन्वय क्लब के नोडल अधिकारी अशोक कुमार द्वारा स्थापित किया गया। यह औद्योगिक यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# छात्रों को पेड़-पौधों के बारे में दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** रविवार की सुबह बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय परिसर में डीन डॉ एन के शर्मा के निर्देशन में नेचर वॉक का आयोजन किया गया ।

सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के नेतृत्व में नेचर वॉक का शुभारंभ बायोलॉजिस्ट बी एन सिंह सफारी पार्क ने किया उन्होंने सभी प्रतिभागियों को परिसर के महत्व को बताते हुए वहां पर पाई जाने वाली जैव विविधता के बारे में अवलोकन कराया एवं सूची बद्ध किया । इटावा के 26 प्रकृति प्रेमियों द्वारा "नेचर वाक" में प्रतिभाग किया गया। इस नेचर वाक मैं डॉ अत्री गुप्ता द्वारा प्रतिभागियों को पेड़ों की 24, झाड़ियां एवं लताओं की 19 , चिड़ियों की 17, कीटों की 7, तितलियों की 9 ,ड्रैगनफ्लाई की 4,



नेचर वॉक में शामिल छात्र-छात्राएं चिकित्सक व अध्यापक । अमृत विचार

- इंजीनियरिंग कालेज में नेचर वॉक का हुआ आयोजन

प्रजातिया देखने को मिलीं । नेचर वाक संयोजक स्कॉन महासचिव डॉ राजीव चौहान ने बताया कि नेचर वॉक के माध्यम से आम लोगों के साथ मिलकर इटावा के विभिन्न प्राकृतिक स्थलों में खोज कर वहां पर मौजूद पेड़ पौधों की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन करना उनको सूचीबद्ध करके आने वाले समय में होने वाले बदलावों पर नजर रखना है। लंबे समय तक इस प्रकार के अध्ययनों से जलवायु परिवर्तनों के जैविक विविधता पर पड़ने वाले असर को देखा जा सकेगा । इसमें जनपद के प्रकृति प्रेमियों में डॉक्टर, शिक्षक- शिक्षिकाएं, बच्चे एवं अन्य लोग शामिल रहे। दो घंटे के नेचर वॉक के दौरान प्रकृति से जुड़ी हुई विभिन्न रोचक तथ्यों से अवगत कराया गया। डॉ चौहान ने नेचर वॉक के सफल आयोजन हेतु कॉलेज डीन एवं कर्मचारी गणों का विशेष आभार प्रकट किया।

राजनीति

**समाजवादी पार्टी कार्यसमिति की बैठक में शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर साधा निशाना**

# देश की विदेश नीति पूरी तरह से फेल : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि जिस तरह से ईस्ट इंडिया कंपनी के जरिये अंग्रेजों ने देश पर कब्जा करके देश को लूट लिया था ठीक उसी तर्ज पर भाजपाई भी काम कर रहे हैं और अब इनके खिलाफ भी आजादी के आंदोलन की तर्ज पर देश को एक बार फिर से जगाने की जरूरत है। आगे उन्होंने कहा कि अब 27 के चुनाव में सपा को भारी बहुमत से जीत दिलाकर प्रदेश में सपा का शासन लाने के लिये अभी से कमर कस लें।

श्री यादव ने जिला पंचायत सभागार में समाजवादी पार्टी कार्यसमिति की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि




सपा कार्यसमिति की बैठक में मौजूद शिवपाल सिंह व अन्य सपा नेता।

आजादी के लगभग आठ दशक लंबे अंतराल के बाद यह पहला मौका है कि जब देश की विदेशनीति पूरी तरह से फेल साबित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से हमारी विदेश नीति कूटनीति पूरी तरह से फेल हो गई है समाजवादियों की नीति रही है कि हमारे पड़ोसियों से मधुर संबंध रहें। श्री यादव ने कहा कि भाजपाई सत्ता में आने के बाद से ही लगातार झूठ बोल रहे हैं और इन्हें अगर जुमलेबाज कहा जाये तो कोई आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि सत्ता पाने के लिये भाजपा नेताओं ने जो वादे किये थे वे एक भी पूरे नहीं किये हैं और हमारे देश को लूटने का काम करके इसे विकास के मामले में बहुत पीछे कर दिया है।

उन्होंने कहा कि इन लोगों ने जीएसटी के जरिये विकसित भारत का सपना दिखाया था और सत्ता में आने के बाद 11 सालों के दौरान जीएसटी के नाम पर जमकर वसूली की गई और महंगाई अपने चरम पर पहुंच चुकी है। यहां तक कि गरीब का जीना मुहाल हो गया है उसे परिवार के लिये दो वक्त की रोटी का संकट है। श्री यादव ने आरोप लगाया कि अब सरकारी नौकरियों का झंझट ही खत्म कर दिया गया है और उनकी जगह आउट सोर्स पर लोग रखे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए का नेतृत्व कर रही है और अब हम चुनाव के लिये पूरी तरह से तैयार हैं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कुछ जगह पर उम्मीदवार भी घोषित कर दिये हैं। वोट चोर गद्दीछोड़ का नारा तो अब देश भर में सुनाई देने लगा है और अब इनसे यूपी की गद्दी भी छुड़वानी है इसके लिये इनकी हर गतिविधियों पर पैनी निगाह रखते हुये और अब वोट चोरी रोकने की दिशा में भी हमारे कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ लगे हुये हैं।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्यबबलू व संचालन जिला महासचिव वीरू भदौरिया ने किया। बैठक में सांसद जितेंद्र दोहरे, विधायक राघवेंद्र गौतम, राम नरेश यादव मिनी, राम सेवक यादव, अशोक यादव, सर्वेश शाक्य, गोपाल यादव, रामनाथ सिंह यादव, लीलावती राजपूत, हरिओम यादव, उदयभान सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में सपा नेता मौजूद रहे।

### बृजेश पोरवाल व डॉ. सुशील सम्राट बने मीडिया प्रभारी

**इटावा ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के दो जिला मीडिया प्रभारियों का ऐलान किया गया। जिसमें बृजेश पोरवाल एवं डॉ.सुशील सम्राट शामिल है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि जनपद में 121 सदस्य टीम काम कर रही है जिसमें दो मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं, जिससे कि जनपद में मीडिया का कार्य प्रत्येक तहसील पर सुचारू रूप से हो सके। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर, जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला, रमेश यादव , विनीत कुमार पांडे,, शरद वाजपेई, शैलेंद्र सिंह राजावत ,ओम रतन कश्यप, सुनीता कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी कुशवाहा, सोमेश आदि रहे।

# धर्मेंद्र जिला अध्यक्ष और सौरभ बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारिणी को घोषित किया गया है। जिसमें धर्मेंद्र कुमार को फिर से जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा सौरभ कुमार को जिला महामंत्री, विजय नारायण को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिवमंगल दास को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, भागीरथ जिला कोषाध्यक्ष, शैलेंद्र कुमार शर्मा जिला संरक्षक बनाया गया है। सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों का माला पहनाकर और प्रतीक चिह्न देकर किया गया स्वागत। साथ ही सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने की बात कही।

इसके अलावा अर्जुन सिंह भदौरिया, राकेश कुमार, गिरेंद्र सिंह, दीवान सिंह, भगवत दयाल, अरविंद कुमार, राजीव कुमार, विपिन

- चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारिणी की हुई घोषणा
- नवमनोनीत पदाधिकारियों का माला पहनाकर और प्रतीक चिह्न देकर किया गया स्वागत

कुमार, सोबरन सिंह, जीवन कुमार, विनोद कुमार जिला उपाध्यक्ष, विवेक कुमार, बृजेश कुमार, प्रदीप कुमार, जिला संयुक्त मंत्री, आरसी मीणा रामकुमार, रमेश चंद, रमेश चंद, जीशान रोहित कुशवाहा, सत्येंद्र यादव, नितिन यादव जिला संगठन मंत्री, विक्रम सिंह जिला प्रचार मंत्री, संजय कुमार जिला संप्रेक्षक, रोहित कुशवाह जिला मीडिया बनाया गया है। प्रभारी सुरेंद्रनाथ जोशी, मनोज कुमार, सुशील कुमार कार्यकारी सदस्य बनाया गया है।

# खेतों और सड़कों पर घूम रहे अन्ना मवेशी, गौशालाएं खाली

## डीएम के आदेश के बावजूद जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, किसान, वाहन चालक परेशान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** इन दिनों अन्ना मवेशी किसानों और वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। हाईवे से लेकर सम्पर्क मार्ग, गांव व गलियों खेतों में घूम रहे हैं। इससे जहां किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं वहीं अन्ना मवेशी दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं जबकि गौशालाएं खाली पड़ी हैं। प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। सबसे ज्यादा समस्या हाईवे में हो रही है। इससे लोग प्रशासन के प्रति आक्रोशित हैं।

अन्ना मवेशी सड़कों पर जमा हो जाते हैं, जिससे अचानक दुर्घटनाएं होती हैं और वाहन चालकों व राहगीरों को खतरा होता है। स्थानीय ग्रामीणों और संगठनों द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि मवेशियों को पकड़ा जाए और गौशालाओं में भेजा जाए ताकि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। और किसानों की फसल सुरक्षित रहे।

**पक रहीं फसलें :** बाढ़ बारिश के बाद बची फसलें पक रही हैं। अब जो फसलें बची हैं उन्हें भी अन्ना मवेशी चट कर रहे हैं। इससे किसान खासे परेशान हैं।




कानपुर–इटावा हाईवे पर घूमते अन्ना मवेशी, फफूंद में सड़क पर घूमते मवेशी। अमृत विचार

> नगर पालिका और नगर पंचायत के ईओ को अन्ना मवेशियों को पकड़ कर गौशाला में संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही अभियान चलाया जाएगा।
>
> –इंद्रमणि त्रिपाठी, डीएम, औरैया

### बाजार में घूमते मवेशी बन रहे परेशानी का सबब

**फफूंद :** फफूंद के मुख्य मार्ग वाली सड़कों व बाजार में घूमते गोवंश परेशानी का सबब बने हुए हैं। बाजार में घूमते मवेशियों से दुकानदारों के साथ वाहन चालकों के लिए दिक्कत पैदा हो रही है। आये दिन दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं। नगर के मुख्य बाजार फुटकर सब्जी मंडी, गल्ला व थोक सब्जी मंडी, बाबरपुर रोड, दिबियापुर रोड, मुरादगंज तिराहा, पाता रोड पर अन्ना पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। इसके साथ ही मुख्य बाजार सड़कों पर घूमते गोवंश परेशानी के सबब बने हुए हैं। फुटपाथ पर लगे सब्जी फल विक्रेताओं को भी दिक्कत हो रही है। इनके कारण आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इससे कई बार दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो जाते हैं। पशु खेतों में खड़ी फसल को भी चौपट कर रहे हैं। इससे धान, मक्का, बाजरा आदि फसलों का नुकसान हो रहा है। ग्रामीण विशाल, ओमप्रकाश, सुरेश, अनिल, रमेश आदि लोगों ने अन्ना पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### फर्जी आईडी से अश्लील फोटो वायरल की, रिपोर्ट

**अजीतमल।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अजीतमल कस्बे के मुहल्ला अंबेडकरनगर निवासी असित उर्फ प्रिंस के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि असित ने फर्जी आईडी बनाई। युवक की बहन की फोटो लगाकर अश्लील बातें लिखकर सोशल मीडिया के अलग अलग ग्रूपों पर पोस्ट की। गंदे स्टेट्स भी लगाए। बीते करीब छह महीने पहले भी आरोपित ने यह कृत्य किया था। समझाया गया था फिर से उसने वही हरकत शुरू कर दी। युवक की बहन ने नोएडा में किसी इंस्टीट्यूट में प्रवेश लिया था। इस कृत्य से मानसिक प्रताड़ित होकर उसने एडमिशन वापस ले लिया। कोतवाल ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर असित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### करंट लगने से युवक की बिगड़ी हालत, भर्ती

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुर्वा उम्मेद निवासी एक युवक रविवार दोपहर को घर पर था। उसी समय वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया और झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे परिजनों द्वारा स्थानीय जिला संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम पुरवा उम्मेद निवासी पिंटू कुमार 30 वर्ष पुत्र राम स्वरूप निवासी पूर्वा उम्मेद रविवार की दोपहर करीब एक बजे अपने घर में था। घर पर वह इनवर्टर का प्लग लगा रहा था। उसी समय वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया और बेहोश हो गया। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे उठाया और तुरंत स्थानीय जिला संयुक्त चिकित्सालय ले आये और भर्ती कराया। करंट की चपेट में आने से युवक का एक हाथ बुरी तरह से झुलस गया। अस्पताल में युवक का इलाज चल रहा था।

### हैंडपंप पर पानी भरने गई महिला को सर्प ने डसा

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अस्ता निवासी एक महिला रानी देवी 45 वर्ष पत्नी रामचंद्र रविवार की दोपहर लगभग 1 बजे अपने घर के बाहर लगे हैंडपंप पर पानी भरने गईं थीं। उसी समय हैंडपंप के समीप झाड़ियों में छिपे सांप ने डंस लिया। सर्पदंश के बाद महिला घर पर आई और बेसुध होकर जमीन पर गिरकर गयी। यह नजारा देखकर बच्चे घबरा गए और परिवार वालों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने महिला को सरकारी एंबुलेंस के माध्यम से स्थानीय जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में देखते हुए हायर सेंटर चिचोंली रेफर कर दिया।

### नाबालिग के अपहरण का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बिधूना।** नाबालिग के अपहरण में वांछित आरोपी राजन को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान के नेतृत्व में टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। 8 सितम्बर को बिधूना थाना क्षेत्र के गांव की एक 13 वर्षीय लड़की के अपहरण का मामला सामने आया था। लड़की के पिता ने 9 सितंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी को अगवा कर लिया गया है। गांव की एक महिला मीरा देवी और उसके दो रिश्तेदारों राजन और करन पर अपहरण की साजिश रचने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में अपहरण व पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### धूमधाम से मनाया जाएगा 129 वां रामलीला महोत्सव

**ऐरवाकटरा।** ऐरवाकटरा कस्बे के ऐरवा टीकुर में 129वां रामलीला महोत्सव 21 सितंबर से शुरू होगा और 3 अक्टूबर चलेगा। इसमें भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक भी होगा। रामलीला के आयोजन को लेकर आदर्श रामलीला समिति की बैठक आयोजित की गई। कमेटी की बैठक के दौरान समिति के चुनाव हुए। इसमें ग्राम प्रधान सरमन सिंह को अध्यक्ष और इंद्रप्रकाश तिवारी को प्रबंधक चुना गया। आदर्श रामलीला समिति की बैठक में तय किया गया कि 21 सितंबर को शिव बारात और भगवान गणेश पूजन के साथ रामलीला मैदान में हवन पूजन के बाद रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा। इसके बाद 22 सितंबर को नारद मोह, धनुष यज्ञ आदि कार्यक्रमों के साथ आगे के दिनों में विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। 3 अक्टूबर को भरत मिलाप और राम राज्याभिषेक की लीला का मंचन किया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी आरव सक्सेना, अंश, शिवम सविता, वीनू सक्सेना आदि लोग शामिल रहे। समिति अध्यक्ष और प्रबंधक ने बताया कि रामलीला महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा।



दीवार तोड़ती जेसीबी। अमृत विचार

# जेसीबी से ढहाई दीवार पीड़िता ने दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर के बेला रोड पर रविवार को अराजकतत्वों ने जेसीबी मशीन से एक मकान की दीवार ढहा दी। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार नीलम देवी पत्नी धर्मेंद्र सिंह निवासी बेला रोड, दिबियापुर ने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी उसके भाइयों ने उनके प्लॉट पर बनी करीब 10 फीट ऊंची और 38 फीट लंबी दीवार को जेसीबी से अवैध रूप से गिरा दिया। इससे पीड़िता का हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़िता नीलम देवी का कहना है कि इससे पूर्व भी भू-माफिया द्वारा कई बार उन्हें गाली-गलौज और धमकी दी गई है। आरोप है कि प्रभाकान्त की पत्नी ने भी उनके प्लॉट की जमीन का दोबारा बैनामा कराकर कब्जे का दावा किया है। घटना के संबंध में पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# ढिकियापुर में मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा, जांच के आदेश

संवाददाता, बिधूना (औरैया)

- **शिकायत मिलने पर उप निर्वाचन अधिकारी ने तहसीलदार को सौंपी जांच**

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के सहार ब्लॉक की ग्राम पंचायत ढिकियापुर में मतदाता सूची का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां मतदाता सूची में 8 अलग-अलग गांवों के सैकड़ों फर्जी मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए हैं। इस मामले ने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

यह चौंकाने वाली बात तब उजागर हुई जब आगामी प्रधानी चुनाव की तैयारी कर रहे नंदकिशोर ने ढिकियापुर की मतदाता सूची का बारीकी से मिलान किया। नंदकिशोर ने बताया कि इस सूची में सिर्फ ढिकियापुर के ही नहीं, बल्कि तीन अन्य ग्राम पंचायतों और एक नगर पंचायत क्षेत्र के एक सैकड़ा से अधिक लोगों के नाम भी शामिल थे। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि ढिकियापुर सहार ब्लॉक के अंतर्गत आता है, जबकि मतदाता सूची में शामिल किए गए अधिकांश फर्जी मतदाता भाग्यनगर ब्लॉक के निवासी हैं।

नंदकिशोर ने बताया कि यह अनियमितता पिछले 10 वर्षों से चली आ रही है। उन्होंने इस गंभीर मामले में तत्कालीन और संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की मिलीभगत की आशंका जताई है, क्योंकि बिना मिलीभगत के इतनी बड़ी संख्या में फर्जी नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं किए जा सकते।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, नंदकिशोर ने सभी सबूतों के साथ उपजिला निर्वाचन अधिकारी बिधूना गरिमा सोनकिया को एक लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत मिलते ही उपजिलाधिकारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस मामले की जांच तहसीलदार बिधूना को सौंप दी है। जिन्होंने रजिस्ट्रार कानूनगो से पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कराने हेतु कहा है। प्रभारी रजिस्ट्रार कानूनगो रविकांत दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को शिकायत प्राप्त हुई है और सोमवार से जांच शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी गलत वोटर जुड़े हैं, उन्हें तत्काल हटवा दिया जाएगा। इस घटना के बाद उम्मीद है कि जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 'एक मिनट' स्पर्धा में झलका उत्साह

**औरैया।** भारत विकास परिषद द्वारा रविवार को संस्कृत विकास सप्ताह के दूसरे दिन एक मिनट प्रतियोगिता का आयोजन अमेरिकन किड्स स्कूल में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत पांचाल प्रान्त के संरक्षक डॉ. रमेश शुक्ल एवं मार्ग दर्शक मंडल के सदस्य अशोक त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। स्पर्धा में कक्षा 3 से 6 के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के बच्चों के खेल जैसे-रस्सी गांठ लगाना, परिषद के पांच सूत्र लिखना, देश के राज्यों के नाम लिखना, हिंदी वर्णमाला लिखना आदि की हुईं। प्रतियोगिता का संचालन शाखा सचिव देव मुनि पोरवाल ने किया। शाखा अध्यक्ष गोपाल वर्मा द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। विकास सप्ताह प्रभारी स्वतन्त्र अग्रवाल, राकेश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक गौरव वर्मा, सौरभ पुरवार, राज नारायण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा में चलेगा सफाई अभियान, लगेगा रक्तदान कैंप

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** तुर्कीपुर स्थिति भाजपा कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजपा की संगोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता सर्वेश कठेरिया ने की। इसमें 17 सितम्बर से पीएम मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन तक अनवरत कार्यक्रम होंगे। प्रमुख रूप से रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान के तहत महत्वपूर्ण स्थानों और महापुरुषों की प्रतिमाओं के पास साफ-सफाई, विकसित भारत की उपलब्धियों की प्रदर्शनी सभी सीएचसी, पीएचसी पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, जीएसटी पर विशेष गोष्ठियां, स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर वोट बनवाने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रभारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनन्द सिंह और जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया द्वारा विस्तार से कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने की जिम्मेदारियां पदाधिकारियों को सौंपी गईं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व निवर्तमान जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, जिला महासचिव शिव सिंह भारती, धीरेन्द्र सिंह गौर, कौशल किशोर राजपूत, कुलदीप दुबे, जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता, अमर चन्द्र राठौर, यशवीर सिंह सिकरवार, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद एवं जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा राजेश कुमार अग्निहोत्री आदि रहे।

### पीएम मोदी के जन्मदिन की तैयारियां जोरों पर

**औरैया।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति, औरैया की बैठक समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) की अध्यक्षता में रविवार को प्रातः 9 बजे देवकली मंदिर परिसर पर आयोजित की गई। बैठक में 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिन को धूमधाम से मनाने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। संस्था के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने समिति परिवार के सदस्यों व नागरिकों से उपरोक्त कार्यक्रमों में समय से सम्मिलित होने की अपील की हैं। बैठक में प्रमुख रूप से राम आसरे गुप्ता, उत्कर्ष शुक्ला, गौशाला संचालक संतोष कुमार, विनोद कुमार पोरवाल, हिमांशु दुबे, अनूप बिश्नोई, सतीश कुमार आदि सदस्य मौजूद रहे।

# टीईटी को जबरन थोपने का आरोप, शिक्षक देंगे ज्ञापन

**औरैया।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर आज को पूरे देश के शिक्षक जबरन टीईटी थोपने के विरोध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारियों को सौंपेंगे।

महासंघ के जिला अध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी ने शनिवार को जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक लेकर शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में तय किया गया कि सोमवार को सभी शिक्षक जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम शुक्ला ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश के 75, बिहार के 38, मध्य प्रदेश के 55, महाराष्ट्र के 36, राजस्थान के 33, गुजरात के 33, आंध्र प्रदेश के 13, छत्तीसगढ़ के 28, तेलंगाना के 33, तमिलनाडु के 38, पंजाब के 23, पश्चिम बंगाल के 23 सहित देश के सभी प्रमुख राज्यों के जिलों में यह कार्यक्रम एक साथ आयोजित होंगे। महासंघ का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट किया है कि पुराने कर्मचारियों की सेवा शर्तों में नए नियम लागू नहीं किए जा सकते। इ दौरान जिला संयुक्त मंत्री कुमार मंगलम उपाध्याय, जिला संरक्षक श्रीओम ने भी शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंच कर आंदोलन में भाग लेने का आह्वान किया है।

# 25 लाभार्थियों को कौशल सुधार प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र कालपी के प्राचार्य शिशुपाल गोयल एवं खादी ग्रामोद्योग के अधिकारी सीवी सिंह के द्वारा ग्राम बहादुरपुर अजीतमल में 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण में 100 किशोरों और युवाओं का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इससे ये स्वरोजगार को अपना कर जीवकोपार्जन कर सकें।

जिसमें दर्जी ट्रेड में अनुसूचित जाति के 50 लाभार्थी व ब्यूटीपार्लर में अनुसूचित जाति के 25 लाभार्थी व दर्जी सामान्य के 25 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण पूरा होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कमलेश कुमार व ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग हेमंत कुमार व एमएसएमई के चंचल चतुर्वेदी उद्यमिता विकास संस्थान के कॉर्डिनेटर नीरज कुमार आदि अतिथि रहे। इस दौरान अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवा व किशोरों से स्वयं का रोजगार शुरू करने की बात कही।



प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते लोग। अमृत विचार

# एक जमीन को दो बार बेचने का आरोप

**बिधूना।** राजस्व विभाग के एक लेखपाल ने बिधूना कोतवाली में एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। लेखपाल प्रमोद कुमार द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, अतर सिंह नाम के एक व्यक्ति ने एक ही जमीन दो अलग-अलग लोगों को बेचकर धोखाधड़ी की है।

राजस्व ग्राम हरनागरपुर की गाटा संख्या 377, जिसका कुल क्षेत्रफल 0.987 हेक्टेयर है। सुखदेवी उर्फ पार्वती के नाम पर दर्ज थी। 30 सितंबर 2009 को सुखदेवी ने इस जमीन का कुछ हिस्सा मिथलेश कुमारी को और बाकी हिस्सा अतर सिंह और कमल सिंह को बेच दिया। इसके बाद, 19 दिसंबर 2009 को अतर सिंह ने अपनी जमीन कमल सिंह को शर्त विक्रय कर दिया। हालांकि, इन दोनों ही सौदों का नामांतरण नहीं हुआ, जिसके कारण सरकारी कागजात में जमीन का मालिक सुखदेवी ही बनी रहीं।

लेखपाल की तहरीर के मुताबिक, 14 अक्टूबर 2014 को अतर सिंह ने फिर से अपनी 0.405 हेक्टेयर जमीन यूपीडा को बेच दी। इस बार उन्होंने यह बात छिपा ली कि वह पहले ही यह जमीन कमल सिंह को बेच चुके थे। आरोप लगाया है कि इस तरह अतर सिंह ने धोखाधड़ी की।

**हिंदी दिवस** | शिक्षा के क्षेत्र व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित, काव्य गोष्ठी भी

# हिंदी राष्ट्र की आत्मा, सांस्कृतिक, एकता का प्रतीक

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** नगर के पाता मार्ग पर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी हुई। कार्यक्रम में हिंदी भाषा के गौरव को उजागर करने और उसके सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य पर चर्चा हुई। इसमें स्कूल परिवार, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि एड. अमरेश पांडेय ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता डॉ. अजीत द्विवेदी ने की। संचालन रामजी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सोशल वेलफेयर कमेटी व नेशनल पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में हिंदी-हमारा गौरव तथा शिक्षक दिवस जिंदाबाद के नारे गूंजे, जो हिंदी के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं। यूपी बोर्ड इंटर मीडिएट 2025 में जिला टॉप करने पर अभ्यांश पाल, कोठीपुर ग्राम प्रधान अमरेश पांडेय एडवोकेट, विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविंद द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि अपर्णा सिंह राष्ट्रीय संयोजक, केबीटी प्रोफेशनल विंग, इसके हाल ही में सेवानिवृत्त शिक्षक शिवप्रसाद स्वर्णकार को शिक्षा में योगदान, डॉ. अजीत द्विवेदी को साहित्यिक योगदान तथा आसिफ राईन (सामाजिक कार्यकर्ता एवं सभासद प्रतिनिधि) को समुदाय सेवा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सोशल वेलफेयर कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी (प्रवक्ता), उपाध्यक्ष अफजल अंसारी, सुनील यादव अखिलेश पाल, बाबूराम राजपूत की उपस्थिति ने आयोजन को और समृद्ध किया। इन सभी ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार तथा सामाजिक उत्थान पर विचार साझा किए। काव्य गोष्ठी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण काव्य गोष्ठी रही, जिसमें विभिन्न कवियों एवं साहित्यकारों ने हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया। प्रस्तुत कविताओं एवं विचारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी के महत्व को उजागर किया, जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की। यह गोष्ठी हिंदी को राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक पहचान का आधार बनाने पर केंद्रित रही। डॉ. अमरनाथ दीक्षित ने अपने समापन भाषण में हिंदी को राष्ट्र की आत्मा बताया तथा सभी से अपील की कि वे हिंदी के प्रति अपने दायित्व को निभाएं। आयोजकों ने जोर दिया कि हिंदी न केवल संचार का माध्यम है, बल्कि सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। समापन पर सभी अतिथियों एवं स्कूल परिवार ने एकजुट होकर "हिंदी-हमारा गौरव" के नारे लगाए, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण हो गया। यह आयोजन न केवल हिंदी दिवस को मनाने का माध्यम बना, अपितु समाज में सकारात्मक बदलाव एवं साहित्यिक उत्साह को प्रोत्साहित करने का एक प्रमुख मंच सिद्ध हुआ। नेशनल पब्लिक स्कूल ने इस वर्ष भी हिंदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया।



सम्मान समारोह के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# कान्हा गौशाला में लगाए पौधे संरक्षण का लिया गया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक स्थानों व धार्मिक स्थलों पर जीवनधारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रविवार को प्रातः 7 बजे समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) के नेतृत्व में शहर से लगभग 4 किलोमीटर दूरी पर दक्षिण दिशा में स्थित देवकली मंदिर के समीप कान्हा गौशाला में पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत नीम, बरगद, हरसिंगार, कदम, गुड़हल, बेलपत्री, चितवन, पकड़िया, अशोक आदि के पौधे अनूप कुमार बिश्नोई (बब्बू) द्वारा भेंट किए गए। उनका खाद व पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड सहित पौधारोपण किया गया। पौधों के देखभाल की जिम्मेदारी गौ रक्षकों को सौंपी गई। पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि पर्यावरण असंतुलन के कारण अचानक प्राकृतिक आपदाओं का सितम जारी है, पेड़ पौधों की निर्बाध रूप से कटाई निरंतर हो रही है, व्यापारिक दृष्टिकोण के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित प्राकृतिक वनों को समाप्त कर सौंदर्यीकरण किया जा रहा हैं। प्रकृति से अनावश्यक छेड़छाड़ होने पर पर्यावरण मंत्रालय को अंकुश लगाना चाहिए। संस्थापक ने बताया पौधारोपण अभियान लगातार चल रहा है।



पौधरोपण करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### दो भाइयों पर मारपीट का आरोप, केस दर्ज

**मौदहा।** क्षेत्र के सिजनौड़ा निवासी धर्मेंद्र ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कमलेश और अखिलेश ने उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मौदहा में मारपीट का वीडियो वायरल

**मौदहा।** कस्बे के तहसील रोड पर शुक्रवार शाम गोलीकांड को लोग भूले भी नहीं थे कि शनिवार देर शाम मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। वायरल वीडियो में एक युवक को बेरहमी से पीटते हुए गालियां दे रहे हैं। वायरल वीडियो मलीकुआं चौराहे का बताया जा रहा है। मारपीट करने वाले होटल के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता हैं। पुलिस कुछ नहीं बोल रही है।

### नाबालिग पुत्री को ले जाने की तहरीर दी

**बिवांर।** एक गांव के व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि चार दिन पहले मजदूरी करने के लिए गया था। घर में नाबालिग पुत्री अकेले थी। टीहर गांव के नीरज कुशवाहा की पड़ोस में रिश्तेदारी है। वह उसकी पुत्री को अपने प्रेमजाल में फंसाकर ले गया है। चार दिन से सुराग नहीं लग रहा है। एसआई मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि तहरीर मिली है। दोनों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### नशीली कोल्डड्रिंक पिला लूट का आरोप

**राठ।** कैथी गांव की पार्वती ने बताया कि गांव के दो युवक शुक्रवार शाम करीब 7 बजे उसके पति राकेश को घर से लिवा ले गए। दोनों युवकों ने सुनसान जगह में पति को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और जेब से 28200 रुपये निकाल लिया। जब पति देर रात तक घर नहीं पहुंचे तो वह खोजने के लिए निकली। पति बेहोशी हालत में पड़े मिले। पति ने होश में आने के बाद घटना की जानकारी दी। इंस्पेक्टर ने कहा कि उनके संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

### कुल्हाड़ी मार कर किया लहूलुहान

**सुमेरपुर।** पत्योरा निवासी रामकुमार ने रिपोर्ट लिखाई है कि गुरुवार रात 10 बजे वह गांव के अरविंद के घर से दूध लेकर लौट रहा था। रास्ते में गांव का अवधेश मिल गया और गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी मार कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### आरोग्य मेले में 45 मरीजों का उपचार

**कुरारा।** पारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 45 मरीजों ने उपचार कराया। ज्यादातर खांसी, जुकाम, वायरल बुखार के मरीज रहे। 19 मरीजों के खून, 6 ब्लड ग्रुप, 5 शुगर, तीन का हीमोग्लोबिन, 3 मलेरिया, 2 मरीजों ने टाइफाइड की जांच कराई। मेले में फार्मासिस्ट आनंद स्वरूप, स्टाफ नर्स रश्मि, एलटी देवेंद्र आदि रहे।

### दीवार तोड़कर नकदी किराना सामान चोरी

**बिवांर।** उमरी गांव के रमेश चंद्र उर्फ बउआ कस्बे के उदयभान नगर में सपरिवार रहता है। उसकी हीरानंद महाविद्यालय के पास सड़क किनारे किराना की दुकान है। शनिवार रात 8 बजे दुकान बंद कर घर आ गया। रात में चोरों ने दुकान की टीनशेड में चढ़कर छत पर पहुंचे और जीने की दीवार तोड़कर अंदर घुस गए। दुकान से काजू, नमकीन सहित अन्य सामान व गोलक से 10 हजार रुपये चोरी कर ले गए। सुबह दुकानदार ने थाने में तहरीर दी। एसआई अंकित बैसला ने निरीक्षण किया। शक के आधार पर दो किशोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### गाड़ी पलटने से महिला गंभीर रूप से घायल

**मौदहा।** बिवांर क्षेत्र के लदार निवासी विकास और कस्बा निवासी सत्यम चार पहिया गाड़ी से नेशनल कॉलेज से तिंदुही की ओर जा रहे थे, तभी मध्य प्रदेश के लवकुश नगर निवासी लीला (40) पत्नी भगवानदास ने उनसे लिफ्ट मांगी। जैसे ही गाड़ी आगे बढ़ी तो संतुलन बिगड़ने से पलट गई, जिससे महिला घायल हो गई। एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से महिला को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को हिरासत में लिया है।

# टीईटी के डिप्रेशन में शिक्षक ने फंदा बना मौत को गले लगाया

## बेटा बोला, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद परीक्षा को लेकर खासे परेशान थे पिता

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- राठ कस्बे के अतरौलिया मोहल्ले में बिजली तार का बनाया फंदा
- महोबा जिले के गौहानी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात थे

**अमृत विचार:** कस्बे के अतरौलिया मोहल्ले के रहने वाले एक सरकारी शिक्षक ने शनिवार की शाम फांसी लगा ली। सुबह घर से स्कूल के लिए निकलने और फिर शाम तक घर वापस नहीं आने पर जब परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की तो कस्बे के दूसरे वाले घर में उनका बिजली के तार के फंदे पर शव लटका मिला। बेटे का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट से टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) अनिवार्य किए जाने के बाद से डिप्रेशन में थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कस्बे के सैना रोड के रहने वाले पियूष अनुरागी ने बताया कि उनके पिता गनेशी लाल अनुरागी (52) महोबा जनपद के पनवाड़ी क्षेत्र के गौहानी गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक थे। शनिवार की सुबह उसके पिता स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे। शाम तक



गनेशी लाल।

जब वह वापस घर नहीं पहुंचे तो परिवार के लोगों ने उनकी खोजबीन शुरू की। पीयूष के मुताबिक उनका कस्बे के अतरौलिया मोहल्ले में दूसरा मकान है, जहां अक्सर उनका आना-जाना था। उसने बताया कि जब वह खोजबीन करते हुए अतरौलिया के दूसरे मकान में पहुंचा तो पिता बिजली के तार के फंदे पर लटके हुए थे।

### तीन दिन पहले पिंडदान कर गयाजी से लौटे थे

बेटे पीयूष ने बताया कि तीन दिन पहले पापा गनेशी लाल और मम्मी ऊषा के साथ परिवार के सभी लोग गयाजी गए थे। गयाजी में दादा- दादी का पिंडदान किया। शुक्रवार की रात सभी लोग लौटे थे। सभी लोग थके थे, इसलिए लौटने के बाद पापा से कुछ बात भी नहीं हुई और सभी लोग सो गए थे। शनिवार की सुबह पापा स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकल गए। इसके बाद पापा को कई बार फोन मिलाया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। शाम को भी फोन करते रहे, लेकिन बात नहीं हुई। इसके बाद चिंता हुई तो खोजबीन शुरू की। जब वह अतरौलिया वाले दूसरे मकान पर पहुंचा तो सब कुछ खत्म हो चुका था।

### बेटी की शादी को लेकर भी काफी तनाव में थे

बेटे पीयूष ने बताया कि जब से सुप्रीम कोर्ट ने टीईटी को लेकर फैसला सुनाया था, तब से वह टेंशन में थे। टेट के बारे में लोगों से चर्चा करते थे। वह कई किताबें घर लाए थे, जिन्हें पढ़ते थे। पीयूष ने बताया कि दीदी की शादी को लेकर भी वह तनाव में रहते थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जो शिक्षक टीईटी उत्तीर्ण नहीं कर पाएंगे, उन्हें नौकरी छोड़नी होगी। इसी तनाव में उन्होंने जान दे दी।

बेटे पीयूष ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से टीईटी अनिवार्य किए जाने के बाद से पिता मानसिक रूप से परेशान रहते थे। अब इस उम्र में वह परीक्षा से गुजरने में अपने को असहज महसूस कर रहे थे, इसी वजह से शायद वह डिप्रेशन में चले गए और आत्महत्या कर ली। शिक्षक की आत्महत्या का मामला सामने आने के बाद उनकी पत्नी ऊषा देवी, दो बेटियां स्वाती, अंशिका और बेटा पीयूष रोते-बिलखते रहे। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

## बिच्छू गैंग के सदस्यों ने 2 युवकों को पीटा रुपये छीनकर फरार

**राठ।** मझगवां थाने के अटगांव चौराहे पर आधा दर्जन युवकों ने दो बाइक सवारों को रोक कर रंगदारी मांगने लगे। जब बाइक सवारों ने रंगदारी देने से इंकार किया तो आरोपी युवकों ने जमकर मारापीटा। आरोप है कि रंगदारी मांगने वाले युवकों ने बाइक सवारों से रूपये छीन लिए। पीड़ितों ने थाने पहुंच घटना की जानकारी पुलिस को दी।

अटगांव निवासी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 10 बजे वह अपने साथी वीरेंद्र के साथ इकठौरा गांव जा रहा था। अटगांव चौराहे पर बिच्छू गैंग के सदस्यों ने उसे रोक लिया और रंगदारी मांगने लगे। बताया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उसे मारने पीटने लगे। यह भी बताया कि उसकी जेब में पड़े रुपये भी निकाल लिए। भूपेंद्र ने आरोप लगाया कि मझगवां थाना क्षेत्र में बिच्छू गैंग का आतंक बढ़ता जा रहा है। पीड़ितों ने मझगवां थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश पांडे ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। घायलों का मेडिकल परीक्षण भी करा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बुलंदशहर में हादसा, राठ के दो युवकों की गई जान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- एक ट्रक चालक तो दूसरा था खलासी, परिवार में कोहराम

**अमृत विचार।** कस्बे के पठनऊ व मुगलपुरा काजीपुरा मोहल्ला निवासी ट्रक चालक व खलासी की बुलंदशहर में हुई दो ट्रकों की भिड़ंत में मौत हो गई है। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो चीख पुकार मच गई।

कस्बे के जमा मस्जिद पठनऊ निवासी अकरम ने बताया कि बड़ा भाई इमरान (42) पुत्र फारुख ट्रक चलाकर परिवार का गुजारा करता था। शनिवार की सुबह करीब सात बजे वह घर से निकले थे। छत्तीसगढ़ से ट्रक में माल लादकर ऋषिकेश जा रहे थे। साथ में कस्बे के काजीपुरा मुगलपुरा निवासी मुकेश (22) अहिरवार पुत्र हरसहांय अहिरवार भी था। बुलंदशहर के पास सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से उसके उनके ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मुकेश को घायल अवस्था में अलीगढ़ अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक इमरान अपने पीछे तीन पुत्रियां जीनत, शहनूर, जैनब व एक पुत्र अदनान को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी रेहाना, मां कनीज का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक मुकेश की मां कुंवर बाई ने बताया कि उसका पुत्र ट्रक में क्लीनर था। उसका एकमात्र सहारा भी था। बताया कि पति की मौत के बाद पुत्र ही उसका सहारा था। मृतक अविवाहित था। पुत्र की मौत की खबर सुनकर मां बेसुध हो गई है। मृतकों के घरों में मोहल्लेवासियों की भीड़ लग गई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कुरारा।** कालपी स्टेट हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास शनिवार शाम 7:30 बजे कस्बा निवासी नूर अल्ला (52) बाइक से वापस आ रहा था, तभी केज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी और भाग गया। घायल को परिजन सीएचसी लाए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मधुमक्खियों के हमले में दर्जन भर लोग गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** साप्ताहिक बाजार में उमड़ी भीड़ के बीच मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिसमें लगभग 15 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर सभी का इलाज किया जा रहा है।

बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम ढुनगवां में तालाब के किनारे साप्ताहिक बाजार लगी हुई थी। उसी समय अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई और लोग छिपने के लिए सुरक्षित जगह तलाश करने लगे। इस दौरान प्रेमा (60) पत्नी सुभाष, कृष्ण दत्त (40) पुत्र रामनारायण, आयुष (02) महेश, चंद्रगुप्त (08) पुत्र मुकेश, अंजलि (08) महेश, जानवी (04) पुत्री



मधुमक्खियों के हमले में घायल महिला को उपचार को ले जाते लोग। अमृत विचार

- मौदहा की साप्ताहिक बाजार में उमड़ी भीड़ पर अचानक हमला

मुकेश, शोभा (28) मुकेश, सुभाष (60) पुत्र रामलाल सभी निवासी ग्राम ढुनगवां के साथ आधा दर्जन से अधिक दूकानदारों को मधुमक्खियों ने हमला कर घायल कर दिया। जिन्हें एंबुलेंस के एमटी अरविंद कुमार और पायलट अवधेश ने इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर सभी का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है और बच्चों की उल्टियां नहीं रुक रही हैं।

## महिला ने फंदा लगा कर ली आत्महत्या

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि उसने आत्महत्या की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थानाक्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी ज्ञान सिंह ने बताया कि उसके बड़े भाई वीर सिंह की शादी पांच वर्ष पूर्व सोनभद्र जनपद निवासी प्रीति (30) से हुई थी। करीब दो वर्ष पूर्व उसके भाई वीर सिंह ने आत्महत्या कर ली थी।भाई की मृत्यु के बाद प्रीति व उसके परिजनों ने बातचीत करने के पश्चात उसकी शादी उसके साथ करा दी थी। जिससे दो वर्ष की एक बेटी व एक आठ माह का पुत्र है। किसी बात को लेकर वह नाराज हो गई और उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार घर में फंदा लगाकर आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल होने आए उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायाधीश सैयद कमर हसन रिजवी ने शनिवार की देर शाम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने वीडियो कांफ्रोसिंग, महिला बैरक का निरीक्षण करने के साथ अस्पताल में भर्ती बंदियों का हालचाल जाना।

कारागार पर पहुंचने पर न्यायाधीश का जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा एवं जेलर केपी चन्दीला ने स्वागत किया। इसके बाद सलामी गार्द द्वारा गार्ड ऑफ आनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने कारागार के वीडियों कांफ्रेसिंग रूम का निरीक्षण किया। इसके बाद एलईडी बल्ब बनाने का व्यवसायिक प्रशिक्षण



जिला कारागार में पौधरोपण करते हाईकोर्ट के न्यायाधीश। अमृत विचार

प्राप्त 29 बंदियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके बाद महिला बैरक का निरीक्षण कर उनके साथ रह रही 4 वर्षीय बच्ची की शिक्षा एवं अन्य महिला बंदियों के केसों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। वहीं अस्पताल में भर्ती बंदियों का हाल-चाल जाना। इसके बाद भोजन की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। न्यायाधीश ने कारागार में वृक्षारोपण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ज्ञान प्रकाश सिंह, पीओ (एमएक्ट) अरूण कुमार मल्ल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप जेलर संगेश कुमार, गजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सुहेलदेव पार्टी के जिला अध्यक्ष के साथ मारपीट

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- पीड़ित जिलाध्यक्ष की पत्नी ने दो लोगों के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार।** पचखुरा गांव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष के घर में दबंगों ने तांडव किया। लाठी डंडों से लैस आरोपियों ने जिलाध्यक्ष व उनके परिवार के साथ गालीगलौज कर मारा-पीटा। परिवार ने इस कृत्य का वीडियो बना लिया। पीड़िता की पत्नी ने थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

पचखुरा गांव में कप्तान सिंह कठेरिया अपने दरवाजे पर खड़ा था, तभी गांव के धुन यादव, अलोकित यादव और तीन अज्ञात व्यक्ति आ धमके और कप्तान सिंह को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए पीटने लगे। शोर सुनकर कप्तान सिंह की पत्नी अनीता, बड़े भाई की पत्नी खुशबू, मां शकुंतला एवं पिता सुंदरलाल के साथ बीच बचाव करने लगे। तभी अलोकित का पुत्र ध्रुव भी आ गया और पिता के साथ मिलकर उनके साथ भी लाठी डंडों से पिटाई करने लगे।

शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित की पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस आरोपी ध्रुव यादव व अवलोकित यादव को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही है। वहीं पीड़ित कप्तान सिंह ने बताया कि उनके ऊपर जबरिया समझौते का दबाव बनाया जा रहा है।

# दर्जन भर कार्यकर्ता सपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- भाजपा, बसपा और कांग्रेस छोड़ कर सपा की सदस्यता ली
- पार्टी कार्यालय में नए सदस्यों का मालाएं पहनाकर स्वागत हुआ

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में रविवार को आयोजित समारोह में एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने अन्य दलों को छोड़कर समाजवादी पार्टी में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की।

सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में अन्य दलों से आए मानवेन्द्र सिंह भदौरिया, रामकृपाल निषाद, चंद्रपाल निषाद, प्रमोद पांडे, राजेश वर्मा, राम लखन, मुलायम यादव, शिवम सिंह, इदरीश शेख, शिवपूजन गुप्ता, छोटेलाल, राम मूरत निषाद, ब्रह्मदत्त तिवारी, शोहरत अली, दीपक यादव, राघवेंद्र सिंह, शिवकुमार, वीर सिंह चंदेल, विवेक सिंह भदोरिया, प्रशांत सिंह, शिवकुमार, अभिषेक सिंह, अंशु यादव, अमरेंद्र सिंह भदौरिया, बबूंदर सिंह, निजाम खान आदि ने भाजपा,



पार्टी में शामिल हुए नए सदस्यों का स्वागत करते सपा पदाधिकारी। अमृत विचार

बसपा, कांग्रेस और असपा छोड़कर सपा की नीतियों में आस्था जताते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

समारोह में वरिष्ठ सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, नंदकिशोर शिवहरे, हरनारायण निषाद, रामनारायण प्रजापति, राघवेंद्र यादव लकी, जगमोहन यादव, अभय प्रताप सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

# फैंसी ड्रेस में अनोखी डांस में हिमान्या प्रथम

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में रविवार को जेसीआई की ओर से बच्चों की डांस एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नन्हें मुन्हें बच्चों ने अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में दर्जन भर से अधिक बच्चों ने जलवा बिखेरा। प्रतियोगिता में क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल की अनोखी पुरवार ने प्रथम स्थान पाया। दूसरे स्थान पर राइजिंग स्टार के आयुष्मान और तीसरे स्थान पर सेठ छोटे लाल एकेडमी स्कूल की श्रेया गुप्ता रहीं। डांस प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक डांस पेश कर वाहवाही लूटी। हिमान्या



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रा।

राजपूत ने पहला स्थान पाकर खूब तालियां बटोरी। दूसरे स्थान पर शिवांगी और तीसरे पर अनन्या रहीं। यहां जेसी शिवशरण सोनी, धर्मेंद्र कोष्टा, नवीन बुधौलिया, प्रवीण बुधौलिया, अवधेश जड़िया, गंगाराम राजपूत, उमाशंकर गुप्ता, भास्कर, मुहम्मद रिजवान रहे।

**मिला भरोसा** जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष ने 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

# मुख्यमंत्री से मिलकर समस्याओं पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर जनपद में विकास से संबंधित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर इनके निदान की मांग की।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक के नेतृत्व में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का एक दल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। जहां पर जनपद के विकास के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें जनपद में प्रस्तावित 200 बेड के अस्पताल



मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते भाजपा जिलाध्यक्ष और पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

के शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने, कुपरा-बेरी के मध्य बेतवा नदी में नवीन पुल की स्वीकृति दिए जाने, सुमेरपुर मौजे की शीघ्र चकबंदी कराए जाने, सुमेरपुर में पीएचसी सेंटर को उच्चीकृत किये जाने, सुमेरपुर में स्टेडियम बनवाने, मौदहा में बस स्टैंड बनवाने, सिसोलर से भुलसी मार्ग का चौड़ीकरण कराने, परसदवा डेरा से भुलसी तक सड़क निर्माण कराने, भुलसी केन नदी में नवीन पुल निर्माण कराने, मुस्करा ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाए जाने, कुरारा ब्लाक के ग्राम जखेला में नवीन जूनियर हाईस्कूल खुलवाए जाने, मुख्यालय में यमुना नदी व बेतवा नदी पर बन रहे पुल का निर्माण कराने की मांग की। इस अवसर पर जिला महामंत्री रोहित शिवहरे, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष चक्रवर्ती शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, अंकित गुप्ता, रणवीर सिंह, योगेन्द्र दीक्षित, अनुप सिंह, जितेन्द्र पाल, मनोज धुरिया, शक्ति चौरसिया, महेन्द्र शुक्ला, सत्य प्रकाश राजपूत, रामआसरे राजपूत, रामऔतार सिंह उपस्थित रहे।

# 24 घंटे चला दुर्गा चालीसा का पाठ

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** नशामुक्त, खुशहाल और अपराध मुक्त समाज के निर्माण के लिए बड़ी देवी मंदिर में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न हुआ। समापन से पूर्व नगर में नशामुक्ति सद्भावना जनजागरण परिवर्तन रैली निकाली गई।

भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चुनूबाद कुशवाहा ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है, घर बर्बाद हो रहे हैं और माताएं-बहनें परेशान हैं। जब तक देश में शराब बंदी लागू नहीं होगी तब तक अपराध खत्म नहीं होंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गौतम ने कहा कि मनुष्य के तीन कर्तव्य हैं, धर्म की रक्षा, राष्ट्र की रक्षा और मानवता की सेवा।



अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ में मौजूद भक्त। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष लालाराम यादव ने नशामुक्त भारत बनाने के लिए पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। टीम प्रमुख श्याम बाबू कुशवाहा ने समाज में दुर्गा चालीसा पाठ करने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी अरुण शिवहरे ने भी विचार रखे। भगवती मानव कल्याण संगठन के तहसील उपाध्यक्ष शोभित सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन टीम प्रमुख अनिल सेंगर ने किया। महाआरती क्रम में धीरेंद्र कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, रज्जन विश्वकर्मा, विजय बहादुर सिंह, धीरू गुप्ता, आशीष सोनी, रामकिशोर प्रजापति, राजा कुशवाहा, हरिराम कुशवाहा, शकुन्तला, चंद्रकली, कविता, सीमा, कौशल्या लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## संतोष पटेरिया का उदयपुर में सम्मान

**महोबा।** हिन्दी दिवस पर राजस्थान के उदयपुर में साहित्य मंडल नाथूराम सम्मान समारोह में जिले के साहित्यकार संतोष पटेरिया को हिन्दी काव्य भूषण-2025 का सम्मान दिया गया। समारोह में विभिन्न प्रांतों से पहुंचे कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। राष्ट्रपति भवन के मुख्य कार्यालय में कार्यरत राजेंद्र कुमार मिश्रा और पूर्व कुलपति प्राध्यापक साहित्कारों की उपस्थिति रही। इस मौके पर उदयपुर के समीप नाथूराम के बारे में भी बताया गया।

## पुलिस टीम ने पांच जुआरियों को पकड़ा

**महोबा।** खरेला पुलिस ने रविवार को सादराय कस्बे में जुआ खेर रहे गोरेलाल कोरी, करन कोरी, रंजीत कोरी, अजय कोरी व संजय कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तलाशी से 510 रुपये, फड़ से 3820 रुपये बरामद किए ।

## यादव महासभा का 28 को होगा शपथ ग्रहण

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** यादव महासभा की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 28 सितंबर को कस्बे के श्री शिवानंद महाराज विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होगा। महासभा के जिलाध्यक्ष सुघर सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय आम सहमति से हुआ। जिलाध्यक्ष ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक चौधरी जगराम सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि महासभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव मौजूद रहेंगे। बैठक में रमाशंकर यादव, नंदकिशोर यादव, घनश्याम यादव, जयपाल सिंह यादव, अशोक कुमार यादव, जनमेजय यादव, शारदादीन यादव, शिव गोविंद, प्रेम शंकर, दीपक यादव, अनार सिंह,, रमेश कुमार,पप्पू यादव आदि रहे।

## बजरंग दल की बैठक में समरसता पर जोर

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में बजरंग दल की प्रांतीय बैठक में दूसरे दिन समरसता पर विचार रखे गए। बैठक में प्रांत संयोजक अजीत राज ने बौद्धिक दिया। बैठक में प्रांत के सहसंयोजक अमरनाथ, शुभम कौशिक समेत 21 जिलों के जिला संयोजक सहसंयोजक उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य भावी कार्यक्रमों की दिशा एवं हिंदुओं में समरसता का भाव जागृत करना है। बैठक में विश्व हिंदू परिषद राठ नगर की अध्यक्ष की घोषणा हुई। बद्री प्रसाद सोनी को नगर अध्यक्ष बनाया गया।

# 800 मीटर दौड़ में प्रशांत और संध्या सबसे तेज धावक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- आतिशबाजी के साथ प्रांतीय खेलकूद समारोह की शुरुआत
- स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में 495 प्रतिभागी शामिल

**अमृत विचार।** स्टेडियम में 36वें प्रांतीय खेलकूद समारोह का विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्र की मौजूदगी में आयोजन किया गया। तीन दिवसीय खेलकूद समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर व विशिष्ट अतिथि जिला पर्यटन एवं संस्कृति अधिकारी चित्रगुप्त ने ध्वजारोहण कर किया। उद्घाटन के मौके पर स्टेडियम में गुब्बारे उड़ाने के साथ आतिशबाजी हुई।

कई जिलों से आए करीब 495 प्रतिभागियों के अलावा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के स्काउट गाइड ने बैंडबाजों की धुन के साथ मैदान पर मार्च पास कर अतिथियों को सलामी दी। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत देकर समारोह में चार चांद लगा दिए। खेलकूद समारोह में अखिल भारतीय खेलकूद समारोह की स्वर्ण पदक विजेता संध्या राजपूत झांसी और अखिल भारतीय खेलकूद समारोह की कांस्य पदक विजेता राशि कश्यप कानपुर ने जलती हुई मसालों के साथ खेल परिसर का तेज गति में भ्रमण कर कार्यक्रम का आगाज किया। अंडर 14 बालिका वर्ग की गोला फेंक में अदिति दिवियापुर ने प्रथम स्थान, मरियम फतेहपुर ने द्वितीय तथा छवि राजपूत जालौन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बालक वर्ग की लंबी कूद में बांदा से आए लक्ष्मी प्रसाद ने प्रथम स्थान झांसी के प्रिंस ने द्वितीय तथा कन्नौज के अर्चित यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में बांदा के आशुतोष ने प्रथम स्थान दिबियापुर के नैतिक ने द्वितीय व बांदा के आदित्य तिवारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ में प्रशांत दिबियापुर ने पहला, फतेहपुर के मयंक ने दूसरा तथा कन्नौज के



दौड़ प्रतियोगिता में दमखम दिखाते प्रतिभागी। अमृत विचार

शिवांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ में संध्या झांसी प्रथम स्थान गौरी जालौन द्वितीय व विधि केसरवानी कानपुर तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग की 600 मीटर दौड़ में श्यामजीत कन्नौज अव्वल रहे, जबकि दूसरा स्थान राज सहरिया झांसी व सौरभ फतेहपुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग की 600 मीटर दौड़ नैंसी राजपूत झांसी, आरुषि सिंह हमीरपुर शताक्षी हमीरपुर ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालक वर्ग की लंबीकूद में ध्रुव कुमार कन्नौज प्रथम स्थान हर्ष कुशवाहा झांसी द्वितीय स्थान व संस्कार जालौन तृतीय रहे।

प्रतियोगिता में दिबियापुर, कानपुर, कन्नौज, जालौन, बांदा, हमीरपुर, फतेहपुर और झांसी जिले के 495 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। निर्णायक मंडल में लक्ष्मीकांत बाजपेई झांसी, शैलेंद्र सिंह यादव झांसी, जितेंद्र त्रिपाठी कन्नौज, घनश्याम शुक्ला बांदा, संतोष




प्रतियोगिता के दौरान मंचासीन समारोह के अतिथि। अमृत विचार

चिरगांव, नरेंद्र सिंह सेंगर चरखारी, सुधीर कानपुर, शिशिर पाठक फतेहपुर, अनूप खरे, महरौनी धर्मेंद्र बरुआसागर उपस्थित रहे। खेलकूद प्रतियोगिताओं की रुपरेखा प्रांतीय शरीरिक प्रमुख कानपुर राकेश बधवार द्वारा बनाई गई। जिला क्रीडा अधिकारी संदीप गुप्ता, विद्या भारती संभाग निरीक्षक शिवकरण, कानपुर संभाग के संभाग निरीक्षक अजय, जिला वनाधिकारी नरेंद्र सिंह ने मंच की शोभा बढाई। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह द्वारा खेलकूद समारोह के आयोजन में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य पंडित जगप्रसाद तिवारी ने किया। इस मौके पर प्रभाकर त्रिपाठी सह प्रांत शारीरिक प्रमुख कानपुर प्रांत, पूर्व प्रधानाचार्य समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, साईं कालेज के प्राचार्य डॉ. लालचंद्र अनुरागी, एडवोकेट लायक सिंह परिहार, अरुण उपाध्याय, अर्चना वर्मा, जगदीश के अलावा आचार्य, छात्र-छात्रा एवं अभिभावक रहे।

## खरेला पुलिस ने दो वारंटियों को पकड़ा

**महोबा।** वारंटियों के खिलाफ अभियान में रविवार को खन्ना थाने की पुलिस ने दो वारंटी को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा है।

एएसपी वंदना सिंह, चरखारी सीओ दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में खरेला थानाध्यक्ष सुषमा चौधरी द्वारा गठित टीम के एसआई तवरेज आलम के नेतृत्व में कांस्टेबल शील कुमार, अनिल सोनकर महिला कांस्टेबल नेहा देवी ने देवनारायण तिवारी (70) पुत्र नत्थू व छत्रपाल यादव (50) पुत्र रामपाल यादव निवासीगण ग्राम कुआ को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सम्बन्धित केश नं0 533/24 धारा 147/ 148/ 452/ 354(ख)/ 354/ 504/506/323 भादवि0 थाना खरेला में सिविज जज जूनियर डिविजन मजिस्ट्रेट चरखारी द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्तों उपरोक्त को ग्राम कुआं के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया और दोनो अभियुक्तों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया।

# जनपद में खाद संकट से निपटने को डीएम ने खुद संभाली कमान

## जिले के थोक और फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक कर दिए जरूरी निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- रोज सुबह 9 बजे से शाम तक 6 बजे तक खुलेंगी दुकानें
- पोर्टल पर आईडी बनाकर स्टॉक अपडेट करने के निर्देश

**अमृत विचार।** जिले में खाद संकट से निपटने के लिए डीएम गजल भारद्वाज ने खुद कमान संभाल ली है। उन्होंने खाद भंडारण, वितरण, मांग व आपूर्ति को लेकर कलेक्ट्रेट सभागर में बैठक की, जिसमें थोक और फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्धारित दरों पर ही बेचने के निर्देश दिए। डीएम ने कृषि रक्षा रसायनों एवं बीज विक्रेताओं को निर्देश दिए कि आईपीएमएस व साथी पोर्टल पर अपनी आईडी बनाकर स्टॉक को अपडेट करें और रबी सीजन में कृषि रक्षा रसायनों व बीजों का वितरण पोर्टल से करना सुनिश्चित करें।

बैठक में डीएम ने कहा कि सभी निजी उर्वरक बिकी केंद्र प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। यदि किसी कारण से प्रतिष्ठान बन्द किया जाता है तो सूचना पट पर



उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक करतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

बंद करने की सूचना अवश्य अंकित करें। उन्होंने कहा कि निजी बिक्री केन्द्र 10 से 12 किमी परिधि में आने वाले ग्रामों के कृषकों को ही उर्वरकों का वितरण करेंगे। अनुदानित खाद का वितरण भूमिस्वामी कृषकों के स्वयं आने और खतौनी व फसल की वैज्ञानिक संस्तुतियों के आधार पर ही उपलब्ध कराई जाए। किसी अन्य व्यक्ति या भूमिहीन को खाद कतई नहीं दी जाएगी।

डीएम ने कहा कि निजी उर्वरक बिक्री केन्द्र स्टॉक, रेट बोर्ड दीवार पर पेंट से लिखाएं और रोज स्टॉक को अद्यतन करें। केन्द्रों में स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, किसान के मोबाइल नंबर उपलब्ध होने चाहिए। कृषकों को पीओएस मशीन से उपलब्ध कराई गई उर्वरकों के बिल की एक प्रति अभिलेखों के साथ रखी जाए और किसानों को खतौनी में उपलब्ध भूमि व उस पर बोई गयी फसल की वैज्ञानिक संस्तुति के आधार पर ही वितरण किया जाए। खतौनी को सुरक्षित रखा जाए। कृषकों को बिना उनकी सहमति के किसी भी उत्पाद की टैगिंग न की जाए। निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध करायी जाये। भूमिधरी कृषक के स्थान पर बटायीदार या अन्य किसी कृषक के उपस्थित होने की स्थिति में पॉश (पीओएस) मशीन में ऑप्शन का प्रयोग करते हुए उर्वरको को वितरण किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी के अलावा थोक व फुटकर उर्वरक विक्रेता मौजूद रहे।

# दिन भर समिति में बैठने के बाद भी 60 फीसदी किसानों को खाद नहीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अजनर साधन सहकारी समिति में खाद को लेकर किसानों की सुबह से भारी भीड़ जमा हो गई। किसान खाद के इंतजार में सारा दिन सहकारी समिति में लाइन पर लगा रहा, इसके बाद भी तमाम किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल सकी, इससे किसानों मे खासा गुस्सा दिखाई दे रहा है। सहकारी समिति में आयी 500 डीएपी खाद की बोरी आने की खबर मिलते ही किसान ने सुबह से ही समिति में डेरा जमा लिया, लेकिन बमुश्किल दिन भर लाइन पर लगने के बाद 123 किसानों को खाद मिलने के बाद खत्म हो गई, जिससे किसान बैरंग अपने अपने घर वापस लौट गए।

गौलतलब है कि आज कल डीएपी खाद को लेकर मारामारी मची हुई है। किसान खाद के लिए साधन सहकारी समितियों के चक्कर काट रहा है, इसके बाद भी किसानों को खाद मयस्सर नहीं हो पा रही है। उधर रबी फसल की बुवाई का समय अनकरीब आता देख किसान



खाद लेने के लिए समिति में जुटी किसानों की भीड़। अमृत विचार

- 500 बोरी खाद 123 किसानों को बांटने के बाद ही हुई खत्म

खाद को लेकर खासे चिंतित हैं। हालत यह है कि खाद आने के बाद न तो किसान मजदूरी पर जाता और न ही कोई अन्य कार्य करता है। खाद की उम्मीद में समितियों में लाइन ला लेता है और सारा दिन समय बर्बाद करने के बाद भी 60 फीसदी किसानों को खाद नहीं मिल पा रही हैं। एक तरफ जहां किसानों की मजदूरी का नुकसान हो रहा है वहीं दूसरी तरफ उन्हें खाद भी मिल पा रही है, इससे किसानों में खासा गुस्सा दिखाई दे रहा है। साधन सहकारी समिति अजनर के सचिव भूपकिशोर ने बताया कि समिति में मात्र 500 बोरी खाद आई थी। प्रति एकड़ भूमि के हिसाब से किसानों को खाद का वितरण किया गया, जिसमें 123 किसानों को खाद का वितरण किया जा सका है। खाद के लिए डिमांड की गई है। खाद आने पर तत्काल खाद का वितरण कराया जाएगा।

# किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** महोकबंठ थाना क्षेत्र के सौरा गांव में 17 वर्षीय किशोरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी का शव फांसी पर लटका होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे से किशोरी के शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है।

सौरा गांव निवासी जयराम सेन रविवार को बकरियां चराने के लिए खेत में गया हुआ था। तभी उसकी 17 वर्षीय पुत्री सपना सेन ने घर पर किसी के न होने पर अज्ञात कारणों के चलते कमरे में फांसी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने कमरे की खिड़की से किशोरी के शव को लटकता देखा तो उसके पिता और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पिता की मौजूदगी में किशोरी के शव को फांसी से उतारकर नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए मृत घोषित कर दिया। पुत्री की मौत की खबर सुनते ही पिता का रोने पीटने लगा, जिसे ग्रामीणों ने संत्वना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर ग्रामीणों ने बताया कि जयराम की पत्नी पहले ही मौत हो चुकी थी और अब पुत्री भी छोड़कर चली गई। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया से मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के कारणों को लेकर मृतक के पड़ोसियों व परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम आने के बाद ही मौत का सही कारण ज्ञात हो सकेगा।

### महेवा में युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**महोबा।** कबरई थाना क्षेत्र के महेवा गांव में एक युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की मौत से घर में कोहराम मचा है। महेवा निवासी कामता प्रसाद की पुत्री सुमन घर में अकेली थी। परिवार के लोग खेत में काम करने गए थे, तभी उसने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। शाम को घर लौटे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आत्महत्या का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

## सेवा पखवाड़ा को लेकर हुई बैठक

**महोबा।** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर श्रीनगर के नवोदय महाविद्यालय में बैठक हुई।

बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयपाल सिंह, मंडल प्रभारी राधेश्याम गुप्ता, सहप्रभारी अरुण सक्सेना और मंडल प्रवासी संतोष गुप्ता ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री राघवेंद्र सिंह ने किया। बैठक में रणनीति तैयार की गई। यहां जिला पंचायत सदस्य बलवान सेन, रामकरण मिश्रा, अमित दीक्षित, हरिशंकर राजपूत नारायणदास कुशवाहा, राजेश नामदेव, अनूप सोनी आदि रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 53526 वाद निपटे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिला न्यायाधीश ने शुभारंभ कर न्यायालयों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** जनपद न्यायालय के सभा कक्ष में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात जनपद न्यायाधीश द्वारा न्यायालय परिसर मे आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत एवं समस्त न्यायालयां का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण दौरान उन्होंने अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किये जाने के लिए निर्देशित किया। जिले की राष्ट्रीय लोक अदालत में 55506 वादो का निस्तारण किया।

आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल के 13, मोटर




राष्ट्रीय लोक अदालत मौजूद न्यायिक अधिकारी व वादकारी। अमृत विचार

दुर्घटना प्रतिकर के 24, बैंक ऋण एवं अन्य फाइनेंस कम्पनी एवं बैंक से सम्बन्धित प्रीलिटिगेशन स्तर के 670, लघु अपराधिक मामलों के 1241 वादां का मौके पर निस्तारण किया गया, इसके अलावा उत्तराधिकार के कुल 01, विद्युत अधिनियम के 31 तथा अन्य प्रकार कुल 53526 वादां का निस्तारण किया गया। अयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वादां में प्रतिकर धनराशि के रूप में 14562200 रुपये, अर्थदण्ड के रूप में 880330 रुनये एवं विभिन्न बैंकों के 54548651 रुपये तथा उत्तराधिकार के वादां में 40499 रुपये की धनराशि दिलायी गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में विपिन कुमार मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, अशोक कुमार यादव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, धुरव राय नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम), लखविन्दर सिंह सूद अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी कोर्ट, तेन्द्र पाल अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सर्वोत्तमा नागेश शर्मा अपर जिला जज, एफटीसी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितिन कुमार राठी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

सत्संग | कबीर आश्रम में आयोजित सत्संग में कबीर के भक्तों ने दोहा और श्लोक सुनाए

# रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने, वही यह सृष्टि चला रहे हैं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में रविवार को शहर के कबीर आश्रम में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग की शुरूआत कबीर वंदना जय कबीर, जय गुरू कबीर, दास तोरे द्वार खड़े उनकी हरो पीरा से हुई, इसके बाद कबीर दोहो को संगीत के साथ प्रस्तुत कर उनकी व्याख्या की गई साथ ही श्रीमद् भागवत गीता के श्लोकों के माध्यम से ईश्वर का स्मरण की सच्चे मन से करने के लिए प्रेरित किया गया।

सत्संग में सर्वप्रथम समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने श्रीमद् भागवत गीता के अध्याय 8 क



सत्संग में भजन प्रस्तुत करते गायक। अमृत विचार

श्लोक संख्या 14 अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः। तस्याहं सुलभः पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिनः की व्याख्या करते हुए कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से ईश्वर का स्मरण करता है, उस भक्त के लिए ईश्वर सदैव सुलभ रहते हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने बताया कि जब तक प्राण है तब तक ईश्वर का स्मरण करते रहना चाहिए, मृत्यु के बाद तो सभी सदैव के लिए सो जाएंगे। कबीर दोहा "कबीर सुता क्या करे, जागी न जपे मुरारी, एक दिन तू भी सोवेगा लम्बे पांव पसारी" अर्थात् तुम अज्ञान और माया की नींद में क्यों सोए रहते हो, उठो और ईश्वर की भक्ति में लग जाओ, क्योंकि एक दिन तुम हमेशा के लिए सो जाओगे। डॉ. अनुरागी ने कहा कि यह दोहा जीवन की नश्वरता और ईश्वर भक्ति की महत्ता पर जोर देता है और हमें जागृत होकर आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का आह्वान करता है।

सत्संग में पंडित आशाराम तिवारी ने साच बराबर तप नहीं कि व्याख्या करते हुए कहा कि सत्य का आचरण करना सबसे बड़ा पप है। पंडित हरीशंकर नायब ने कहा कि सत्संग से धर्म अर्थ काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। पंडित जगदीश रिछारिया ने भजन रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने, वही यह सृष्टि चला रहे हैं, जो पेड़ हमने लगाए पहले, उसी का फल अब हम पा रहे हैं.... सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजन गायब संगम सिंह चंदेल ने बुंदेली भजन जीपे चढ़ो राम को रंग, उन्हें न चान्हे कोनऊॅ संग भजन सुनाया तो वहीं कामता प्रसाद चौरसिया ने भजन कब भजहौ सतनाम सुनाया। ढोलक वादन करते हुए ऋषि शर्मा ने शानदार भक्ति रचना एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाए..... प्रस्तुत किया। अंत में समिति प्रमुख द्वारा सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर राजाराम चौरसिया, किशोरी अनुरागी, आशाराम तिवारी आदि कबीरी भक्त मौजूद रहे।

# महालक्ष्मी की पूजा कर मांगी समृद्धि

संवाददाता, बेलाताल

**अमृत विचार।** घरों में सुख समृद्धि और सम्पन्नता देने वाली महालक्ष्मी की पूजा अर्चना महिलाओं ने बड़े ही उत्साह और धार्मिक भाव से की। हाथी पर सवार लक्ष्मी की पूजा के साथ ही महिलाओं ने हाथी की भी पूजा की। पूजा अर्चना के लिए महिलाएं स्नान करने के बाद पूजा अर्चना में जुट गईं।

रविवार को कस्बा जैतपुर में अष्टमी के दिन महालक्ष्मी की पूजा के लिए महिलाएं बेलासागर तालाब में स्नान करने के लिए घाटों पर एकत्र हो गई। स्नान के समय महिलाओं ने 16 बार डूबकी लगाई, रेशत सूत की 16 गांठों पर धागा बांधकर हरी दूबा से 16 बार महालक्ष्मी व सूर्य देव का अर्घ्य दिया और व्रत भी रखा गया, इसके बाद दोपहर से महिलाओं ने गणेश जी की



रविवार को अष्टमी पर घर में महालक्ष्मी की पूजा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

मिट्टी से बनी प्रतिमा बैठाकर गणेश जी की पूजा अर्चना की।

ब्रह्माणों द्वारा महालक्ष्मी कथा का उपस्थित महिलाओं को वृतांत सुनाया। हाथी पर सवार लक्ष्मीजी पर महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के पकवान चढ़ाए। महालक्ष्मी की कथा से सुनी और महालक्ष्मी से अपने संतान की सुख समृद्धि की कामना की तथा महालक्ष्मी जी के बड़े ही धार्मिक भाव से आरती उतारी। महिलाओं ने व्रत रखा और विशेष रूप से माता लक्ष्मी, धन और समृद्धि की देवी को समर्पित किया। महालक्ष्मी व्रत 16 दिनों तक चलता है और इस दौरान भक्त माता लक्ष्मी की आराधना कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला की आत्महत्या मामले में पीड़ित परिवार ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। ज्ञापन सौंपा और न्याय की गुहार लगाई। इनका कहना था कि घटना को लगभग एक महीना बीतने को है लेकिन अब तक सिर्फ एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है, जबकि दो अन्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। परिवारीजनों ने उप मुख्यमंत्री से कहा कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा नहीं होती तब तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाएगा। इस पर उप मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि पूरे प्रकरण पर जल्द ही गंभीरता से कार्रवाई कराई जाएगी।

### राहगीरों को परेशान करने वाला गिरफ्तार

**कालपी।** रविवार दोपहर को स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कालपी-देवकली रोड में राहगीरों को परेशान करने में शामिल एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मार्ग में तिगरेश्वर के सामने देवकली चौराहे में आरोपी युवक इंदल पुत्र बच्ची लाल निवासी ग्राम देवकली सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के साथ मारपीट तथा परेशान कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाली से उप निरीक्षक राजेश कुमार मौके पर पहुंचे तथा आरोपी युवक को उत्पात करने से रोका गया। इसके बावजूद भी आरोपी युवक नहीं माना। फलस्वरुप उप निरीक्षक राजेश कुमार ने आरोपी इंदल सिंह को पकड़कर धारा 151 के अंतर्गत चालान कर दिया।

### अलग-अलग मामलों में दो वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के एसआई अखिलेश सिंह यादव ने वारंटी पवन कुमार राजपूत पुत्र रज्जू निवासी भौरी को गिरफ्तार किया। बहिलपुरवा थाने के एसआई अरविंद कुमार ने वारंटी कमला यादव पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम बिलहरी को गिरफ्तार किया।

### कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा

**चित्रकूट।** कोतवाली पुलिस ने तीन वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसआई कैलाश नाथ यादव ने वारंटी विनोद यादव निवासी चकला गुरु बाबा को गिरफ्तार किया। एसआई अंशुल कुमार ने अखिलेंद्र कुमार और मिथलेश कुमार निवासी कुली तलैया को गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करें अफसर : केशव मौर्य

## उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में अफसरों को किया आगाह

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में जिले के विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों को आगाह किया कि कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान अवश्य करें। अगर कहीं से कोई शिकायत जनप्रतिनिधियों ने की तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अपने एक दिवसीय दौरे पर रविवार को चित्रकूट पहुंचे डिप्टी सीएम ने विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि आकांक्षी जिले चित्रकूट में विकास कार्य सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। आवास योजना में लाभार्थियों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। खंड विकास अधिकारी केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ पात्रों को दें। किसानों को खाद की समस्या नहीं होनी चाहिए। हर घर जल नल योजना में प्रगति कराई जाए। जनप्रतिनिधियों के कार्य का शत प्रतिशत अनुपालन होना चाहिए। इसके पूर्व उप मुख्यमंत्री ने गार्ड ऑफ आनर लिया। भाजपा के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से समस्याओं एवं विकास कार्यों के बारे में जानकारी की। जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री का देवांगना एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और भाजपाई मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने श्री कामदगिरि प्रदक्षिणा प्रमुख द्वार मंदिर जाकर भगवान श्री कामता नाथ का दर्शन और पूजन भी किया। मंदिर के व्यवस्थापक संत मदन गोपाल दास ने उनको भगवान का चित्र, श्री रामचरितमानस और प्रसाद भेंट किया। उप मुख्यमंत्री ने कुछ देर राम नाम संकीर्तन भी किया।


उप मुख्यमंत्री को भगवान कामतानाथ का चित्र भेंट करते संत मदन गोपाल दास।

### धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में होगा विकास

- मौर्य ने कहा कि पर्यटन विकास को लेकर भगवान कामतानाथ जी की तीर्थ नगरी में सरकार लगातार प्रयासरत है। जिले को धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी विभागीय अधिकारी आम जनमानस को दें, यही सरकार की मंशा है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ...तो अखिलेश यादव को होगी शर्मिंदगी

- पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि बहुत कुछ किया गया और बहुत कुछ होना बाकी है। उन्होंने कटाक्ष किया कि अखिलेश यादव सत्ता में रहे हैं। जब वह इसका आकलन भाजपा सरकार के कामकाज से करेंगे तो उनको शर्मिंदगी होगी। तब सरकार परिवार डेवलपमेंट एजेंसी बनकर रह गई थी। 2027 में भी वह कतई कामयाब नहीं होंगे। पेशवाकालीन इमारतों के ध्वस्तीकरण को लेकर उनका कहना था कि डबल इंजन सरकार देश की प्राचीन विरासत का संरक्षण कर सर्वांगीण विकास में जुटी है। एसआईआर और वोटचोरी के मुद्दे पर कहा हार निकट दिखती है तो इस तरह के फर्जी आरोप लगाकर फर्जी यात्राएं निकाली जाती हैं।

# पुरुष बली नहीं होत है समय होत बलवान...

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुरुष बली नहीं होत है समय होत बलवान, भीलन लूटी गोपिका वही अर्जुन वही बान, कहावत भारतीय जनता पार्टी की जिले की वर्तमान राजनीति पर बिल्कुल फिट बैठती है। हाल फिलहाल में जिले में आने वाले कद्दावर पार्टी नेताओं के साथ जिन नेताओं की तस्वीरें सामने आती हैं, उनसे साफ है कि अंदरखाने में बहुत कुछ बदल रहा है।

जिले में समाजवादी पार्टी हो या फिर भारतीय जनता पार्टी गुटबाजी हावी ही रही। हालांकि दोनों पार्टियों के नेता इस बात से इंकार करते हैं पर जमीनी हकीकत अपने आप सब कुछ बयान कर देती है। समाजवादी पार्टी में वर्तमान और पूर्व जिलाध्यक्ष के बीच खींचातानी कौन नहीं जानता। पार्टी के सदर विधायक के साथ अक्सर विवाद की बातें सामने आती हैं। पर यहां बात भाजपा की है। भाजपा में हाल फिलहाल तक चार पांच पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों या यूं कहा जाए कि पहुंच वाले नेताओं की काफी चली। मुख्यमंत्री से मिलकर आने के बाद फेसबुक में फोटो डालकर अपनी पहुंच का अहसास आम आदमी के साथ अफसरों में कराने की उनकी कवायद को कौन नहीं जानता। किसी भी बड़े नेता के आगमन पर आगे आगे वे ही होते रहे हैं और उनकी ही फोटो छपती रही हैं। पर हाल में यह स्थिति बदली है। जब से जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य बने हैं, तस्वीर का दूसरा रुख सामने आया है। यह भी दिखने लगा है कि जिले की राजनीति में कौन हावी हो रहा है। बीते दिन आए उप मुख्यमंत्री के साथ फोटो में जो लोग दिख रहे हैं, उनको पहले तथाकथित जी फाइव के दौर के दौरान नहीं देखा जाता रहा है। विधानसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं। और इसके पहले पंचायती चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा राजनीति के बदले समीकरण और बदली इबारतें कुछ और संकेत देती हैं। हालांकि भाजपा नेता इस बात से साफ इंकार करते हैं कि पार्टी में गुटबाजी है पर राजनीति में उस बात, जो कही जाती है, से ज्यादा उस बात का मतलब होता है, जो कही नहीं जाती। कुछ भाजपा नेताओं का गुटबाजी के सवाल पर मुस्कराकर कन्नी काटना भी यह बता जाता है कि वक्त बदल गया है। अब देखना यह होगा कि वो लोग इस बदले वक्त का रुख अपनी ओर कैसे मोड़ते हैं।


उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ मौजूद भाजपा के नेता ।

- भाजपा की जिले की राजनीति में दिख रहे नए संकेत


बोलेरो को सीधा करते लोग। अमृत विचार

## बोलेरो पलटी, बालबाल बचे एसडीएम

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** वीआईपी ड्यूटी से लौट रहे एसडीएम राजापुर फूलचंद यादव की बोलेरो बाइकसवार को बचाने में पलट गई। भगवान का शुक्र रहा कि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। घटना रविवार शाम लगभग चार बजे की है।


एसडीएम फूलचंद यादव।

उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बाद एसडीएम फूलचंद यादव राजापुर लौट रहे थे। कर्वी-राजापुर मार्ग पर बाबूपुर श्रमदान यात्री शेड के पास सड़क पर अचानक आए बाइक सवार को बचाने में चालक नियंत्रण खो बैठा और बोलेरो सड़क किनारे जाकर पलट गई। इस दुर्घटना में एसडीएम और अन्य लोग बाल बाल बचे। सुरक्षाकर्मियों ने भाकियू किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की मदद से सभी को सुरक्षित निकालकर वाहन को सीधा किया।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. रतनप्पा कुंभार की जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय में रविवार को संविधान सभा के सदस्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. रतनप्पा कुंभार की जयंती मनाई गई। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाज के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले युवाओं और होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

कुंभकार महासंघ के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय प्रजापति सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ऐसे महापुरुषों, जो अबतक गुमनाम थे, से नई पीढ़ी को अवगत करा रही है। पूर्व में कांग्रेस, सपा और बसपा सरकारों में देश के वास्तविक नायकों को आगे नहीं आने दिया, बल्कि एक ही परिवार के महिमामंडन में जुटे रहे। पूर्व मंत्री डॉ. लोकेश प्रजापति ने सामाजिक एकजुटता लाने पर जोर दिया। कुंभकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हमीरपुर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि डॉ. रतनप्पा कुंभार का जन्म महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के सिरोल तहसील की निमशिर गांव में एक लिंगायत कुम्हार परिवार में सितंबर 1909 में हुआ था। उन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ प्रजा परिषद के बैनर तले समर्थन जुटाया। इसके चलते उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति समर्पण के लिए उन्हें देशभक्त रतनप्पा कुम्हार कहा जाता है। आभार प्रदर्शन महासंघ के जिलाध्यक्ष सूबेदार लोटनराम प्रजापति ने किया। संचालन पुरुषोत्तम प्रजापति एवं गौतम चक्रवर्ती ने किया। इसके पूर्व शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। इस मौके पर महामंत्री अमित प्रजापति, अमृतलाल, रामचंद्र, हर्ष, रामआसरे, रामकिशुन, माया, ऊषा, मीना, मीरा, पिंकी, गंगा, रामकिशोर, रामनरेश, धर्मपाल, रिंकू, राजाराम, राजकुमार, साकेत, अमित, सुधीर, प्रदीप, पीतांबर, शोभाराम, हरिश्चंद्र, सुरेंद्रनाथ, जानकीशरण आदि मौजूद रहे।


डॉ. रतनप्पा कुंभार की जयंती पर शोभायात्रा निकालती महिलाएं। अमृत विचार

### जाति प्रमाणपत्र दिए जाएं

- डॉ. मनोज प्रजापति ने कहा कि संविधान आदेश अनुसूचित जाति 10 अगस्त 1950 के माध्यम से शिल्पकार को अनुसूचित जाति के रूप में अधिसूचित किया गया है। इसके बाद भी पूरे प्रदेश में जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किए जा रहे है जबकि सभी अनुसूचित जातियों को अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र निर्गत किए जा रहे है। पूर्व में कांग्रेस एवं अन्य दलों की गलत नीतियों के चलते शिल्पकार समाज को अनुसूचित जाति का लाभ नहीं प्राप्त हो पाया।

### उम्मीद है कि इस बार भी मिलेगा मौका

- जिपंस दशरथ प्रजापति ने कहा कि भाजपा ने पिछले पंचायत चुनाव में मौका देकर प्रजापति समाज को आगे बढ़ाया है, उम्मीद है कि आने वाले चुनाव में भी पार्टी समाज के युवाओं को आगे बढ़ाएगी। कैप्टन संतोष चक्रवर्ती ने कहा कि समाज के बच्चों को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों में 146 मरीजों की जांची सेहत

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश शासन की योजना के तहत रविवार को कालपी महेवा, न्यामतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 146 मरीजों का उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एनडी शर्मा तथा नोडल अधिकारी अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने घूम-घूम कर मेलों का निरीक्षण किया।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 77 मरीजों का उपचार किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में 38 लोगों का इलाज किया गया तथा 11 मरीजों की खून तथा शुगर की जांच की गयी। नियामतपुर चिकित्सालय में चिकित्कीय टीम की मौजूदगी में आयोजित मेले में 32 मरीजों का उपचार किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए सुझाव दिए गये। डाक्टर गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में खुजली, त्वचा रोग, उल्टी, दस्त एवं पेट रोगियों की संख्या बड़ रही है। इसलिए सभी लोग सतर्कता बरतें।

## ट्रेन से गिरा युवक पुलिस ने बचाया

**बरगढ़।** बरगढ़ रेलवे स्टेशन से 500 मीटर दूर एक युवक राजू 24 निवासी जिला पटना बीते दिनों ट्रेन से गिर गया था। उसने बताया कि वह मुंबई से वापस जा रहा था। रात में कुछ लोगों ने टिकट छीनने की बात कही तो वह ट्रेन से नीचे कूद गया। इससे वह घायल हो गया। उसके अनुसार, वह तीन दिन से बिना कुछ खाए पिये जंगल में ट्रैक से कुछ दूरी पर पड़ा रहा। गिरने से उसका बायां हाथ भी टूट गया। बताते हैं कि चरवाहों की सूचना पर स्टेशन मास्टर संजय वर्मा ने थाना बरगढ़ को इसकी सूचना तीन दिन बाद दी गई। बरगढ़ एसओ के निर्देश पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने युवक को उठवाया और अस्पताल में भर्ती कराया।

# टीईटी अंधा कानून, इसे वापस ले सरकार

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में रविवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय शिक्षक सम्मेलन में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को लेकर जमकर आक्रोश नजर आया। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने टेट को अंधा कानून बताया और कहा कि सरकार को इसको वापस लेना होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार टीईटी की अनिवार्यता लाकर शिक्षकों में भय का माहौल पैदा कर रही है । सरकार ने इसे वापस नहीं लिया तो दिल्ली में जोरदार आंदोलन किया जाएगा । डॉ. शर्मा ने कहा कि टेट की अनिवार्यता के निर्णय के बाद शिक्षक परेशान हैं । सरकार ने 2009 में कानून बनाकर टेट की अनिवार्यता लागू की थी। अब उसके पहले नियुक्त शिक्षकों पर अनिवार्यता क्यों थोपी जा रही है और उनको आत्महत्या के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रदेशीय महामंत्री संजय सिंह ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। शिक्षक महासंघ के प्रदेश संयोजक व उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जब भी शिक्षकों के साथ अन्याय हुआ है, सरकार को झुकना ही पड़ा है । शिक्षकों की सभी समस्याओं का महासंघ निस्तारण कराएगा। सम्मेलन को प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शिवशंकर पांडेय, प्रांतीय संयुक्त मंत्री देवेंद्र श्रीवास्तव, मांडलिक संगठन मंत्री बांदा आशुतोष त्रिपाठी, मांडलिक संगठन मंत्री झांसी राजेश लिटोरिया ने भी संबोधित किया। जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने सभी का आभार जताया। जिलाध्यक्ष के साथ आलोक गर्ग, हरिशंकर त्रिपाठी, श्रीनारायण सिंह, आराधना सिंह, शहनाज बानो, शशिभूषण त्रिपाठी, अमित पांडेय आदि मौजूद रहे।

- प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षक सम्मेलन में दिखा आक्रोश

### महापुरुषों के रास्ते पर चलने से होगा समाज का उत्थान

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय कोली कोरी समाज की जिला इकाई के पदाधिकारियों का रविवार को बनवारीपुर रोड स्थित संगठन सचिव चंद्रभान शास्त्री के आवास पर सम्मान समारोह हुआ। इसमें समाज के महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी शिवगुलाम वर्मा ने की। चंचल कोटार्य ने कहा कि समाज को महापुरुषों की विचारधारा को अपनाते हुए चलना चाहिए, जिससे समाज का हित हो। निर्भय कोठार ने कहा कि संगठन को अनुशासित तरीके से आगे बढ़ाएं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र हुसैन उर्फ गुब्बा के गलत संगत के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा हुसैन उर्फ गुब्बा से कोई वास्ता एवं सरोकार नहीं है। **शकील पुत्र छम्मन निवासी– छोटी जुल्हैटी राठ (हमीरपुर) उप्र**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हूँ मेरा एक मूल बैनामा बही खो गया है जो कि अभिलेखों में जिल्द सं0 1607, पृष्ठ सं0–273 से 334 दिनांक 26/9/2017 को बैनामा हुआ है। **प्रीती देवी मो0–7054002928 जमुनापुर – रायबरेली**

**सूचना**
मैने अपना नाम SIMMI PRAVEEN से बदलकर SIMMI AHMED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-AFZAL AHMED ADD-39R/6M, VIP COLONY, GHAUS NAGAR KARELI GTB NAGAR DIST-ALLAHABAD PRAYAGRAJ-210016 (U.P)

**सूचना**
मैने अपना नाम PRAKASH SHERMA से बदलकर PRAKASH SHARMA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SURYABHAN SHARMA ADD-E-3/337 VINEET KHAND GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010 (U.P)

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि मेरे पासपोर्ट संख्या R7762354 में मेरा नाम Nazifur Rahman ,पुत्र Mohammad Afzal Rahman मो. नुमाईश पुरवा हरदोई है जबकि मेरे आधार में मेरा सही नाम – Mohd Nazeefur Rahman है तथा पिता का नाम Mohammad Afzalurrahman अंकित है उक्त पासपोर्ट में मेरा नाम आधार के अनुसार संसोधित कर प्रति जारी की जाये।

**सूचना**
मेरी पत्नी सीमा सिंह पीपीओ में नामिनी है। पीपीओ सहित अन्य दस्तावेजों में त्रुटिवश उनकी जन्मतिथि 15/06/1978 दर्ज हो गई है। जबकि उनकी वास्तविक जन्मतिथि 18/06/1982 है। (Army no-15469373y) रंजीत कुमार सिंह, पूर्व सैनिक पुत्र स्व. सुरेंद्र सिंह निवासी–मकान नं.13ए सेमरा गौढ़ी, मड़ियांव, लखनऊ।

**आवश्यकता है**
दुष्यंत सिंह भाले सुल्तान पीजी कॉलेज सादीपुर मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को परास्नातक विज्ञान संकाय– जन्तु विज्ञान, 2 पद, रसायन विज्ञान–2 पद, गणित– 2 पद परास्नातक कला संकाय अंग्रेजी–2 पद प्राचीन इतिहास स्नातक 1 पद । **इच्छुक अभ्यर्थी अपने डाक्यूमेंट के साथ विद्यालय में संपर्क करें।**
**प्रबंधक, धनवंत सिंह।**
**सम्पर्क सूत्र – 8318708840**

**सूचना**
मैने अपना नाम RIYAZ से बदलकर MOHD RIYAZ रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAHAMAT ALI ADD-500/108 KUTUBPUR NEAR EKKA STAND DALIGAN POST-NIRALA NAGAR DIST-LUCKNOW-226020(U.P.)

**सम्मन विनावर इनफिसाल मुकदमा**
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
एडीएम न्यायिक चित्रकूट
0083/2021 धारा –38 (2) उ.प्र.राजस्व संहिता 2006
साकिन सेसा सुबकरा तहसील मऊ
जन्मेजय **बनाम** उ.प्र. सरकार आदि
1–इंद्रभान पुत्र रामपदारथ निवासी मऊ, तह. मऊ चित्रकूट, 2–सुनीता देवी पत्नी रामपदारथ निवासी शिवपुर तह. मऊ चित्रकूट, 3–सुमन देवी पत्नी रामलाल निवासी सेसा सुबकरा मऊ चित्रकूट, 4–मंजू त्रिपाठी पत्नी स्व. शिवशंकर निवासी यमुना रोड मऊ चित्रकूट, 5– शैलेंद्र त्रिपाठी पुत्र स्व. शिवशंकर निवासी यमुना रोड मऊ चित्रकूट, 6–सत्येंद्र त्रिपाठी पुत्र स्व. शिवशंकर निवासी यमुना रोड मऊ चित्रकूट, 7– वीरेंद्र पुत्र इंद्रभान निवासी मऊ तह. मऊ जिला चित्रकूट
दरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिस वावत के दायर सन् 20 ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार बाकई बाकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुतालिक मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्श हो जवाब ऐसे सवालात को दे हाजिर हो और जवान मुलेदप्ति काक और दरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकर्रर वास्ते इतमिसाल कोई मुकदमा की तहजीब हुई है आप को लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसका आप अपनी जवाब देही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करो आपको इत्तला दी जाती है कि अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा। बरख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख सन् 20 ई0 जारी किया गया।
**आज्ञा से**
**न्यायालय**

## सड़क पर कूदी नीलगाय, चार लोग घायल

**पहाड़ी चित्रकूट।** अचानक सड़क पर नीलगाय के कूदने से बाइक और ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इससे दोनों वाहनों के चार लोग घायल हो गए। इनमें एक गर्भवती महिला भी है।

कर्वी-राजापुर रोड पर रविवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे सिंघनिया बाबा तालाब असोह मोड़ के पास सड़क पर अचानक नीलगाय कूद गई। इससे बाइक और ई-रिक्शा पलट गए। बाइक पर बैठे शिक्षक ज्ञान प्रकाश मिश्रा (40) एवं मनीषदत्त शुक्ला (42) के साथ ई-रिक्शा चालक लालता प्रसाद (35) और गर्भवती महिला रचना (28) घायल हो गईं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

**श्याम महोत्सव** | श्याम मित्र मण्डल की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

# वृंदावन जाऊंगी सखी न लौट के आऊंगी...

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** नगर में श्याम महोत्सव का आयोजन हुआ शनिवार रात को एक वाटिका में किया गया। इस दौरान पंकज म्युजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई, जिससे दर्शक झूमने को मजबूर हो गये। इस दौरान बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

नगर की एक वाटिका में श्याम मित्र मण्डल द्वारा आयोजित तृतीय श्याम महोत्सव में बाबा श्याम का पूजन किया गया तथा ज्योति प्रज्ज्वलित होने के साथ पंकज म्यूजिकल ग्रुप कानपुर के कलाकार जय शंकर शुक्ला ने गणेश वन्दना व हनुमान भजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान कानपुर के विष्णु मिश्रा ने बाबा का कीर्तन गाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। तो बेटू आलिया सिस्टर कानपुर ने वृन्दावन जाऊंगी सखी न लौट के आऊंगी को सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में ऋतिज राज कश्यप ने कीर्तन में कहाकि ठाकुरजी जिसका हाथ एक बार पकड़ लें तो उसे जीवन भर नहीं छोड़ते। सुबह 4 बजे मंगला आरती से पहले गजरा आरती व नजर आरती के साथ कलाकारों को सम्मानित किया गया। इससे पहले आये अथितियों को सम्मानित किया गया। इसमें विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा नगर के जीर्ण-शीर्ण मन्दिरों का सभी के सहयोग से जीर्णोद्धार करने वाले किशोरी लाल कोष्ठा को सम्मानित किया तथा खाटू श्याम मंदिर समिति अदल सराय द्वारा बाबा का पूड़ी सब्जी चाय बिस्किट नमकीन का भण्डारा चलाया गया। सुबह कार्यक्रम का समापन हुआ तथा हजारों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सांसद प्रतिनिधि राजू अहिरवार, पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह जादौन, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, पालिकाध्यक्ष कमर अहमद, महामण्डलेश्वर रामकरन दास, मनोज चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी, मनीष महाराज, राजा बाबा, आनन्द महाराज मौजूद रहे।


सजा दरबार और भजन प्रस्तुत करतीं गायिकाएं। अमृत विचार

# अमृत विचार

**सोमवार, 15 सितंबर 2025**




अच्छे चरित्र का निर्माण करना ही छात्रों का मुख्य कर्तव्य होना चाहिए।
– नेताजी सुभाष चन्द्र बोस



## मणिपुर में शांति की राह

मणिपुर, जो अपनी सांस्कृतिक विविधता और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, पिछले कई वर्षों से असामाजिक गतिविधियों, जातीय संघर्षों और हिंसा की आग में झुलस रहा है। इस संकट ने न केवल राज्य की सामाजिक संरचना को तोड़ा है, बल्कि आर्थिक प्रगति की राह को भी बाधित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हालिया संदेश है कि हिंसा छोड़कर शांति और समृद्धि की राह पर आगे बढ़ें, इस घाव से जूझ रहे राज्य के लिए आशा की किरण है। किसी भी राज्य की प्रगति की पहली शर्त शांति है। मणिपुर की स्थिति यह स्पष्ट करती है कि विकास योजनाएं और सरकारी प्रयास तभी सफल होंगे जब लोगों के दिलों से भय और असुरक्षा का माहौल मिटे। प्रधानमंत्री ने प्रभावित परिवारों से मिलकर यह संकेत दिया कि केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है। यह संवेदनशील पहल मणिपुर के आम नागरिकों में विश्वास बहाल करने का प्रयास है। मणिपुर में वर्षों से चले आ रहे संघर्ष ने हजारों लोगों को विस्थापित किया है। बच्चों की शिक्षा बाधित हुई है, महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं और युवाओं की ऊर्जा हथियार उठाने में खर्च हो रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री का यह आह्वान कि सभी संगठन हथियार छोड़कर संवाद और सहयोग की राह अपनाएं, सही मायनों में स्थायी समाधान की दिशा में एक कदम है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी स्पष्ट किया कि मणिपुर के लिए कई विकास परियोजनाएं तैयार हैं। 17,300 करोड़ रुपये से अधिक की आधारशिला रखी जा चुकी है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगी। यह निवेश न केवल रोजगार पैदा करेगा, बल्कि राज्य की मुख्यधारा से जुड़ाव को भी सुनिश्चित करेगा। मणिपुर जैसे संवेदनशील राज्य में शांति स्थापित करना केवल एक राजनीतिक या प्रशासनिक चुनौती नहीं है। यह एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। केंद्र सरकार ने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिया है, लेकिन केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होगा। जरूरत है कि राज्य सरकार, सुरक्षा बल, सामाजिक संगठन और स्थानीय नेतृत्व मिलकर ठोस रणनीति बनाएं। पुनर्वास, शिक्षा और रोजगार सृजन जैसे प्रयासों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि हिंसा की ओर जाने वाले युवाओं को सही दिशा मिल सके। इसके लिए जरूरी है कि सभी जातीय समूहों के बीच संवाद की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। असहमति और मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें हिंसा में बदलने देना पूरे समाज के लिए आत्मघाती कदम है। प्रधानमंत्री का यह संदेश कि शांति और समृद्धि मणिपुर का अधिकार है, केवल राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। भारत जैसे बहुलतावादी समाज में किसी भी राज्य की पीड़ा पूरे राष्ट्र की पीड़ा है। अगर मणिपुर फिर से हिंसा की राह पर जाएगा तो यह न केवल वहां के नागरिकों, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर के विकास को प्रभावित करेगा। इसलिए मणिपुर के लिए शांति और विकास केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। मणिपुर में हिंसा से उपजी पीड़ा गहरी है, लेकिन इससे उबरने की संभावना भी उतनी ही मजबूत है। केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयास, स्थानीय संगठनों की सहभागिता और सबसे बढ़कर आम नागरिकों का संकल्प, इस राज्य को नई दिशा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री का यह आह्वान एक शुरुआत है अब जिम्मेदारी मणिपुर के नागरिकों और नेतृत्व पर है कि वे इस अवसर को शांति और समृद्धि की नींव में बदलें।

### प्रसंगवश

## डीप टेक से सशक्त होता भारत

15 सितंबर का दिन भारत में अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो केवल इंजीनियरों के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि उन असंख्य विचारों, प्रयासों और तकनीकी नवाचारों का उत्सव है, जिन्होंने भारत को आधुनिकता की राह पर अग्रसर किया है। इस वर्ष अभियंता दिवस का विषय है 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता: भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना।' यह विषय विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि भारत आज तकनीकी नवाचार के नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, जैव-इंजीनियरिंग और नैनो टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में डीप टेक समाधान देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान बन रहे हैं।




अतुल गोयल
लेखक


भारत की इंजीनियरिंग यात्रा की नींव उन दूरदर्शी अभियंताओं ने रखी थी, जिन्होंने स्वतंत्रता के बाद निर्माण, विकास और आत्मनिर्भरता का सपना देखा। इनमें सबसे प्रेरणादायी नाम है मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का, जिन्हें आधुनिक भारत का विश्वकर्मा कहा जाता है। आज जब हम डीप टेक की बात करते हैं तो जल प्रबंधन, स्मार्ट सिटी निर्माण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरणीय संकटों का समाधान जैसे क्षेत्र उसी दूरदृष्टि की अगली कड़ी हैं, जिनकी शुरुआत विश्वेश्वरैया जैसे महान अभियंताओं ने की थी।

आज भारत में स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार और विज्ञान आधारित समाधान उसी विरासत का विस्तार हैं। वर्तमान समय में डीप टेक उन समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र बिंदु बन चुका है, जिनका सामना पारंपरिक तकनीकें नहीं कर पा रही थी। उदाहरण के लिए जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट, स्वास्थ्य सेवाओं में पहुंच, कृषि उत्पादकता में गिरावट, शहरीकरण और आपदा प्रबंधन जैसी समस्याएं अब तकनीकी रूप से जटिल, लेकिन संभव समाधान की मांग करती हैं। भारत सरकार की नीति के तहत 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे कार्यक्रम डीप टेक को अपनाकर नवाचार और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इंजीनियरों की भूमिका अब केवल मशीनें बनाने या संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे डेटा विश्लेषण, स्वचालन, एआई आधारित निर्णय प्रणाली, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और सटीक चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में नए समाधान विकसित कर रहे हैं।

आज भारत के युवा अभियंता डीप टेक की दिशा में कई उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्वास्थ्य उपकरण, ड्रोन तकनीक से कृषि उत्पादकता में सुधार, स्मार्ट ग्रिड के जरिए ऊर्जा का बेहतर वितरण और थ्रीडी प्रिंटिंग से निर्माण सामग्री का नवाचार, ये सभी पहल तकनीकी उत्कृष्टता का प्रमाण हैं। न केवल बड़े शहरों में बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इंजीनियर नई तकनीकों का उपयोग कर जल संरक्षण, सौर ऊर्जा और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं। डीप टेक का अर्थ केवल जटिल एल्गोरिदम या बड़े उपकरण नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, अनुसंधान, वैज्ञानिक सोच, प्रयोग और व्यावहारिक कार्यान्वयन का संयोजन है। विज्ञान का उद्देश्य जानना है जबकि इंजीनियरिंग का उद्देश्य करना, यही बात अमेरिकी इंजीनियर हेनरी पेट्रोस्की ने कही थी। विश्वेश्वरैया जैसे महान अभियंताओं की प्रेरणा से आज के युवा इंजीनियर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्हें चाहिए ज्ञान, अनुशासन, नवाचार और सेवा का समन्वय ताकि भारत तकनीकी विकास की नई ऊंचाइयों को छू सके। डीप टेक की राह में चलकर इंजीनियर न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक नई तकनीकी शक्ति के रूप में देश की पहचान स्थापित कर रहे हैं। यही इस दिवस का संदेश है, ज्ञान से नवाचार, नवाचार से सेवा और सेवा से समृद्ध भारत।

# बढ़ती न्यायिक सक्रियता 'सिस्टम' की विफलता






अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ


भारत में बढ़ती न्यायिक सक्रियता यह जताने को काफी है कि विधायिका व कार्यपालिका कदाचित वह कर पाने में विफल है, जिसकी अपेक्षा न्यायपालिका कर रही। अहम यह भी है कि विधायिका को कहीं दिशाभ्रम तो नहीं हो रहा? कार्यपालिका पटरी की जगह कहीं और तो नहीं दौड़ने लगी है?

सुदृढ़ प्रजातांत्रिक व्यवस्था के लिए शक्तियों का पृथक्करण अपरिहार्य होता है। विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका लोकतंत्र के "मेरुदंड" माने जाते हैं। विधायिका कानून बनाती है। कार्यपालिका नीतियां/प्राथमिकताएं निर्धारित करते हुए उक्त नियमों को लागू करती है। न्यायपालिका कानूनों की व्याख्या करती है, न्याय तक पहुंच प्रदान करती है। उक्त जानकारी तो सामान्य, किंतु विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका का आपसी खींचतान असामान्य। प्रजातंत्र के तीनों स्तंभ वर्चस्व/अहम का शिकार होते दिख रहे हैं। कहीं मंत्री व नौकरशाह तो कहीं नीति-नियंता व न्यायपालिका अपने को सर्वश्रेष्ठ साबित करने व एक-दूसरे से नूरा कुश्ती लड़ते दिख रहे हैं।

भारत में बढ़ती न्यायिक सक्रियता यह जताने को काफी है कि विधायिका व कार्यपालिका कदाचित वह कर पाने में विफल है, जिसकी अपेक्षा न्यायपालिका कर रही। अहम यह भी है कि विधायिका को कहीं दिशाभ्रम तो नहीं हो रहा? कार्यपालिका पटरी की जगह कहीं और तो नहीं दौड़ने लगी है?

न्यायपालिका "सुपर संसद" तो नहीं बनना चाहती? न्यायिक सक्रियता ने कहीं "न्यायिक अतिक्रमण" की राह तो नहीं पकड़ ली है? सरकार के नीतिगत मामलों में अवांछित दखल तो नहीं दे रही? प्रजातंत्र में जनता एक निश्चित अवधि के लिए अपना प्रतिनिधि चुनती है। ये प्रतिनिधि ही विधायिका के क्रियाकलापों सरकार की गतिविधियों के मूल में होते हैं, लेकिन जनता के नुमाइंदे या नीति-नियंता ही जब अपनी भूमिका के प्रति उदासीन हो जाएं तो लोकतंत्र का प्रभावित होना लाजिमी। जनता के मन में यह सवाल घर करने लगा है कि उनके प्रतिनिधि कहीं "खोटे सिक्के" तो साबित नहीं हो रहे। "राइट टू रिकाल" की अवधारणा ने भी अब जन्म लेना शुरू कर दिया है। राइट टू रिकाल पद्धति में जनता अपने चुने प्रतिनिधि को निश्चित समयावधि से पहले मतदान प्रक्रिया के जरिए हटा सकती है। इसका सीधा अर्थ यह कि राजनीतिज्ञ जिन वादों के साथ सत्ता में आते हैं और उनको पूरा नहीं कर पाते तो उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा। जान लें, मध्य प्रदेश व राजस्थान में नगर निकाय चुनाव में उक्त व्यवस्था लागू है। विधायिका की मजबूती के लिए राइट टू रिकाल व्यवस्था अब समीचीन लगने लगी है।

न्यायिक सक्रियता का एक बड़ा कारण "बेलगाम नौकरशाही" भी है। लालफीताशाही, भ्रष्टाचार, पक्षपात, अहंकार, अभिजात्य के लिए कुख्यात हो चुकी भारतीय नौकरशाही से मजबूत लोकतंत्र की आस करना "मूसल में सिर रखने" के मानिंद। प्रगति, कल्याण, सामाजिक परिवर्तन, कानून व्यवस्था व सुरक्षा की थीम से आज के अधिकांश नौकरशाह काफी दूर हो चुके हैं। जनता के टैक्स से वेतन-भत्ते लेने व भोग-विलास वाला जीवन जीने वाले अधिकांश दंभी नौकरशाह अपने को जनता का सेवक नहीं वरन स्वामी मान चुके हैं।

अब बात कर लें, लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तम्भ न्यायपालिका की। निचली अदालतों व जिला अदालतों में राज्यों की लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित जज ही निर्णयकर्ता होते हैं। उच्च न्यायालयों व सुप्रीम कोर्ट के अधिकांश न्यायाधीशों का चयन कोलेजियम प्रणाली के माध्यम से किया जाता है। ये न्यायाधीश ही न्यायिक सक्रियता के भी पहरुए होते हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए इन्हें भी "अतिक्रमणकारी कृत्यों" से बचना होगा। न्यायिक सक्रियता की अवधारणा वर्ष 1947 में अमेरिकी आर्थर स्लेसिंगर जूनियर ने गढ़ी थी, लेकिन भारत में यह अवधारणा 1970 के दशक के मध्य में न्यायमूर्ति वीआर कृष्णा अय्यर व न्यायमूर्ति पीएन भगवती जैसे न्यायाधीशों ने बलवती की। भारत में न्यायिक सक्रियता के यूं तो अनेकानेक उदाहरण मिलते हैं, लेकिन हालिया उदाहरणों जैसे तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा पुनः अधिनियमित विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने को विधि की दृष्टि से गलत बताया जाना। आनलाइन गेमिंग अधिनियम के खिलाफ अलग-अलग उच्च न्यायालयों में दायर याचिकाओं की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में कराए जाने, वक्फ संशोधन अधिनियम की सुप्रीम कोर्ट में अनवरत सुनवाई किए जाने, वोट चोरी के आरोपित मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्रीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को सुप्रीम कोर्ट द्वारा कठघरे में खड़ा करने के अलावा संसद व राष्ट्रपति द्वारा पारित 130 वां संविधान संशोधन अधिनियम-2025 भी न्यायिक सक्रियता की जद में हैं।

प्रश्न उठना स्वाभाविक कि जो बड़े मुद्दे विधायिका व कार्यपालिका समय रहते सुलझा सकती थी, उसमें सरकारी मशीनरी ने लापरवाही/उदासीनता क्यों दिखाई? न्यायिक सक्रियता को बढ़ावा क्यों दिया? देश में बढ़ती न्यायिक सक्रियता विधायिका व कार्यपालिका के लिए उचित नहीं। लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए जनता को "शक्तिपूंज" मानना ही होगा। ज्वलंत व सामयिक मुद्दों पर तीनों के "मतभेद" तो हो सकते, लेकिन "मनभेद" से लोकतंत्र की गाड़ी सरपट नहीं दौड़ सकती। वर्चस्व के लिए तीनों स्तंभों का आपसी टकराव सर्वथा अनुपयुक्त। तीनों को "इर घाट" व "वीर घाट" चलने से उबरना ही होगा।

### आमने सामने



कैमरों के जरिए वे देखते हैं कि हमारी महिला विधायक किस दिशा में बैठी है, कैसी अवस्था में बैठी हैं, क्या बातें कर रही हैं? हम कुछ लोगों पर तो नजर रखते ही हैं, लेकिन महिलाओं पर ज्यादा फोकस है। स्पीकर जैसे संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति कैमरा लगाकर उसका एक्सेस अपने पास रखते हैं।
**– गोविन्द सिंह डोटासर,** राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस नेता के शर्मनाक बयान से उनकी संकीर्ण व महिलाओं के प्रति ओछी मानसिकता साफ झलकती है। पिछली विधानसभा में भी कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने यह कहकर कि 'यह तो मर्दों का प्रदेश है' महिलाओं का अपमान किया था। आज फिर उसी विकृत सोच की झलक देखने को मिल रही है। इससे कांग्रेस की हताशा व गिरी हुई राजनीति का स्तर साफ दिखाई देता है।
**– दिया कुमारी** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान



# सोशल मीडिया और युवा असंतोष




शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर


सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग को देखते हुए उस पर प्रतिबंध लगाना किसी भी स्थिति में गलत नहीं है। हाल ही की अगर बात करें तो ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी कानून को लाए जाने की पूरी तैयारी की जा रही है।

यह कितनी चिंता एवं शर्म की बात है कि नेपाल में सोशल मीडिया पर पाबंदी के परिणामस्वरूप हिंसक प्रदर्शन हुआ और 19 लोगों की मौत हो गई। भले ही युवाओं के मध्य असंतोष एवं क्रोध की चिंगारी भड़कने के पीछे सरकार का भ्रष्टाचार एवं अन्य कारक दीर्घकालिक रूप से उत्तरदायी रहे हों, किंतु अगर मामले को गौर से देखा जाए तो इसे हिंसक रूप देने के पीछे जिम्मेदार तात्कालिक कारण सरकार के द्वारा सोशल मीडिया पर लगाए जाने वाले प्रबंध ही हैं।

युवाओं के इस आंदोलन को जेनरेशन-जी का आंदोलन कहा जा रहा है। निश्चित रूप से आज सोशल मीडिया जीवन की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुका है। दरअसल बीते 25 अगस्त को नेपाली कैबिनेट के द्वारा यह फैसला लिया गया था कि सभी इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्मों को 'डायरेक्टिव ऑन रेगुलेटिंग द यूज़ ऑफ़ सोशल मीडिया 2023' के तहत सात दिनों के अंदर पंजीकरण कराना होगा। समय सीमा खत्म होते ही सरकार के द्वारा पंजीकरण न कराने वाले 26 प्लेटफॉर्मों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। बेशक सरकार के द्वारा लिया गया निर्णय बिल्कुल सही था, किंतु इसकी वजह से असंतोष एवं हिंसा का ऐसा माहौल पनप उठेगा, यह कल्पना शायद किसी ने नहीं की होगी। नेपाल की स्थिति यह है कि तीन करोड़ की जनसंख्या में लगभग 90 फीसदी लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। यह नेपाल की ही नहीं, अपितु विश्व के हर देश की स्थिति मानी जा सकती है। विशेष रूप से जेनरेशन जी का सोशल मीडिया के साथ कहीं गहरा लगाव है। इस जेनरेशन के अंतर्गत वे लोग आते हैं, जिनका जन्म 1997 से 2012 के मध्य हुआ है।

सरकार के द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर लगाए गए प्रतिबंध को प्रदर्शनकारियों के द्वारा अभिव्यक्ति पर आघात बताते हुए घोर आक्रोश जताया गया है। आज सोशल मीडिया समाज के भीतर अपने दो स्वरूपों में विद्यमान है। निस्संदेह इसका एक स्वरूप बच्चों से लेकर युवाओं एवं बुजुर्गों तक के लिए लाभकारी है, क्योंकि क्योंकि यह कहीं न कहीं वैचारिक अभिव्यक्ति एवं लोगों से जुड़ने के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान करता है। किंतु इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि इसी सोशल मीडिया का अतिशय दुरुपयोग भी हो रहा है। नेपाल सरकार के द्वारा भी यह बताया गया था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल फेक आईडी, साइबर अपराध, भ्रामक सूचनाओं एवं नफरती बयानों के लिए हो रहा था। सरकार के द्वारा टिकटॉक एवं वाइबर जैसे प्लेटफार्म पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया, क्योंकि उनके द्वारा समय सीमा के भीतर पंजीकरण कर लिया गया। निस्संदेह युवाओं की मांगें अपने स्थान पर पूर्णतया उचित हैं, क्योंकि भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद एवं असमानता देश की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा हैं एवं इनके खिलाफ आवाज उठाना प्रत्येक युवा का अधिकार है। किंतु युवाओं के द्वारा जिस लहजे में एवं जिस स्तर पर प्रदर्शन किया गया, वह पूर्णतया अनुचित एवं अशोभनीय है।

सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग को देखते हुए उस पर प्रतिबंध लगाना किसी भी स्थिति में गलत नहीं है। हाल ही की अगर बात करें तो ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी कानून को लाए जाने की पूरी तैयारी की जा रही है। सरकार के द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि सोशल मीडिया कंपनियां नाबालिग उपयोगकर्ताओं के खातों को स्वयं हटाकर नए खातों के लिए आयु सत्यापन सॉफ्टवेयर का प्रयोग करें। ऑस्ट्रेलिया में यह कानून 10 दिसंबर से प्रभावी हो जाएगा। एक शोध के अनुसार दस में से चार ऑस्ट्रेलियाई बच्चे यू ट्यूब से होने वाले नुकसान की जानकारी दे चुके हैं। इतना ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने कहा है कि उनके द्वारा बच्चों के लिए सोशल मीडिया को प्रतिबंधित करने हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन अभियान भी चलाया जाएगा। चीन के द्वारा भी बच्चों के द्वारा इंटरनेट उपयोग पर लगाम लगाने की तैयारी शुरू की जा रही है। फ्रांस के द्वारा भी वर्ष 2023 में कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी गई थी। इसके अतिरिक्त ईरान, उत्तर कोरिया, तुर्कमेनिस्तान, अमेरिका, माली, केन्या, बांग्लादेश, श्रीलंका एवं जॉर्जिया आदि देश भी सोशल मीडिया के प्रयोग पर प्रतिबंध से संबंधित कानून बना चुके हैं अथवा बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

आज का युग सूचना, तकनीक और संचार का युग है। इस युग की सबसे बड़ी पहचान है सोशल मीडिया। सोशल मीडिया से अति एवं अनावश्यक लगाव की वजह से युवावर्ग का बाहरी दुनिया से संबंध टूट सा जाता है एवं वह कहीं न कहीं सामाजिक एकाकीपन की ओर मुड़ने लगता है। निस्संदेह इन समस्याओं से निजात पाने के लिए सटीक एवं मजबूत समाधान करने की आवश्यकता है। ऐसा तभी संभव है जब सरकारें एवं सोशल मीडिया कंपनियां परस्पर समन्वय स्थापित करके ऐसी नीतियां एवं नियम निर्धारित करें, जो पूर्णतया युवाओं के हित में हों। नीतियां ऐसी हों कि फेक न्यूज़, साइबर अपराध एवं अनावश्यक कंटेंट पर पूर्णतया अंकुश लग सके एवं युवा वर्ग उसकी चपेट में आकर दिशाहीनता की ओर मुड़ने से बच सके।

आज आवश्यकता है कि सोशल मीडिया साधन बने न कि साध्य। वास्तविक जीवन की संवेदनाओं, रिश्तों और जिम्मेदारियों को पीछे छोड़कर यदि युवा पूरी तरह सोशल मीडिया की काल्पनिक दुनिया में खो जाएंगे, तो भविष्य निस्संदेह खोखला होगा, लेकिन यदि वे संतुलित रूप से इसका उपयोग करेंगे, तो यही मंच उन्हें सतत विकास का मार्ग दिखाते हुए अभिप्रेरित करेगा।

### सोशल फोरम

## पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा

देवीय आपदा, भूस्खलन, बाढ़ और सड़कें बंद होने की खबरों के बाद उत्तराखंड का पर्यटन कारोबार चौपट हो चुका है। अधिकांश पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। नैनीताल के अलावा भीमताल, सातताल, नौकुचियाताल, कैची मंदिर, रानीखेत, कौसानी तक यही हाल है। पर्यटन से जुड़े सभी कारोबार चौपट हो चुके हैं। होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी वाले, नाव वाले, घोड़े वाले सभी का काम ठप्प हो चुका है।

पिछले कुछ सालों से पहाड़ों का पर्यटन उद्योग दोहरी मार झेल रहा है। सीजन के वक्त यहां चारों तरफ ट्रैफिक जाम पसरा रहता है। पर्यटक ट्रैफिक जाम में फंसकर तौबा-तौबा करते हुए वापस जाते हैं। तो सीजन के बाद आपदा की ऐसी मार पड़ी है कि पर्यटकों ने सोशल मीडिया की भयानक रील देखकर पहाड़ों की ओर से मुंह मोड़ लिया है। नैनीताल और उसके आसपास की बात करें तो एक दो दिन ही यहां सड़कों में मलवा आया। यातायात लगभग सामान्य ही रहा। इधर कोई भी राज्य मार्ग या राष्ट्रीय मार्ग 12 घंटे से ज्यादा बंद नहीं रहा, लेकिन सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाह रहीं की सारे पहाड़ जमींदोज हो चुके हैं। हालांकि पहाड़ों मे अधिकांश जगह सड़कें मलवे व गड्ढों से भर गई हैं, लेकिन वे कामचलाऊ है। उन सड़कों पर यातायात सामान्य है और पहाड़ों का जीवन इन्हीं सड़कों के सहारे चल रहा है। अब पूरे देश में पर्यटको को ये लग रहा है कि पहाड़ों पर चढ़ना सीधे मौत को दावत देना है। राष्ट्रीय मीडिया पर भी यही चर्चा चल रहीं है। इन सब अफवाहों ने पर्यटकों के मन में खौफ पैदा कर दिया और सैलानियों का आना ठप्प हो गया।




संजीब भगत
ब्लॉगर


सीजन में नैनीताल व उसके आसपास पर्यटकों के लिए सबसे बड़ी समस्या पार्किंग को लेकर ही है। सरकार सीजन में पर्यटकों को आसानी से नैनीताल व कैचीं नीव करौरी मंदिर तक गाड़ी लेकर जाने ही नहीं देती। पहाड़ों में मस्ती करने आए पर्यटक पार्किंग और जाम के चक्कर में घनचक्कर बन जाते हैं। इस जाम से व्यापार भी ठप्प हो जाता है। आजकल आफ सीजन है। सरकार और प्रशासन के पास दीर्घकालीन योजना बनाने के लिए समय है। सरकार अभी से वैकल्पिक पार्किंग के विषय में गंभीरता से प्रयास करे। पर्यटकों को यहां घूमने के आसान व सुगम रास्ते सुझाए। सरकार ऐसा प्रयास करे कि पर्यटकों की यात्रा उनके लिए यादगार बने। फिलहाल सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड की स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए ताकि पर्यटकों के मन का संशय दूर हो सके।

### सामयिकी

## अंतिम सांसें गिनते आतंकी

बीते कुछ महीनों में विशेष रूप से 2025 में, दो प्रमुख अभियान-ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को गहरी चोट पहुंचाई है। ये अभियान आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी कुष्ठ रोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के उदाहरण हैं। इन ऑपरेशनों के सफल परिणामों ने न केवल सीमापार आतंकवादियों और आंतरिक विद्रोहियों को धूल चटा दी है, बल्कि पूरे राष्ट्र को एकजुटता और आत्मविश्वास का संदेश भी दिया है। ऑपरेशन महादेव जम्मू-कश्मीर की धरती पर एक मील का पत्थर साबित हुआ, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का जीवंत प्रमाण है। जुलाई 2025 में शुरू हुआ यह अभियान, विशेष रूप से पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड्स को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। पहलगाम हमला, जिसमें निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों को निशाना बनाया गया था, ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों, भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त प्रयासों ने मात्र 14 दिनों में तीन शीर्ष पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों को मार गिराया। अभियान की सफलता का राज था सटीक खुफिया जानकारी और तकनीकी सिग्नल ट्रैकिंग, जो पहलगाम हमले के दौरान इस्तेमाल हुए सिग्नल से मेल खा रही थी। आतंकवादियों के पास पाकिस्तानी पहचान पत्र, बायोमेट्रिक्स और यहां तक कि चॉकलेट्स जैसे सामान बरामद हुए, जो उनकी विदेशी साजिश को उजागर करते हैं। इस ऑपरेशन ने देश-विरोधी ताकतों को धूल में मिला दिया, क्योंकि यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक झटका था। लश्कर जैसे संगठन, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के प्रतीक हैं, अब भारत की सीमाओं के पास सांस लेने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। यह सफलता न केवल स्थानीय आबादी को सुरक्षा का आश्वासन देती है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की मजबूत इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करती है।




विवेक शुक्ला
लेखक


अब बात करते हैं ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट की, जो नक्सलवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। मई 2025 में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर शुरू हुआ यह 24 दिवसीय अभियान, करेगुट्टालु पहाड़ियों जैसे नक्सली किलों को लक्ष्य बनाया गया। नक्सलवाद, जो दशकों से आदिवासी क्षेत्रों में विकास को बाधित कर रहा था, अब अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। सुरक्षा बलों ने 31 कुख्यात माओवादियों को मार गिराया, जिनमें टॉप लीडर बसवराजू जैसे नाम शामिल थे, जिन पर कुल 1.72 करोड़ रुपये का इनाम था। इसके अलावा, 214 नक्सली ठिकाने और बंकर ध्वस्त किए गए, 450 आईईडी, 818 बीजीएल शेल और 899 कोडेक्स बंडल जब्त किए गए। यह ऑपरेशन न केवल सैन्य दृष्टि से सफल रहा, बल्कि यह नक्सलवाद के 'यूनिफाइड कमांड' को तोड़ने में भी कारगर साबित हुआ। देश-विरोधी ताकतों के खिलाफ यह अभियान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि नक्सली लंबे समय से 'रेड टेरर' फैला रहे थे। वे विकास परियोजनाओं को नष्ट करते, निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बनाते और सरकार को कमजोर दिखाने का प्रयास करते, लेकिन ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने इन तत्वों की कमर तोड़ दी। अब करेगुट्टालु पहाड़ियों पर तिरंगा लहरा रहा है, जो माओवादी किले से शांति का प्रतीक बन गया है। बेशक, ऑपरेशन महादेव और ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को पूरी तरह धूल में मिला दिया है। आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी चुनौतियां अब इतिहास का हिस्सा बन रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और गृह मंत्री शाह की रणनीतिक कुशलता ने इन सफलताओं को संभव बनाया। यह विजय न केवल सुरक्षा बलों की बहादुरी का सम्मान है, बल्कि पूरे राष्ट्र की एकता का प्रतीक भी। भविष्य में ऐसे अभियान जारी रहेंगे और भारत एक सुरक्षित, समृद्ध राष्ट्र के रूप में चमकेगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)

# पहियों का संसार

# हर घर की मेंबर बन रही कार

कार कभी शान शौकत और रसूखदारों की पहचान मानी जाती थी। एक जमाना था, जब सफेद रंग की फिएट निकलती थी तो बड़ों से बच्चों की निगाह टिक जाती थीं। जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी विकसित हुई और लोगों की आमदनी का जरिया बढ़ा तो कार शान शौकत से हटकर घरों की जरूरत बनती गई। पिछले दो दशकों में कार के बाजार में तेजी से उछाल आया। कार निर्माता कंपनियों ने भी मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए कारें बनाईं और आसान फाइनेंस ने कार को घर-घर तक पहुंचा दिया।

*-प्रस्तुतिः अंकुर शर्मा*

भारतीय परिवारों में तीन कैटेगरी की कारें मिलती हैं। ए कैटेगरी में हैचबैक और सिडान, बी कैटेगरी में एसयूवी (स्पोटर्स यूटिलिटी व्हीकल) और एमपीवी (मल्टीपर्पज व्हीकल),सी कैटेगरी में वैन और ईको कार आती हैं। हर भारतीय की जरूरत हैचबैक कार पूरी कर देती थी, क्योंकि कार खरीदते समय वह माइलेज, मेंटेनेंस, पार्किंग स्पेस, रिपेयरिंग ही देखता था। कार के सेफ्टी व लक्जरी फीचर्स से ज्यादा लेना-देना नहीं होता था। कार एक्सपर्ट का दावा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खासकर मध्यम वर्ग जिन पर कार कंपनियां ज्यादा फोकस करती हैं, हैचबैक से सिडान पर शिफ्ट हुआ है। आम भाषा में कहें तो ऐसी हर कार, जिसमें सात सवारियों की बैठने की सीटें और अलग से डिग्गी होती है, उन्हें सिडान कहा जाता है। एक्सपट्र्स का दावा है कि सिडान ने हैचबैक के ही मेजरमेंट में अधिक लेग स्पेस और हेड स्पेस दिया, जिसने यात्रा को सुगम और आरामदायक बनाया, जिसके बाद जेनरेशन-एक्स हैचबैक से सिडान पर शिफ्ट हुई। इसके बाद सभी कार निर्माता कंपनियों ने सिडान के प्रोडक्शन पर ज्यादा ध्यान दिया। अब सिडान व्हीकल्स अत्यधिक फीचर्स के साथ बाजार में उपलब्ध है।



## एसयूवी अब शहरों की शान

मारुति सुजुकी के कार एक्सपर्ट शुभम बताते हैं कि एसयूवी जैसा नाम से ही क्लीयर है कि स्पोटर्स यूटिलिटी व्हीकल ऑफ रोडिंग जंगलों व ऊबड़ खाबड़ रास्तों के लिए है। इसका ग्राउंड क्लीयरेंस बहुत होती है, जो ऑफ रोडिंग के लिए अच्छा फीचर माना जाता है। अब एसयूवी भी घरों में जगह बना रही है। लोग अपने इस्तेमाल के लिए एसयूवी को अफोर्ड कर रहे हैं, जिस वजह से अब एसयूवी शहरों की भी कार बन गई हैं।

## सिर्फ टेक्नोलॉजी नहीं सेफ्टी भी है जरूरी

हल्द्वानी स्थिति नैनीताल मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर भूपेश अग्रवाल बताते हैं कि एक कार में सेफ्टी फीचर्स में दो एयर बैग, सीट बेल्ट, पॉवर स्टेयरिंग, चाइल्ड लॉक बेसिक माने जाते हैं। अब नए एआई इरा में कार में सेफ्टी फीचर्स में भी बदलाव किया है। इसमें मारूति सुजुकी ने शुरुआत की है। मारूति सभी कारों में हर सीट के लिए एयर बैग दे रहा है। इनीशियल लेवर पर ऑल्टो के बेसिक मॉडल में भी पांच सीटों के लिए पांच एयर बैग हैं। हालांकि कई कंपनियों में महंगी कारों के टॉप मॉडल में यह सुविधा देते हैं। वह बताते हैं कि कार को तेज गति में स्किड होने से बचाने के लिए एबीएस (एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) और खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षा के लिए ईएसपी (इलेक्ट्रॉनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम) फीचर्स दे रहे हैं।




## फीचर्स जो कारों को बना रहे हाईटेक

### इलेक्ट्रॉनिक एडजस्टेड सीट्स

- अब कार में सीट को एडजेस्ट करने के लिए हैंडिल की खींचातानी करने की जरूरी नहीं है। कार में इलेक्ट्रॉनिक एडजस्टेड सीट्स आ रही है, जो एक बटन दबाते ही आरामदायक ढंग से आगे-पीछे एडजस्ट होती हैं।

### वेंटीलेटेड सीट्स

- गर्मी में ठंडी और सर्दी में गर्मी का अहसास कराने के लिए वेंटीलेटेड सीट्स आ रही है। आमतौर पर कार में आगे और लग्जरी कार में पीछे एसी होते हैं, लेकिन अब कार की सीट्स में एसी इन बिल्ट आ रहे हैं। इस तरह कार में बैठने वाले हर शख्स को एसी/हीटर की सुविधा मिलेगी, जो सफर को मौसम के अनुकूल बना देगा।

### वायरलेस चार्जर

- कार में वायरलेस चार्जर की सुविधा आ गई है। कार में फोन चार्ज करने के लिए वायर लगाने का झंझट नहीं है। चार्जिंग वायर भूलने पर भी फोन चार्ज होगा। वायरलेस चार्जर की सुविधा है कि फोन को चार्जर पर रखना होगा और कोई भी फोन फटाफट चार्ज होगा।

### कार प्ले बना सबकी पसंद

- अब हर कार में कार प्ले सबकी पसंद बन गया है। एलईडी स्क्रीन पर सेंसर्स कैमरे के जरिए आगे-पीछे देखना हो या गाना सुनना हो। चालक की हर फरमाइश कार प्ले से पूरी हो रही है। इस वजह से लोग कार प्ले को जरूर लगवा रहे हैं।

डिजिटल व टेक्नोलॉजी से कार इंडस्ट्री भी अछूती नहीं है। कई कंप्यूटराइज्ड फीचर्स हैं जिन्होंने लग्जरी को बच्चों का खेल बना दिया है।

### नेविगेशन लगाओ, कार ढूंढ लाओ

- कभी-कभी होता है कि कार पार्किंग में लगाने के बाद भूल जाते हैं, तो चिंता की बात नहीं है। अब कार को फोन से कनेक्ट कर दिया जाता है। इस तरह फोन से कार को ऑन-ऑफ के साथ ही एसी भी ऑन कर सकते हैं। यदि आप कार पार्क कर भूल गए हैं तो नेविगेशन के जरिए कार तक पहुंच जाएंगे। इस तरह कई मल्टीपल फंक्शन हैं, जिन्होंने कार को सिर्फ लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बना दिया है।




# जीएसटी में छूट से बाइक और कार खरीदारों की बल्ले-बल्ले

बीते दिनों केंद्र सरकार ने ऑटोमोबाइल सेक्टर को राहत देते हुए जीएसटी में कमी का ऐलान किया है। इस फैसले से कार और बाइकों की कीमतों में गिरावट आई है। जो लोग नई कार या बाइक को खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो उनके लिए यह अच्छी खबर है। जीएसटी घटने से छोटी से लेकर बड़ी सभी तरह की गाड़ियों की कीमत में कमी आई है। आज हम आपको कार और बाइकों की कीमत में आई कमी के बारे में बताएंगे। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर 2025 से लागू होंगी। इससे दोपहिया वाहन के साथ-साथ फोर व्हीलर खरीदने वालों को भी बड़ा फायदा मिलेगा। ऑटोमोबाइल सेक्टर विशेषज्ञों की मानें तो बाइक की खरीद पर लगभग 7,000 से 20,000 रुपए तक की बचत होगी, वहीं अर्टिगा और ब्रेजा जैसी कार खरीदने पर ग्राहकों के 30,690 रुपए तक की बचत हो सकती है। यहां बताते चले कि यह बचत अकेले एक्स शोरूम कीमतों पर होगी। इंश्योरेंस और रजिस्ट्रेशन की कीमतों में भी मामूली कमी आएगी, जिससे कुल लागत में और कटौती ग्राहकों को मिलेगी।

### 22 सितंबर से पहले भी ऑफर

ग्राहक 22 सितंबर से पहले भी इसका लाभ ले सकें, इसके लिए वाहन डीलरों की ओर से एक्सचेंज ऑफर और कॉरपोरेट डिस्काउंट सहित कई ऑफर दिए जा रहे हैं। साथ ही बुकिंग कराने पर इंस्टेंट गिफ्ट के रूप में 2,000 रुपए तक का कैश डिस्काउंट और कैश बोनस भी मिल रहा है। यह छूट ग्राहकों के इनवॉयस पर लागू होगी।

### 350 सीसी से कम इंजन वाली बाइक पर टैक्स में बड़ी कटौती

नियमों में बदलाव के बाद अब 350 सीसी से कम इंजन वाली बाइक पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 28 प्रतिशत था। वहीं, 350 सीसी से अधिक की बाइक पर अब 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 31 प्रतिशत था।

### ग्राहकों मिलेगा भारी लाभ

- 20 सितंबर तक खरीदारी पर 45,000 से 51,000 रुपए तक का लाभ मिल रहा है। यानी अभी खरीदारी करने पर ग्राहकों को 9,012 रुपए की अतिरिक्त बचत होगी। ब्रेजा की खरीदारी पर अनुमानित कटौती 34,310 से लेकर 48,629 रुपए तक होने वाली है। अगर अभी खरीदेंगे, तो 65,000 रुपए तक की बचत होगी। इस तरह आप अतिरिक्त 30,690 रुपये तक की बचत कर सकते हैं।




### अर्टिगा और ब्रेजा की खरीदारी पर 30,690 रुपए तक की एक्स्ट्रा बचत

- आपको मारुति सुजुकी की खरीदारी करनी है, तो इंतजार न करें। जीएसटी घटने के बाद जो कीमत कम होगी, उससे भी कम कीमत पर अभी ही खरीदारी कर सकते हैं। कंपनी के विभिन्न शोरूम में इसका लाभ मिल रहा है। जीएसटी कटौती के बाद एक्स शोरूम, रोड टैक्स और इंश्योरेंस को मिलाकर अर्टिगा में अनुमानित कटौती 35,988 से 48,809 रुपए होने वाली है।



## ऑटो टिप्स

# गाड़ी का माइलेज बढ़ाने के आसान टिप्स

ई-20 पेट्रोल आने के बाद अधिकतर लोग अपनी गाड़ी के माइलेज को लेकर चिंतित हैं, ऐसे में अगर आप अपनी कार का माइलेज बेहतर बनाना चाहते हैं, तो थोड़ी सी सावधानी और कुछ आसान टिप्स अपना सकते हैं।

### सही स्पीड चुनें

कार को सही स्पीड में चलाएं। बहुत तेज या स्लो स्पीड में कार चलाने पर ईंधन ज्यादा खर्च होता है। आमतौर पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार माइलेज के लिए सबसे अच्छी मानी जाती है। अचानक तेज स्पीड या अचानक ब्रेक लगाने से बचें। इससे इंजन पर दबाव पड़ता है और ईंधन ज्यादा खर्च होता है।

### टायरों के प्रेशर की करें जांच

माइलेज बढ़ाने के लिए टायरों का प्रेशर नियमित रूप से जांच करें। कम हवा वाला टायर ज्यादा रोलिंग रेजिस्टेंस पैदा करता है, जिससे कार के इंजन को अधिक मेहनत करनी पड़ती है और ईंधन भी ज्यादा खर्च होता है।

### एसी का स्मार्ट इस्तेमाल

गर्मियों के दौरान, एसी का स्मार्ट उपयोग ईंधन की बचत का महत्वपूर्ण उपाय है। कार में बैठते ही एसी चालू न करें। केबिन को पहले से ठंडा करने के लिए खिड़कियां नीचे कर दें। एसी को मध्यम स्तर पर रखें और रीसर्कुलेशन मोड पर स्विच करें। इससे सिस्टम पर ओवरलोडिंग से बचा जा सकेगा।



### गियर का बेहतर प्रयोग

पेट्रोल या डीजल कार का माइलेज बेहतर होना इस बात पर निर्भर करता है कि आप गियर कितनी आसानी से और समय पर बदलते हैं। अधिक आरपीएम ज्यादा ईंधन जलाता है। इसलिए क्लच दबाने या गियर बदलने में जोर लगाने से बचें।

### यातायात पर ध्यान दें

शहर में वाहन चलाते समय, जहां बेढंगा यातायात है, लाल बत्ती और धीमी गति से चलने वाले वाहनों का पूर्वानुमान लगाने का प्रयास करें। राजमार्गों पर वाहन चलाते समय स्थिर गति पर ऊंचे गियर का प्रयोग करें। सुचारू ड्राइविंग से ईंधन की खपत कम होती है, इंजन पर कम दबाव पड़ता है।

### सर्विस और इंजन ट्यून

कार की जब अच्छी देखभाल की जाती है तो यह बेहतर प्रदर्शन करती है। नियमित सर्विस छोड़ने से समय की बचत हो सकती है, लेकिन आगे चलकर ईंधन और मरम्मत पर खर्च बहुत बढ़ सकता है। समय पर इंजन का तेल बदलें, क्योंकि ताजा तेल घर्षण कम करता है और इंजन को सुचारू चलाने में मदद करता है।

### एयर फिल्टर बदलें

एयर फिल्टर नियमित रूप से बदलें, क्योंकि फिल्टर के जाम होने से वायु प्रवाह बाधित होगा, जिससे इंजन को अधिक काम करना पड़ेगा। ईंधन इंजेक्टरों को साफ करें, और गंदे इंजेक्टर ईंधन स्प्रे को प्रभावित करते हैं और माइलेज कम करते हैं।

### मार्ग की योजना बनाएं

निष्क्रिय समय माइलेज का सबसे बड़ा दुश्मन है, क्योंकि यह बिना कहीं जाए ही ईंधन खा जाता है। ऐसे में यात्रा के लिए स्मार्ट रूट प्लानिंग आपके लिए बहुत मददगार साबित हो सकती है। इसके लिए कम मोड़ और सिग्नल लें, इससे ईंधन कम खर्च होगा।

### अतिरिक्त भार करें कम

जरूरत से ज्यादा सामान ढोने से ईंधन टैंक जल्दी खाली हो सकता है। इसके लिए डिक्की या पीछे की सीटों से अनावश्यक सामान हटा दें। वजन कम करने से माइलेज बढ़ता है।

### इंजन को सही तरीके से गर्म करें

ठंडी कारें माइलेज को प्रभावित कर सकती हैं, विशेष रूप से सर्दियों में या सुबह के समय। आधुनिक इंजन इस तरह डिजाइन किए गए हैं कि गाड़ी चलाते समय जल्दी गर्म हो जाएं। इसलिए 30-40 सेकंड के निष्क्रिय समय के बाद धीरे-धीरे गाड़ी चलाना शुरू कर सकते हैं।

### भरोसेमंद पंप चुनें

सभी ईंधन अच्छी गुणवत्ता के नहीं होते। खराब गुणवत्ता वाला या मिलावटी ईंधन इंजेक्टरों को जाम कर सकता है, इंजन के पुर्जों को नुकसान पहुंचाकर माइलेज कम कर सकता है। इसलिए हमेशा विश्वसनीय, उच्च यातायात वाले स्टेशनों पर ईंधन भरवाएं।

## क्रेडाई ने कौशल विकास पर जोर दिया

**सिंगापुर।** क्रेडाई ने भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव के लिए भूमि सुधार, कारोबारी सुगमता, कम शुल्क पर भवन निर्माण योजनाओं की जल्द मंजूरी, कौशल विकास और नए शहरों का निर्माण पर जोर दिया है। रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रमुख निकाय क्रेडाई के 13,000 से ज्यादा सदस्य हैं। उसने राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास ढांचा- विजन 2047 नाम से रिपोर्ट जारी की। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि रियल एस्टेट का भविष्य इमारतें बनाने में नहीं है, बल्कि आकांक्षाओं के निर्माण के बारे में भी है।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 15 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

#### ओयो के ब्रांड संडे की 40 होटल जोड़ने की योजना

**नई दिल्ली।** आईपीओ के लिए तैयार ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म अपने प्रीमियम होटल ब्रांड 'संडे' को तेजी से आगे बढ़ा रही है। कंपनी चालू वित्त वर्ष में पूरे भारत में चार सितारा और पांच सितारा होटलों सहित 40 नए लक्जरी होटल जोड़ने की योजना बना रही है। कंपनी संडे होटल का विस्तार महानगरों, गैर महानगरों के साथ ही वन्यजीव अभयारण्यों और प्रमुख धार्मिक स्थलों में करेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में संडे होटल का विस्तार किया जाएगा। ये राज्य ब्रांड के आगामी पोर्टफोलियो में 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान देंगे। संडे होटल्स एंड रिजॉर्ट्स के व्यवसाय प्रमुख आदित्य शर्मा ने यह बात कही।

#### टेक्नोस्पोर्ट 200 करोड़ में खोलेगा 300 स्टोर

**कोलकाता।** भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते एक्टिव वियर ब्रांड में से एक टेक्नोस्पोर्ट अपने आक्रामक खुदरा विस्तार के तहत अगले दो साल में देशभर में 300 विशिष्ट दुकानें (आउटलेट) खोलने के लिए 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एक्टिव वियर ऐसे कपड़े होते हैं जिन्हें विशेष रूप से खेल-कूद, व्यायाम और अन्य शारीरिक गतिविधियों के लिए डिजाइन किया जाता है। कोलकाता से जुड़े कंपनी के प्रवर्तक अबतक सामान्य व्यापार पर निर्भर थे। टेक्नोस्पोर्ट के सीईओ पुष्पन मैती ने कहा, हमने रविवार को अपना 21वां विशिष्ट ब्रांड आउटलेट खोला है, और वह कोलकाता में है।

#### गोवा की खनिज कंपनियां निर्यात शुल्क से चिंतित

**पणजी।** गोवा खनिज अयस्क निर्यातक संघ (जीएमओईए) ने रविवार को निचले-ग्रेड के लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क के संभावित विस्तार की अटकलों पर चिंता व्यक्त की है। केंद्र सरकार को दिए ज्ञापन में जीएमओईए ने किसी भी कदम पर पुनर्विचार का आग्रह किया और दावा किया कि इससे गोवा में खनन कार्य प्रभावित होगा, जहां लौह अयस्क मुख्यतः निचले-ग्रेड का है। क्षेत्र की विशिष्ट खनिज विशेषता और ऐसे अयस्क की घरेलू मांग में कमी को देखते हुए जीएमओईए ने दावा किया कि निर्यात शुल्क से न केवल आजीविका और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियां खतरे में पड़ जाएंगी, बल्कि एक मूल्यवान प्राकृतिक संसाधन का भंडारण और अपव्यय भी होगा।

# सभी उत्पादों पर मिलेगा जीएसटी सुधार का लाभ

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- हमने व्यापारियों के लिए कर की प्रक्रिया को सरल बनाया

चेन्नई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक बड़ी जीत है। सीतारमण ने रविवार को चेन्नई में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत के प्रत्येक राज्य के अपने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दीपावली से पहले जीएसटी सुधारों को लागू करने के निर्देश से बहुत पहले ही इन्हें लागू करने का निर्णय लिया गया है।

चेन्नई सिटीजन्स फोरम द्वारा आयोजित उभरते भारत के लिए कर सुधार कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा कि जीएसटी का लाभकारी प्रभाव सुबह से लेकर रात के सोने तक सभी उत्पादों पर रहेगा। जिन 99% वस्तुओं पर पहले जीएसटी के तहत 12% कर था, अब उनपर सिर्फ 5% कर लगेगा। नए जीएसटी सुधार (2.0) 22 सितंबर से लागू होंगे। जीएसटी परिषद द्वारा 400 से ज्यादा वस्तुओं पर कर में कटौती का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पहले अलग-अलग स्लैब के तहत कर लगाने की बजाय केवल 5 और 18% के स्लैब लागू किए हैं। हमने व्यापारियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाया है। किसी भी उत्पाद पर 28% कर नहीं है। व्यापारियों के कर दायरे में वृद्धि का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले केवल 66 लाख व्यापारी ही कर दाखिल करते थे। लेकिन आठ साल में 1.5 करोड़ व्यवसाय जीएसटी के दायरे में आ गए हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहा था, लेकिन जीएसटी लागू होने के बाद, आठ साल में कर चुकाने वाले व्यवसायों की संख्या 1.5 करोड़ हो गई है क्योंकि उन्हें एहसास हुआ कि वे इससे लाभान्वित हो पाएंगे। इस वृद्धि से केंद्र और राज्य सरकारों को मिलने वाला राजस्व बढ़ा है। 2017 में कर संग्रह 7.19 लाख करोड़ था और अब 22 लाख करोड़ के पार है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा औसतन 1.8 लाख से दो लाख करोड़ का राजस्व एकत्र किया जाता है। उदाहरण के लिए, 1.80 लाख करोड़ रुपये के सकल राजस्व को आधा-आधा बांटा जाता है, जिसमें राज्यों को 90,000 करोड़ रुपये और केंद्र को 90,000 करोड़ रुपये मिलते हैं। केंद्र के हिस्से के उस 90,000 करोड़ रुपये के राजस्व में से भी लगभग 41 प्रतिशत राज्यों को वापस जाता है।



- चेन्नई सिटीजन्स फोरम की ओर से आयोजित उभरते भारत के लिए कर सुधार कार्यक्रम को सीतारमण ने किया संबोधित

### जनता और राज्य सरकार को होगा फायदा

सीतारमण ने कहा कि इससे हम समझ सकते हैं कि जीएसटी के कार्यान्वयन से जनता और राज्य सरकार को लाभ होगा। जीएसटी सुधारों के लागू होने से पहले कुछ व्यापारियों द्वारा उठाए वर्गीकरण के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि पॉपकॉर्न की बिक्री के लिए वर्गीकरण किया गया है। अगर नमकीन पॉपकॉर्न बेचा जाता है, तो नमकीन श्रेणी में बेचे जाने पर 5% कर लगेगा, जबकि मीठे पर 18% कर था। सड़क किनारे बिकने वाले पॉपकॉर्न पर कोई कर नहीं है। लेकिन जब वही ब्रांडेड होता है, तो यह वर्गीकरण लागू होता है।

### संसद के शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन विधेयक : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला बीमा संशोधन विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। संसद का शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के उत्तरार्ध में शुरू होता है और क्रिसमस से पहले समाप्त होता है। वित्त मंत्री ने इस साल के बजट भाषण में, नई पीढ़ी के वित्तीय क्षेत्र सुधारों के तहत बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा के 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए उपलब्ध होगी जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं। विदेशी निवेश से जुड़ी मौजूदा सुरक्षा और शर्तों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें सरल बनाया जाएगा। अबतक, बीमा क्षेत्र ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से 82,000 करोड़ रुपये आकर्षित किए हैं। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, चुकता पूंजी में कमी और एक समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है।

# एथनॉल के प्रयोग से चीनी उद्योग बच सका : गडकरी

पुणे, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि एथनॉल के इस्तेमाल से चीनी उद्योग बचा हुआ है। उन्होंने साथ ही खेती में नई प्रौद्योगिकी की जरूरत पर जोर दिया।

गडकरी ने पुणे में नाम फाउंडेशन के कार्यक्रम में कहा कि महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा में खेती के लिए पानी की कमी के कारण किसान आत्महत्या को मजबूर होते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने आत्महत्या करने वाले किसानों के बच्चों की भलाई और जल संरक्षण के लिए नाम फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की, जिसका नेतृत्व अभिनेता नाना पाटेकर और मकरंद अनासपुरे करते हैं। गडकरी ने कहा कि विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्रों में किसानों की आत्महत्याओं का मुख्य कारण पानी है। अगर पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होता, तो किसानों को यह कदम नहीं उठाना पड़ता।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी लाने की जरूरत है और इस संबंध में प्रयोग पहले ही किए जा चुके हैं। मंत्री ने कहा कि आज, गन्ना किसान और चीनी मिल संचालक सिर्फ एथनॉल की वजह से ही जीवित हैं।



- खेती में नई प्रौद्योगिकी की जरूरत पर केंद्रीय मंत्री ने दिया जोर

### देश में चीनी उत्पादन मांग से अधिक

उन्होंने आगे कहा कि भारत में चीनी उत्पादन मांग से अधिक है और चीनी मिलें सिर्फ एथनॉल की वजह से ही टिकी हुई हैं। इस महीने की शुरुआत में, कांग्रेस ने गडकरी पर हितों के टकराव का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि वह एथनॉल उत्पादन की पैरवी कर रहे हैं, जबकि उनके दो पुत्र एथनॉल बनाने वाली कंपनियों से जुड़े हैं और सरकारी नीतियों से लाभ उठा रहे हैं। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताया था।

# दो-तीन सप्ताह में एक दर्जन कंपनियों के आईपीओ, 10,000 करोड़ रुपये जुटाएंगी

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी 2.0 सुधारों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दरों में कटौती और अन्य अनुकूल नीतिगत उपायों से उत्साहित एक दर्जन से ज्यादा कंपनियां अगले दो-तीन सप्ताह में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही हैं। इनका लक्ष्य 10,000 करोड़ रुपये जुटाना है।

मर्चेंट बैंकर ने बताया कि प्राथमिक बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में आईवैल्यू इन्फोसॉल्यूशंस, सात्विक ग्रीन एनर्जी, जिनकुशल इंडस्ट्रीज, अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स, पार्क मेडी वर्ल्ड, सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस, जैन रिसोर्स रीसाइक्लिंग, सीआईईएल एचआर सर्विसेज, जीके एनर्जी, गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स और शेषसाई टेक्नोलॉजीज शामिल हैं। ये सभी कंपनियां 15 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में अपने मूल्य दायरे की घोषणा करेंगी। इन कंपनियों की 30 सितंबर से पहले अपने आईपीओ लाने की योजना है।

- 15 से मूल्य दायरे की घोषणा और 30 सितंबर से पहले आईपीओ लाने की योजना

मर्चेंट बैंकर ने संकेत दिया कि अनंतम हाईवे इनविट (अल्फा अल्टरनेटिव्स), ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज, प्रणव कंस्ट्रक्शन और टूअल्ट बायोएनर्जी के आईपीओ आएंगे। ये कंपनियां 22-30 सितंबर के दौरान अपने मूल्य दायरे की घोषणा कर सकती हैं, और सितंबर के अंत या अक्टूबर में आईपीओ ला सकती हैं। इनका लक्ष्य 10,000 करोड़ जुटाना है। इन सभी को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल चुकी है।

# कर सुधारों से मांग 3.5 लाख करोड़ बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि सरकार के जीएसटी दरों में कमी और आयकर में छूट से अर्थव्यवस्था में कुल मांग में 3.5 लाख करोड़ की वृद्धि की उम्मीद है। इसके साथ इन सुधारों से देश की आर्थिक वृद्धि की क्षमता 7.0 से 7.5% हो सकती है।

उनका कहना है कि आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन को तेज करने के लिए नीति-निर्माताओं को विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए अन्य क्षेत्रों विशेष रूप से भूमि और श्रम क्षेत्र में सुधार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जीएसटी परिषद ने हाल में माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें 5 व 18% होंगी जबकि विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं पर 40% की विशेष दर लागू होगी। दरों को युक्तिसंगत बनाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामान समेत 400 वस्तुओं पर दरें कम की गयी हैं। 2025-26 के बजट में 12 लाख तक की आय (नौकरीपेशा के लिए मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये) को कर मुक्त करने की घोषणा की गई थी।

- सुधारों से आर्थिक वृद्धि की क्षमता 7 से 7.5% होने की उम्मीद

### करों के बोझ में कमी से आर्थिक वृद्धि की क्षमता बढ़ेगी

अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स के निदेशक एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों तरह के किसी भी कर का गुणक ऋणात्मक होता है। यानी जितना अधिक कर होगा, उत्पादन उतना ही कम होगा। ऐसे में, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर सुधारों के माध्यम से करों के बोझ में कमी आने से देश की आर्थिक वृद्धि की क्षमता 7 .0 से 7 .5 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6 .3 से 6 .8% रहने का अनुमान रखा है।

आनंद राठी ग्रुप के मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने कहा कि आयकर की दर में कटौती से लोगों की खर्च योग्य आय में प्रभावी रूप से वृद्धि हुई है। उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति को देखते हुए, इससे कुल मांग में 2 .3 लाख करोड़ की वृद्धि होगी। जीएसटी दरों में कमी के गुणक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए 1 .2 लाख करोड़ की मांग वृद्धि के साथ, अर्थव्यवस्था में कुल 3 .5 लाख करोड़ का योगदान होगा। उपभोग में वृद्धि के साथ, कंपनियों के लाभ में वृद्धि होने की संभावना है। बढ़ी हुई खपत से कंपनियों की बिक्री मात्रा में वृद्धि होगी और वित्त वर्ष 2024-25 के शुद्ध लाभ में 1.0 से 1.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।



# भविष्यवाणियां झूठी साबित कर आगे बढ़ रहा भारत

## भागवत बोले- ज्ञान, कर्म और भक्ति की संतुलित त्रिवेणी के पारंपरिक दर्शन पर श्रद्धा रखने से सबको साबित किया झूठा

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि 'ज्ञान, कर्म और भक्ति की संतुलित त्रिवेणी' के पारंपरिक दर्शन पर श्रद्धा रखने की बदौलत भारत सबकी भविष्यवाणियां झूठी साबित करके आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह बात ऐसे वक्त कही जब देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.80 प्रतिशत रही है। अमेरिका की ओर से भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है।

भागवत ने मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की पुस्तक 'परिक्रमा कृपा सार' का विमोचन किया। संघ प्रमुख ने समारोह में कहा कि भारतीय नागरिकों के पूर्वजों ने अनेक पंथ-संप्रदायों के माध्यम से कई रास्ते दिखाकर सबको बताया है कि ज्ञान, कर्म और भक्ति की संतुलित त्रिवेणी जीवन में कैसे बहाई जाती है। भागवत ने कहा कि भारत जीवन जीने के इस पारंपरिक दर्शन पर आज भी श्रद्धा रखता है, इसलिए सबकी भविष्यवाणियां झूठी साबित करके देश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

संघ प्रमुख ने कहा कि (ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री) विंस्टन चर्चिल ने एक बार कहा था कि (ब्रितानी शासन से) स्वतंत्र होने पर तुम (भारत) टिक नहीं सकोगे और बंट जाओगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब खुद इंग्लैंड बंटने की स्थिति में आ रहा है, पर हम नहीं बंटेंगे। हम आगे बढ़ेंगे। हम कभी बंट गए थे, लेकिन वह भी हम मिला लेंगे फिर से। भागवत ने कहा कि निजी स्वार्थों के कारण ही दुनिया में अलग-अलग संघर्ष चलते हैं और सारी समस्याएं सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि भारत जब 3,000 वर्षों तक दुनिया का सिरमौर था, तब दुनिया में कोई कलह नहीं थी। भागवत ने कहा कि भारत में गौ माता, नदियों और पेड़-पौधों की पूजा के जरिये प्रकृति की आराधना की जाती है और प्रकृति से देश का नाता जीवंत और चैतन्य अनुभूति पर आधारित है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया (प्रकृति से) इस नाते को तरस रही है। पिछले 300-350 वर्षों से दुनिया के देशों को बताया जा रहा है कि सब लोग अलग-अलग हैं और जो बलवान है, वही जिएगा। उन्हें बताया जा रहा है कि अगर वे किसी के पेट पर पैर रखकर या किसी का गला काट कर भी बलवान बनते हैं, तो कोई बात नहीं है। भागवत ने कहा कि पहले कपड़ों का गला और जेब काटने का काम केवल दर्जी करते थे। अब सारी दुनिया कर रही है। वे जानते हैं कि इससे गड़बड़ हो रही है, लेकिन वे रुक नहीं सकते क्योंकि उनके पास विश्वास और श्रद्धा नहीं है।



### भारतीय संस्कृति तेरे-मेरे के भेद से ऊपर उठने का देती है संदेश

संघ प्रमुख ने जोर देकर कहा कि भारतीय संस्कृति तेरे-मेरे के भेद से ऊपर उठने का संदेश देती है और सभी मनुष्यों में परस्पर आत्मीयता और अपनापन आवश्यक है। संघ प्रमुख ने कहा कि मनुष्य के लिए ज्ञान और कर्म, दोनों मार्ग जरूरी हैं, लेकिन 'निष्क्रिय ज्ञानी' किसी काम के नहीं होते। ज्ञानी लोगों के निष्क्रिय होने से ही सब गड़बड़ होती है और अगर कर्म करने वाले किसी व्यक्ति को ज्ञान नहीं है, तो यह कर्म पागलों का कर्म हो जाता है। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके मंत्रिमंडल के कई सदस्यों समेत समाज के अलग-अलग तबकों के लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे। पटेल की पुस्तक उनकी दो नर्मदा परिक्रमा यात्राओं से प्रेरित है। भागवत ने कहा कि नर्मदा नदी की परिक्रमा सर्वत्र श्रद्धा का विषय है। हमारा देश में कर्मवीर भी हैं और तर्कवीर भी हैं। दुनिया श्रद्धा और विश्वास पर चलती है।

# एआई आधारित फर्जी खबरें फैलाने वालों पर मुकदमे के लिए ठोस समाधान जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसदीय समिति ने सरकार से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर गढ़ी गई फर्जी खबरों को फैलाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों एवं संस्थानों की पहचान करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित करने को कहा है।

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति ने अपनी मसौदा रिपोर्ट में, फर्जी खबरों पर रोक के उद्देश्य से एआई के इस्तेमाल के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति की मसौदा रिपोर्ट हाल में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी गई। इसे अगले सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, समिति ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) तथा अन्य संबंधित मंत्रालयों एवं विभागों के बीच करीबी समन्वय का भी आग्रह किया, ताकि एआई जनित फर्जी खबरों के प्रसार के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों और संस्थानों की पहचान करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए ठोस कानूनी एवं तकनीकी समाधान विकसित किए जा सकें।

समिति ने एआई सामग्री निर्माताओं के लिए लाइसेंसिंग आवश्यकताओं की व्यवहार्यता का पता लगाने तथा एआई-जनित वीडियो और सामग्री की अनिवार्य लेबलिंग' के लिए अंतर-मंत्रालयी समन्वय की सिफारिश की है। समिति के सुझाव सरकार के लिए बाध्यकारी नहीं हैं। हालांकि, सरकार अक्सर इन्हें लागू करने पर विचार करती है, क्योंकि संसदीय समितियां संसद का प्रतिनिधित्व करती हैं।

- संसदीय समिति ने सरकार से ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित करने को कहा
- सांसद निशिकांत दुबे की समिति की मसौदा रिपोर्ट लोस अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी गई

### फर्जी खबरों का पता लगाने को दो परियोजनाएं कार्यान्वित

फर्जी खबरों का पता लगाने के लिए वर्तमान में दो परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं- डीप लर्निंग फ्रेमवर्क का उपयोग करके फर्जी भाषण का पता लगाना तथा डीपफेक वीडियो और छवियों का पता लगाने के लिए सॉफ्टवेयर का डिजाइन और विकास। समिति ने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति, विशेष रूप से एआई में, फर्जी खबरों से संबंधित चिंताओं को दूर करने को आशाजनक समाधान प्रस्तुत करती है।

# अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती, उर्वशी रौतेला को ईडी ने भेजा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक ऑनलाइन सट्टेबाजी एप मामले में कथित धन शोधन की जांच के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला को समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि चक्रवर्ती को 15 सितंबर को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है, जबकि रौतेला को मंगलवार को पेश होना है। चार सितंबर को, पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन से इसी मामले में ईडी ने लगभग आठ घंटे पूछताछ की थी। अगस्त में, एक अन्य पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना से भी संघीय जांच एजेंसी ने इन आरोपों के संबंध में पूछताछ की थी।

ईडी ने पिछले महीने इसी मामले में बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा को भी समन जारी किया था। कोलकाता में एक अधिकारी ने बताया कि हाजरा को 16 सितंबर को कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में ईडी अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

### सट्टेबाजी एप का मामला



# भिक्षुक आश्रय गृहों में सुधारों को संस्थागत रूप दें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार द्वारा रखरखाव किये जाने वाले भिक्षुक आश्रय गृह कोई विवेकाधीन परमार्थ कार्य नहीं है और इसके प्रबंधन में संवैधानिक नैतिकता के मूल्य प्रतिबिंबित होने चाहिए। शीर्ष अदालत ने ऐसे केंद्रों में गरिमापूर्ण जीवन को बनाए रखने के लिए कई निर्देश भी जारी किए।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भिक्षुक आश्रय गृहों में सुधारों को संस्थागत रूप देना होगा ताकि समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लिए गरिमापूर्ण जीवन की संवैधानिक गारंटी सार्थक रूप से सुरक्षित हो सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे आश्रय गृहों में मानवीय स्थिति सुनिश्चित करने में विफलता न केवल कुप्रशासन है, बल्कि यह गरिमापूर्ण जीवन के मौलिक अधिकार का संवैधानिक हनन है। न्यायालय ने कहा कि इस न्यायिक अभिव्यक्ति से इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि निर्धन व्यक्तियों के प्रति सरकार की जिम्मेदारी सकारात्मक और अपरिवर्तनीय है। इस प्रकार, सरकार द्वारा संचालित भिक्षुक गृह संवैधानिक ट्रस्ट है, न कि कोई विवेकाधीन परमार्थ कार्य। इसके प्रबंधन में संवैधानिक नैतिकता के मूल्य- स्वतंत्रता, निजता और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना- प्रतिबिंबित होने चाहिए। न्यायालय ने निर्देश दिया कि भिक्षुक गृह में रखे जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रवेश के 24 घंटे में चिकित्सा अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से मेडिकल जांच करवानी होगी। पीठ ने कहा कि सभी भिक्षुक गृहों में एक निर्दिष्ट चिकित्सा दल द्वारा मासिक स्वास्थ्य जांच की जाए। सभी भिक्षुक गृहों में रोग निगरानी और पूर्व चेतावनी प्रणाली हो, जिसमें संचारी और जलजनित रोगों की रोकथाम, बीमारियों का पता और नियंत्रण को विशेष प्रोटोकॉल हों। सभी राज्य सरकारें भिक्षुक गृहों में स्वच्छता मानकों को तैयार करें, अधिसूचित करें और सख्ती से लागू करें।



- शीर्ष अदालत ने ऐसे केंद्रों में गरिमापूर्ण जीवन को बनाए रखने के लिए कई निर्देश किए जारी

### पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों पर सुनवाई आज

सुप्रीम कोर्ट पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने मानवाधिकारों के हनन पर रोक के लिए 2018 में पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ सोमवार को इस पर सुनवाई कर सकती है। पीठ ने चार सितंबर को कहा था कि हम पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी शीर्षक से स्वतः संज्ञान जनहित याचिका दर्ज करने का निर्देश दे रहे हैं, क्योंकि 2025 के शुरुआती सात-आठ महीनों में हिरासत में 11 मौतें हुई हैं। दिसंबर 2020 में अदालत ने केंद्र को जांच एजेंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था।

# ईडी व व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा को बना पीएमएलए

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों को सशक्त बनाने और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) बनाया गया था। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ ने 12 सितंबर को यह टिप्पणी की।

न्यायालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जब्त या फ्रीज की गई संपत्ति को अपने पास रखने के लिए न्यायिक प्राधिकारी से अनुमति लेने से पहले, प्राधिकृत अधिकारी को पहले एक औपचारिक आदेश पारित करना होगा, जिसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि 180 दिनों तक संपत्ति को अपने पास रखना क्यों आवश्यक है। पीठ ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम के बिना, न्यायनिर्णायक प्राधिकारी कानूनी रूप से यह निर्धारित नहीं कर सकता कि संपत्ति धनशोधन से जुड़ी है या नहीं। न्यायालय ने कहा कि पीएमएलए की संरचना प्रवर्तन एजेंसियों को सशक्त बनाने और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने के लिए बनाई गई है।




- दिल्ली हाईकोर्ट बोली- ईडी को बताना होगा कि जब्त संपत्ति को अपने पास रखना क्यों जरूरी है

## वर्ल्ड ब्रीफ

### प्रीति सरन बनीं यूएन के प्रमुख निकाय की अध्यक्ष



**न्यूयॉर्क।** पूर्व राजनयिक प्रीति सरन को संयुक्त राष्ट्र की प्रतिष्ठित आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार समिति (सीईएससीआर) का अध्यक्ष चुना गया है। सरन को यह जिम्मेदारी जटिल बहुपक्षीय मुद्दों को संभालने में उनकी व्यापक अनुभव को ध्यान में रखते हुए दी गई है। सरन ने भारतीय विदेश सेवा में 36 वर्षों के कार्यकाल में भारत के साथ-साथ एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में भारतीय मिशन में विभिन्न पदों पर कार्य किया।

### इक्वाडोर में गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर के सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्साचिलास स्थित एक पूल हॉल में गोलीबारी में सात लोग मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। सैनिकों के वेश में एक वाहन में आए हमलावरों ने शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 10:30 बजे नुएवो अमानेसर इलाके में स्थित पूल हॉल में ग्राहकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। गौरतलब है कि सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्साचिलास प्रांत के एक पूल हॉल में एक महीने से भी कम समय में यह दूसरी सामूहिक गोलीबारी थी। पुलिस ने बताया कि 17 अगस्त को इसी तरह के हमले में सात लोग मारे गए थे।

### ब्रिटेन: सिख महिला के यौन उत्पीड़न की निंदा

**लंदन।** ब्रिटेन की सिख सांसद प्रीत कौर गिल ने एक सिख युवती का यौन उत्पीड़न किए जाने की घटना की निंदा की है। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा है कि वह इस हमले को नस्ली अपराध मानकर जांच कर रही है। प्रीत कौर गिल ने मंगलवार को इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के ओल्डबरी में हुए भयावह हमले पर सोशल मीडिया पर कहा, 'ओल्डबरी में एक सिख महिला पर हुए भयावह हमले से मैं बेहद स्तब्ध हूं। यह एक अत्यधिक हिंसक कृत्य है लेकिन इसे नस्लीय भेदभाव के रूप में भी देखा जा रहा है क्योंकि अपराधियों ने उससे कहा था कि वह यहां की नहीं है।

### संयुक्त सैन्य अभ्यास पर भड़का उत्तर कोरिया

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के सैन्य अभ्यासों की निंदा की है। उत्तर कोरिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के आगामी सैन्य अभ्यासों की शनिवार को निंदा की है। दक्षिण कोरिया की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वह सोमवार को अमेरिका और जापान के साथ एक त्रिपक्षीय आउटडोर बहु-क्षेत्रीय अभ्यास, और अमेरिका के साथ परमाणु हमले के दौरान त्वरित कार्रवाई संबंधी अभ्यास करेगा।

# टेक्सास में की गई शरिया कानून पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा

**ह्यूस्टन, एजेंसी**

- गवर्नर ने धार्मिक आचार संहिता थोपने वालों को बताया मूर्ख

टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा है कि उनके प्रांत ने इस्लामी शरिया कानून के क्रियान्वयन पर प्रतिबंध लगा दिया है और निवासियों से व्यवसायों या व्यक्तियों पर शरिया अनुपालन थोपने के किसी भी प्रयास की सूचना देने का आग्रह किया।

एबॉट की यह टिप्पणी ह्यूस्टन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आई है, जिसमें एक मुस्लिम धर्मगुरु लाउडस्पीकर के माध्यम से दुकानदारों से शराब, सूअर का मांस या लॉटरी टिकट नहीं बेचने का आग्रह करते हुए दिख रहा है। गवर्नर ने इस घटना को उत्पीड़न बताया और कहा कि टेक्सास सार्वजनिक जीवन में धार्मिक आचार संहिता लागू करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

एबॉट ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैंने टेक्सास में शरिया कानून पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पर हस्ताक्षर किए हैं। किसी भी व्यक्ति को ऐसे मूर्खों से डरना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी शरिया थोपने का प्रयास करे तो इसकी सूचना कानून प्रवर्तन या टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग को दें। टेक्सास में औपचारिक शरिया प्रतिबंध नहीं है, लेकिन अमेरिकी अदालतों के लिए 2017 का अमेरिकी कानून विधेयक, अदालतों को किसी भी धार्मिक संहिता को लागू करने से रोकता है।

## बॉलीवुड बनाम अंडरवर्ल्ड

# निशाने पर सितारे




बॉलीवुड की अभिनेत्री दिशा पाटनी के आवास पर गोलीबारी की घटना कोई बहुत हैरतअंगेज घटना नहीं है। असल में, बॉलीवुड और अंडरवर्ल्ड के बीच दुश्मनी और दोस्ती की कहानी साथ-साथ चलती रही है जो 1970-1990 के दशक के बीच सबसे गहरी रही है। इस दौरान अंडरवर्ल्ड के सरगनाओं ने फिल्म इंडस्ट्री पर अपना प्रभाव जमाने की सबसे ज्यादा कोशिश की। कभी फाइनेंसिंग, सुरक्षा और पार्टियों में इन सरगरनाओं की बॉलीवुड सितारों और निर्माताओं से नजदीकियां दिखाई दीं तो कभी धमकी, रंगदारी, हमले के रूप में दुश्मनी भी सामने आई। कुल मिलाकर, बॉलीवुड और अंडरवर्ल्ड का रिश्ता पैसा, पावर और ग्लैमर की त्रिकोणीय मजबूरी का परिणाम रहा है जहां सितारे कभी अपने फायदे के लिए तो कभी मजबूरी में उनके करीब आए।

### मौजूदा स्थिति

- वर्ष 2000 के बाद पुलिस और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाऊद गिरोह पर शिकंजा कसने से कुछ दबाव कम हुआ है।
- फाइनेंसिंग अब कॉरपोरेट हाउस और ओटीटी प्लेटफॉर्म से होती हैं, इसलिए धमकी की घटनाएं घटी हैं।
- दाऊद गिरोह, छोटा शकील का नेटवर्क अब भी सक्रिया, नए उभरते गैंगस्टरों में पहचान बनाने की चाहत।

### धमकियों के साये में

- सलमान खान कई वर्ष से लॉरेंस विश्नोई गैंग के टारगेट रहे हैं। पुलिस ने वाई प्लस सिक्योरिटी दे रखी है।
- शाहरुख खान को 2022 में पठान फिल्म की रिलीज से पहले अंडरवर्ल्ड ने धमकी देकर पैसों की मांग की।
- बड़े निर्माता होने के कारण करण जौहर को बार-बार धमकी मिलती हैं, उनसे कई बार रंगदारी मांगी गई है।
- गुलशन कुमार के बेटे भूषण कुमार भी अंडरवर्ल्ड की रडार पर है, उन्हें कई बार हत्या की धमकियां दी गई हैं।

### रिश्ते की शुरुआत

- 1970-80 के दशक में बॉलीवुड फिल्मों के लिए फाइनेंस का बड़ा हिस्सा हवाला और अंडरवर्ल्ड जैसे अनौपचारिक स्रोतों से आता था।
- मुंबई के माफिया हाजी मस्तान, करीम लाला, वरदराजन मुदलियार फिल्मों के शौकीन थे। वे फिल्मी पार्टियों से शूटिंग सेट्स तक दिखते थे।

### संबंधों की बुनियाद

- फाइनेंसिंग प्रमुख कारण थी। फिल्में लाभकारी निवेश के साथ काले धन को सफेद करने का भी जरिया बनीं।
- ग्लैमर और पावर का जरिया, अंडरवर्ल्ड के लोग सितारों की दोस्ती दिखाकर अपनी सोशल स्टेटस बढ़ाते थे।
- कुछ सितारे अंडरवर्ल्ड से दोस्ती इसलिए रखते थे ताकि वे धमकियों या हमलों से अपना बचाव कर सकें।
- फिल्मी सितारों के साथ रिश्ते दिखाकर अंडरवर्ल्ड के लोगों को ताकत का प्रदर्शन करने की चाहत।

### धमकियों-हमलों की प्रमुख घटनाएं

- 1990 के दशक में दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील के गुर्गों ने कई प्रोड्यूसर्स और एक्टर्स से रंगदारी मांगी।
- 1997 में टी-सीरीज के संस्थापक गुलशन कुमार की बहुचर्चित हत्या, उन्हें मुंबई के अंधेरी में गोली मार दी गई।
- 1998 में अंडरवर्ल्ड ने मनीषा कोईराला की मैनेजर अंजना शर्मा और 2000 में ऋतिक रोशन को धमकियां दीं।
- 2000 में फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर रंजीत शर्मा की हत्या, राकेश रोशन को गोली मारी, सुभाष गई पर भी हमला हुआ।

### अभिनेत्रियों के प्रेम संबंध

- अभिनेत्री मंदाकिनी का नाम अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ा। मंदाकिनी ने इसे सिर्फ दोस्ती बताया।
- 90 के दशक की मशहूर अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी ने ड्रग माफिया विकी गोस्वामी से शादी कर ली थी।
- अभिनेत्री मोनिका बेदी का रिश्ता अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से चर्चित रहा, दोनों ने निकाह भी कर लिया था।

# जम्मू-कश्मीर: घने जंगलों और ऊंचे पहाड़ों पर बंकर बना रहे हैं आतंकी

## घरों में पनाह लेने के बजाय रणनीति बदलकर सेना के आगे पेश की नई चुनौती

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी संगठनों ने अपनी रणनीति बदलते हुए अब स्थानीय घरों में पनाह लेने की बजाय घने जंगलों और ऊंचे पहाड़ी इलाकों में भूमिगत बंकर बनाने शुरू कर दिए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय समर्थन में कमी के कारण आतंकवादी संगठनों की रणनीति में यह बदलाव सेना और अन्य सुरक्षा बलों के लिए एक नई चुनौती प्रस्तुत करता है।

पिछले सप्ताह कुलगाम जिले के ऊपरी क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ के दौरान इसका पता चला, जहां दो आतंकवादी मारे गए थे। जैसे-जैसे अभियान आगे बढ़ा, सुरक्षा बलों को एक गुप्त सुरंग मिली, जिसमें राशन, छोटे गैस स्टोव, प्रेशर कुकर, साथ ही हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि यह प्रवृत्ति कुलगाम और शोपियां जिलों के साथ-साथ जम्मू क्षेत्र में पीर पंजाल के दक्षिण में व्यापक हो गई है, जहां घने जंगल आतंकवादियों के लिए आदर्श छिपने की जगह उपलब्ध कराते हैं। भले ही सुरक्षा कर्मियों ने इनमें से कुछ नए ठिकानों का पता लगाने में सफलता प्राप्त कर ली है, लेकिन अधिकारियों की चिंता बढ़ती जा रही है, विशेषकर खुफिया जानकारी मिलने के बाद कि आतंकवादियों को ऊंची और मध्य पहाड़ियों में रहने तथा सीमा पार से निर्देश मिलने पर हमले करने के लिए कहा गया है।

सेना की उत्तरी कमान के पूर्व प्रमुख और 2016 की सफल सर्जिकल स्ट्राइक का नेतृत्व कर चुके सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डी एस हुड्डा ने कहा कि ऊंचाई वाले इन खाइयों और बंकरों की रणनीति 1990 और शुरुआती 2000 के दशक में अपनाई गई आतंकवादी रणनीति की याद दिलाती है। लेफ्टिनेंट जनरल हुड्डा ने यह भी कहा कि मानव स्रोतों से मिलने वाली खुफिया सूचनाओं का अभाव बड़ी समस्या बनकर उभरा है। फिर भी, उनका मानना है कि सेना नई चुनौती से निपटने के लिए अपनी रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करेगी।

जम्मू-कश्मीर पुलिस में तीन दशक तक सेवा दे चुके पुडुचेरी पुलिस के पूर्व महानिदेशक बी श्रीनिवास ने भी इस आकलन से सहमति जताई। कहा कि आतंकी अब कस्बों और गांवों में शरण नहीं ले पा रहे हैं, इसलिए वे इन बंकरों का निर्माण करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों द्वारा अलगाववादी विचारधारा से दूरी बनाए जाने के कारण अब घुसपैठिए आतंकी इन गुप्त सुरंगों का इस्तेमाल कर रहे हैं ताकि स्थानीय लोगों की नजरों से बच सकें।



### बंकरों की तलाश को ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार से लैस ड्रोन और भूकंपीय सेंसर के इस्तेमाल की योजना

इस नई चुनौती का सामना करने के लिए सुरक्षा एजेंसियां तकनीकी समाधानों का सहारा लेने की योजना बना रही हैं और आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान 'ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार' (जीपीआर) से लैस ड्रोन और भूकंपीय सेंसर का इस्तेमाल करने पर विचार कर रही हैं। ड्रोन उन दुर्गम इलाकों तक पहुंच सकते हैं, जहां सामान्य रूप से पहुंचना कठिन है, जबकि 'जीपीआर' और भूकंपीय 'सेंसर' धरती के भीतर की खाली जगहों और संरचनात्मक बदलावों की पहचान कर सकते हैं, जिससे ऐसे भूमिगत बंकरों की सटीक जानकारी मिल सकती है। इस समय सुरक्षा बलों का प्राथमिक उद्देश्य इन जंगल क्षेत्रों में खुफिया तंत्र को मजबूत करना और इन नई तकनीकों की मदद से बचे हुए आतंकियों को निष्क्रिय करना है।

### पहले भी सेना जूझ चुकी है इस चुनौती से

सेना को यानी 2020 से 2022 के बीच भी भूमिगत बंकरों और कृत्रिम सुरंगों से जूझना पड़ा था। राम्बी आरा की धारा के बीच में एक बंकर तैयार किया गया था, जो अक्सर जल स्तर में उतार-चढ़ाव और बाढ़ से प्रभावित रहता है। सैनिकों ने एक खाली तेल के ड्रम का मुंह खुला हुआ देखा, जिसे बाद में आतंकियों ने बंकर में प्रवेश करने के लिए इस्तेमाल किया। बंडपोह में भी एक बंकर मिला, जो ऊंचाई पर घने सेब के पेड़ों से ढका हुआ था। आतंकियों ने वहां भूमिगत एक कमरा तैयार कर लिया था। बंकर का पता तब चला जब जवानों ने देखा कि एक पॉलीथिन शीट जमीन पर बिछी है और उसके आसपास की मिट्टी हाल ही में भरी गई है। शोपियां के लाबिपुरा में नदी के किनारे एक लोहे के बक्से को ढक दिया और जमीन के नीचे छिपते हुए सांस लेने के लिए एक छोटी पाइप लगा दी।

## लंदन: यूनाइट द किंगडम रैली में एक लाख लोग हुए शामिल

**लंदन।** लंदन में आव्रजन विरोधी रैली में शनिवार को एक लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। दक्षिणपंथी कार्यकर्ता टॉमी रॉबिन्सन द्वारा आहूत इस रैली में सड़कों पर प्रदर्शनकारियों की भीड़ उमड़ पड़ी।

इस रैली को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा का आह्वान बताया गया, लेकिन इस दौरान आव्रजन का मुद्दा छाया रहा। प्रदर्शनकारियों ने बार-बार 'हमें अपना देश वापस चाहिए' जैसे नारे लगाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प होने की भी खबरें आईं। रॉबिन्सन यूके में एक प्रमुख दक्षिणपंथी नेता हैं और इंग्लिश डिफेंस लीग का नेतृत्व करते हैं।

# उत्तरी गाजा में तेज होते हमलों के बीच इजराइल पहुंचे रूबियो

**यरुशलम, एजेंसी**

- अलग-थलग पड़ते इजराइल के प्रति अमेरिकी समर्थन का प्रदर्शन

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो रविवार को इजराइल पहुंचे। इस बीच, इजराइल ने उत्तरी गाजा पर हमले तेज कर दिए हैं, जिससे एक और ऊंची इमारत ध्वस्त हो गई तथा कम से कम 12 फलस्तीनी मारे गए।

रुबियो ने यात्रा से पहले कहा कि वह इजराइली अधिकारियों से इस बारे में जवाब मांगेंगे कि पिछले सप्ताह कतर में हमास के सदस्यों पर इजराइल के हमले के बाद गाजा में आगे का रास्ता वे किस प्रकार देखते हैं। उनकी दो-दिवसीय यात्रा तेजी से अलग-थलग पड़ रहे इजराइल के प्रति समर्थन का भी प्रदर्शन है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन राष्ट्र के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता पर विवादास्पद बहस होने की उम्मीद है।

इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फलस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देने सबंधी किसी भी संभावित कदम का कड़ा विरोध करते रहे हैं। रुबियो की यात्रा दोहा में हमास नेताओं पर इजराइली हमले को लेकर नेतन्याहू पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गुस्से के बावजूद हो रही है। ट्रंप ने कहा था कि इजराइल ने हमले को लेकर उन्हें पहले सूचित नहीं किया। स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, रविवार को गाजा में इजराइल के हमलों में 13 फलस्तीनी मारे गए।

# जेन जी आंदोलन में मारे गए लोग शहीद परिवारों को मिलेंगे 10-10 लाख रुपये

**काठमांडू, एजेंसी**

- नई प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पदभार लेने के बाद की घोषणा
- हिंसा में शामिल लोगों को कानूनी कार्रवाई के दायरे में लाया जाएगा

नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को कहा कि पिछले सप्ताह सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान देश भर में हिंसा और विनाश में शामिल रहे लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। कार्की ने पूर्वाह्न करीब 11 बजे काठमांडू के सिंह दरबार सचिवालय में नवनिर्मित गृह मंत्रालय भवन में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जेन जी प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों को 'शहीद' घोषित किया जाएगा और उनके परिजनों को दस लाख नेपाली रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने जेन जी समूह की सिफारिश पर कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। इस समूह ने दो-दिवसीय विरोध प्रदर्शन कर मंगलवार को केपी शर्मा ओली सरकार को उखाड़ फेंका था। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद सचिवों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि हिंसा और सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति के विनाश में शामिल लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नौ सितंबर के विरोध के दौरान आगजनी तथा तोड़फोड़ सुनियोजित थी और जेन जी प्रदर्शनकारी ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं थे।



नई प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के पदभार लेने के बाद अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

कार्की ने कहा, जिस तरह की आगजनी और तोड़फोड़ हुई है, वह एक आपराधिक कृत्य है। इसे सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। इसके लिए ज़िम्मेदार लोगों को सज़ा मिलनी चाहिए। उन्होंने मुख्य सचिव एकनारायण अर्याल को देश भर में नष्ट हुईं पुलिस चौकियों की मरम्मत का प्रबंध करने का भी निर्देश दिया। चूंकि दो-दिवसीय आंदोलन के दौरान सिंह दरबार सचिवालय स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में आग लगा दी गई थी, इसलिए सिंह दरबार परिसर में गृह मंत्रालय के लिए नवनिर्मित भवन का उपयोग प्रधानमंत्री कार्यालय के रूप में किया जाएगा।

### सबिता भंडारी बनीं पहली महिला अटॉर्नी जनरल



**काठमांडू।** वरिष्ठ अधिवक्ता सबिता भंडारी को रविवार को नेपाल सरकार का अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया गया। वह इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला हैं। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की सिफारिश पर भंडारी को अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया। भंडारी अब नेपाल की पहली महिला अटॉर्नी जनरल बन गई हैं। वह राष्ट्रीय सूचना आयोग की पूर्व सूचना आयुक्त भी हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति पौडेल ने अटॉर्नी जनरल के पद से रमेश बादल के इस्तीफे को मंजूरी दे दी। सरकार बदलने के बाद अटॉर्नी जनरल का इस्तीफा देना एक सामान्य प्रक्रिया है।

# यूक्रेन का रूस की शीर्ष तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला

**मॉस्को, एजेंसी**



- विस्फोट के साथ रिफाइनरी में लगी भीषण आग

यूक्रेन ने शनिवार रात रूस की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरियों में से एक पर भीषण ड्रोन हमला किया, जिससे आग लग गई। रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। रूस के उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित किरिशी रिफ़ाइनरी पर बीती रात हुए इस हमले से हफ्तों पहले भी यूक्रेन ने रूसी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया था।

रूस की प्रमुख तेल कंपनी सर्गुतनेफ्तेगास द्वारा संचालित संबंधित प्रतिष्ठान हर वर्ष लगभग 1.77 करोड़ मीट्रिक टन अर्थात प्रतिदिन 3,55,000 बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है। रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत किए जाने के तीन साल से भी ज्यादा समय बाद ड्रोन दोनों पक्षों के लिए एक अहम हथियार बनकर उभरे हैं। बुधवार को कई रूसी ड्रोन पोलैंड में घुस गए थे, जिसके बाद नाटो ने उन्हें मार गिराने के लिए लड़ाकू विमान भेजे। इससे लंबे समय से चली आ रही इस चिंता को और बल मिला कि यह लड़ाई यूक्रेन की सीमाओं से आगे भी फैल सकती है।

यूक्रेन के जनरल स्टाफ के अनुसार, घटनास्थल पर विस्फोट और आग लगने की सूचना मिली है। उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें रात के समय आसमान में आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दिखाई देता है। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोज़्डेंको ने बताया कि किरिशी इलाके में रात भर में तीन ड्रोन गिराए गए, जिसके मलबे से प्रतिष्ठान में आग लग गई। उन्होंने कहा कि कोई हताहत नहीं हुआ और आग बुझा दी गई।

रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रूस अधिकृत क्रीमिया और निकटवर्ती आज़ोव सागर के ऊपर रात भर में 80 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए। रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक बना हुआ है, लेकिन मांग में वृद्धि और यूक्रेनी ड्रोन हमलों के कारण हाल के सप्ताहों में गैसोलीन की कमी हो गई है। देश के कुछ क्षेत्रों में स्टेशनों पर ईंधन की कमी हो गई है और वाहन चालकों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ रहा है। इस कमी को कम करने के प्रयास में, रूस ने गैसोलीन के निर्यात पर रोक लगा दी है।

## पाकिस्तान में मंदिर की जमीन पर किया गया अवैध कब्जा

**लाहौर।** बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक शीर्ष नौकरशाह के इशारे पर एक मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। यह सनातन धर्म मंदिर लाहौर से लगभग 250 किमी दूर भलवाल में स्थित है। पीपीपी के वरिष्ठ नेता नदीम अफजल चान ने 'एक्स' पर साझा एक वीडियो में आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्य सचिव जाहिद अख्तर जमां के इशारे पर भलवाल में मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 सितंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 16 सितंबर 01.31 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 07.31 तक तत्पश्चात आर्द्रा।


मेष
आज परिवार के लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। किसी की भी झूठी प्रशंसा न करें। आपके अधिकतर काम थोड़ी धीमी गति से होंगे। कफ और सूखी खांसी जैसी समस्या हो सकती है। अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखें।


वृष
आज व्यापार में नए सौदे हो सकते हैं। दूसरों की बातों पर अधिक ध्यान न दें। नई तकनीक के प्रयोग को लेकर विचार करेंगे। आपको पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। आपके सामाजिक स्तर में सुधार होगा।


मिथुन
आज दैनिक दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें। मन में परोपकार की भावना रहेगी। परिजन आपकी आदतों से परेशान होंगे। आपके मन में किसी कारणवश रोष उत्पन्न हो सकता है। आपको व्यायाम अवश्य करना चाहिए।


कर्क
आज अपने काम की गुणवत्ता को कम न होने दें। अपने लक्ष्यों के प्रति थोड़े उदासीन हो सकते हैं। बातचीत के द्वारा समस्याओं का समाधान कर लेंगे। आपको लोगों की सलाह पर सीधे विश्वास करने से बचना चाहिए।


सिंह
आज कई दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र और परिवार के बीच संतुलन बनाकर रखें। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। दांपत्य जीवन की कलह दूर होगी।


कन्या
आज परोपकार की भावना आपके मन में प्रबल रहेगी। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यधिक एकाग्र रहेंगे। आपकी मानसिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहने वाली है। संपत्ति को बेचने के प्रयास सफल होंगे। भविष्य को लेकर बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं।


तुला
आज किसी नजदीकी व्यक्ति की सहायता करनी पड़ेगी। सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के योग बन रहे हैं। नए व्यापार को लेकर उत्साह में रहेंगे। छात्रों को करियर में शानदार परिणाम मिल सकते हैं।


वृश्चिक
आज आप शत्रुओं को पराजित कर सकते हैं। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर अत्यधिक प्रभाव रहेगा। बौद्धिक एवं तार्किक क्षमता में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन कठिनाई से प्राप्त होगा। लंबे समय तक आपको निवेश नहीं करना चाहिए।


धनु
आज विदेश में जॉब कर रहे लोगों का वेतन बढ़ सकता है। परिवार के लोगों की सेहत अच्छी रहेगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दांपत्य संबंधों में मधुरता होगी। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। जीवन में सकारात्मकता का अनुभव होगा।


मकर
आज पुराने झंझटों से आपको परेशानी होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से प्रसन्न रहेंगे। अहंकारी व्यक्ति से आपको बात नहीं करनी चाहिये। दूसरों पर किसी भी प्रकार का दबाव न डालें। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।


कुंभ
आज आपको सहयोगियों से संबंध अच्छे रखने चाहिए। अपने मन को शांत रखें। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी। लेखन और चिंतन-मनन में समय व्यतीत करेंगे। भाई-बंधुओं के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार रखें।


मीन
आज शेयर मार्केट से आपको लाभ मिलेगा। आपके मन में रचनात्मक विचार आएंगे। व्यवसाय में आपकी साख बढ़ेगी। परिजन आपकी आदतों से प्रसन्न रहेंगे। जीवन में सकारात्मकता बनी रहेगी। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू -100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | | 2 | | | | 3 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 8 |
| 4 | | 7 | | | | 1 | | |
| | | | 6 | 1 | | | 9 | |
| | | | 5 | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | | | 8 | |
| 1 | | | | 9 | | 4 | | 5 |

### सुडोकू - 99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |



> लिवरपूल में 2025 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में मीनाक्षी के शानदार प्रदर्शन पर हमें गर्व है। उन्होंने 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। उनकी सफलता और दृढ़ संकल्प भारतीय खिलाड़ियों के लिए बेहद प्रेरणादायक है।
> –नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


# स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 15 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# एशिया कप में भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 127 रनों पर रोका

## बेहद खराब शुरुआत रही पाकिस्तान की, शाहीन ने बचाई टीम की लाज, कुलदीप ने झटके तीन विकेट

दुबई, एजेंसी

कुलदीप यादव (तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने रविवार को एशिया कप के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 127 रन के स्कोर पर रोक दिया।

आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र छह रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। सैम अयूब को पहले ही ओवर में हार्दिक पांड्या ने आउट किया। मोहम्मद हारिस (तीन) का जसप्रीत बुमराह ने शिकार किया। इसके बाद फखर जमान ने साहिबजादा फरहान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 39रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में अक्षर पटेल ने फखर जमान (17) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। कप्तान आगा सलामान (तीन) को भी अक्षर पटेल ने आउट किया। 13वें ओवर में कुलदीप यादव ने हसन नवाज (पांच) और मोहम्मद नवाज (शून्य) को आउटकर पाकिस्तान की कमर तोड़ दी।

इस दौरान एक छोर थामे साहिबजादा फरहान रन बनाते रहे। 17वें ओवर में कुलदीप ने फरहान को हार्दिक के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। फरहान ने 44 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 40 रन बनाये। वरुण चक्रवर्ती ने फहीम अशरफ (11) को आउट किया। सुफियान मकीम (10) को बुमराह ने बोल्ड आउट किया। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 127 रन का स्कोर खड़ा किया। शाहीन शाह अफरीदी 16 गेंदों में 33 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी इस पारी में चार छक्के लगाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिये। अक्षर पटेल ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट झटके। बुमराह को दो विकेट मिले। वरुण और पांड्या ने एक-एक को आउट किया।



पाकिस्तान के मोहम्मद हारिस को आउट करने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते जसप्रीत बुमराह (बीच में)। एजेंसी

### पाकिस्तान

**127/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| सईम अयूब का बुमराह बो पंड्या | 00 |
| फरहान का पंड्या बो कुलदीप | 40 |
| हारिस का पंड्या बो बुमराह | 03 |
| फखर जमां का वर्मा बो पटेल | 17 |
| आगा का अभिषेक बो पटेल | 03 |
| हसन नवाज का पटेल बो कुलदीप | 05 |
| मो. नवाज पगबाधा बो कुलदीप | 00 |
| फहीम अशरफ पगबाधा बो वरुण | 11 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 33 |
| सूफियान मुकीम बो बुमराह | 10 |
| अबरार अहमद नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** पंड्या 3-0-34-1, बुमराह 4-0-28-2, वरुण 4-0-24-1, कुलदीप 4-0-18-3, पटेल 4-0-18-2, अभिषेक 1-0-5-0

### सूर्यकुमार और सलमान ने टॉस के दौरान नहीं मिलाया हाथ

**दुबई :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तान के सलमान आगा ने रविवार को यहां एशिया कप ग्रुप ए मुकाबले के टॉस के दौरान हाथ नहीं मिलाया। आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मैचों से पहले सिक्का उछालने के दौरान खेल भावना के अंतर्गत दोनों टीमों के कप्तानों के बीच हाथ मिलाना एक परंपरा है, लेकिन भारत और पाकिस्तान दोनों टीमों के कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया और दोनों ने एक दूसरे से आंखें भी नहीं मिलाईं। दोनों कप्तानों ने जिम्बाब्वे के मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को अपनी टीम की शीट सौंपी, सिक्का उछाल रहे टीवी कमेंटेटर रवि शास्त्री से बात की और अपनी दिशाओं में वापस लौट गए। इसकी जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया हर टूर्नामेंट के अपने नियम और कायदे होते हैं। कुछ टूर्नामेंट ऐसे भी होते हैं जिसमें प्रोटोकॉल के अंतर्गत टॉस के समय हाथ मिलाना जरूरी होता है। रिकॉर्ड के लिए सूर्यकुमार यादव ने पिछले मैच के टॉस के दौरान भी यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम से हाथ नहीं मिलाया था। इस साल अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के बाद यह पहली बार है जब चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और भारत किसी क्रिकेट मैच में आमने-सामने हुए। इस मुकाबले से पहले भारतीय खेमे ने कहा था कि खिलाड़ियों का ध्यान खेल पर लगा है और वे लोगों की भावनाओं और संवेदनाओं से वाकिफ हैं।

### हांगकांग पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा श्रीलंका

**दुबई :** अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार जीत से उत्साहित श्रीलंका की टीम हांगकांग के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। पिछली बार जब एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला गया था तब श्रीलंका चैंपियन बना था। उसने बांग्लादेश के खिलाफ हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी विरोधी टीमों को उससे सतर्क रहने का स्पष्ट संकेत दिया। श्रीलंका का मुकाबला अब हांगकांग से होगा, जो लगातार दो मैच हार चुका है और उसके बल्लेबाजों को अपने से अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

## हाईलाइट

### मध्य क्षेत्र दलीप ट्रॉफी जीतने के करीब

**बेंगलुरु :** दक्षिण क्षेत्र के अंकित शर्मा और आंद्रे सिद्धार्थ ने रक्षात्मक बल्लेबाजी का बेहतरीन नमूना पेश किया, लेकिन मध्य क्षेत्र 11 साल में पहली बार दलीप ट्रॉफी खिताब जीतने के करीब है जिसे पांचवें और आखिरी दिन जीत के लिए सिर्फ 65 रन की जरूरत है। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 129 रन से आगे खेलते हुए दक्षिण ने पहले सत्र में 120 रन जोड़े लेकिन चार विकेट भी गंवाए। उसकी दूसरी पारी 426 रन पर खत्म हो गई। दक्षिण क्षेत्र के पास सिर्फ 64 रन की बढ़त है और पांचवें दिन मध्य क्षेत्र के लिए जीत बस औपचारिकता मात्र लग रही है।

### विश्व कुश्ती में अमन अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली :** विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भाग ले रही भारतीय टीम को रविवार को तब करारा झटका लगा जब ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत को अधिक वजन पाए जाने के बाद जाग्रेब में चल रही प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया गया। पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले अमन का वजन पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा स्पर्धा से पहले वजन के दौरान 1.7 किग्रा अधिक पाया गया।

### पोलैंड व अमेरिका की जीत से शुरुआत

**मनीला (फिलीपींस) :** विश्व नंबर वन पोलैंड ने रोमानिया और पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमेरिका ने कोलंबिया को हराकर वॉलीबॉल पुरुष विश्व चैंपियनशिप में विजयी शुरुआत की। शनिवार को खेले गए मुकाबले में रोमानिया के खिलाफ पोलैंड ने धैर्य बनाए रखते हुए 34-32 से जीत हासिल की। अन्य मुकाबले में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमेरिका ने भी ग्रुप डी में कोलंबिया पर 25-20, 25-21, 25-14 से जीत हासिल की।



ऑस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड शॉट लगाती हुईं। एजेंसी

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को हराया

- तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई
- भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए 7 विकेट पर 281 रन बनाए
- ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट खोकर हासिल कर लिया लक्ष्य

चंडीगढ़, एजेंसी

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फीबी लिचफील्ड (88), बेथ मूनी (नाबाद 77), ऐनाबेल सदरलैंड (नाबाद 54) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को 35 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

282 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के लिए कप्तान अलिसा हीली और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने 45 रन जोड़े। सातवें ओवर में क्रांति गौड़ ने अलिसा हीली (27) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। एलिस पेरी 30 रन पर रिटायर हर्ट हुई। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट फीबी लिचफील्ड के रूप में गिरा। फीबी लिचफील्ड ने 80 गेंदों में 14 चौकों लगाते हुए 88 रन बनाये। बेथ मूनी और ऐनाबेल सदरलैंड शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 44.1 ओवर में दो विकेट पर 282 रन बनाकर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। दोनों बल्लेबाजों के बीच 116 रनों की अविजित साझेदारी हुई। बेथ मूनी ने 74 गेंदों में (नाबाद 77), ऐनाबेल सदरलैंड ने 51 गेंदों में (नाबाद 54) रनों की पारी खेली। भारत की ओर से क्रांति गौड़ और स्नेह राणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम के लिए प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी की। 22वें ओवर में फीबी लिचफील्ड ने स्मृति मंधाना को रनआउट कर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। मंधाना ने 58 रनों की पारी खेली।

# तिलक वर्मा और पाटीदार करेंगे भारत ए की कप्तानी

मुंबई, एजेंसी

रजत पाटीदार और तिलक वर्मा को 30 सितंबर से कानपुर में शुरू होने वाली ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए कप्तान बनाया गया है।

पाटीदार ग्रीन पार्क स्टेडियम में होने वाले पहले मैच में टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि तिलक 3 और 5 अक्टूबर को होने वाले दूसरे और तीसरे मैच में कप्तानी संभालेंगे, जबकि पाटीदार उनके उप-कप्तान होंगे।

पहले वनडे के लिए, पाटीदार के साथ विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह और अभिषेक पोरेल के साथ-साथ रियान पराग, आयुष बदौनी, सूर्यांश शेडगे, विप्रज निगम, निशांत सिंधु, प्रियांश आर्य, रवि बिश्नोई, गुरजापनीत सिंह, युद्धवीर सिंह और सिमरजीत सिंह शामिल होंगे। 28 सितंबर को एशिया कप के समापन के साथ, वर्मा आखिरी दो मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे।

### कार्यक्रम

**पहला एकदिवसीय :** 30 सितंबर, कानपुर, दोपहर 1:30 बजे

**दूसरा एकदिवसीय :** 3 अक्टूबर, कानपुर, दोपहर 1:30 बजे

**तीसरा एकदिवसीय :** 5 अक्टूबर, कानपुर, दोपहर 1:30 बजे

### टीम

**पहले वनडे के लिए :** रजत पाटीदार (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विपराज निगम, निशांत सिंधू, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल, प्रियांश आर्य, सिमरजीत सिंह।

**दूसरे और तीसरे वनडे के लिए :** तिलक वर्मा (कप्तान), रजत पाटीदार, अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विपराज निगम, निशांत सिंधू, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह।





जापान की युमी तनाका और हांगकांग की लुई लाई यियू विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रतिस्पर्धा करती हुईं।

# कुशारे ने ऊंची कूद के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

टोक्यो, एजेंसी

**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

सर्वेश अनिल कुशारे रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए, जबकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी गुलवीर सिंह 10,000 मीटर रेस में निराशाजनक प्रदर्शन से 16वें स्थान पर रहे। विश्व रैंकिंग कोटा से 36 प्रतिस्पर्धी एथलीटों में 34वें स्थान पर रहते हुए इस प्रतियोगिता में जगह बनाने वाले 30 वर्षीय कुशारे क्वालीफिकेशन राउंड के ग्रुप बी में 2.25 मीटर की छलांग लगाकर संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। वह दोनों ग्रुप की समग्र रैंकिंग में संयुक्त नौवें स्थान पर रहे। 2.30 मीटर के क्वालीफाइंग मानक या कम से कम सर्वश्रेष्ठ 12 में जगह बनाने वाले एथलीट मंगलवार को होने वाले अंतिम दौर में पहुंच गए। कुशारे का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.27 मीटर है और यह उन्होंने 2022 में दर्ज किया था। सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.26 मीटर है। उन्होंने 2023 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।

# विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जैसमीन और मीनाक्षी को खिताब

- भारत ने विदेशी सरजमीं पर महिला वर्ग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार पदक जीते

लिवरपूल, एजेंसी



जैसमीन लंबोरिया और मीनाक्षी हुड्डा।

भारतीय मुक्केबाजों जैसमीन लंबोरिया (57 किग्रा) और मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) ने अपना नाम इतिहास में दर्ज कराते हुए यहां विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कड़े मुकाबलों में अपने-अपने वर्ग में खिताब जीते जबकि भारत ने विदेशी सरजमीं पर महिला वर्ग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए।

जैसमीन ने पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता पोलैंड की जूलिया जेरेमेटा को हराकर फीदरवेट वर्ग में चैम्पियन बन गई। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली जैसमीन ने 57 किग्रा के फाइनल में शनिवार को देर रात 4 . 1 (30-27, 29-28, 30-27, 28-29, 29-28) से जीत दर्ज की। जैसमीन ने पीटीआई से कहा मैं जो महसूस कर रही हूं उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। मैं पिछली दो विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में हार गई थी लेकिन विश्व कप जीत से मेरा हौसला बढ़ा और मैंने तय किया कि मुझे एकतरफा मैच जीतने हैं। मैंने बस अपनी रणनीति और खेल पर ध्यान केंद्रित किया।

पदार्पण कर रही मीनाक्षी ने रविवार को जैसमीन की उपलब्धि को दोहराते हुए पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में 4-1 से हराकर जुलाई में विश्व कप में मिली हार का बदला चुकता किया। नुपूर शेरोन (80 प्लस किलो) और पूजा रानी (80 किलो) को गैर ओलंपिक भारवर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

भारत ने प्रतियोगिता में चार पदक जीते जो विदेशी सरजमीं पर उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

इस जीत के साथ जैसमीन और मीनाक्षी विश्व चैम्पियन बनने वाली भारतीय मुक्केबाजों की सूची में शामिल हो गई हैं। तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 24 वर्षीय जैसमीन ने मुकाबले में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। शुरू में दोनों मुक्केबाज़ एक-दूसरे को परख रही थीं लेकिन रेफरी के उकसावे पर जेरेमेटा ने पहला वार किया। ओलंपिक फ़ाइनल में लिन यू-टिंग से हारने वाली पोलैंड की यह मुक्केबाज़ तेज़ और सटीक थी और रक्षात्मक रणनीति का इस्तेमाल करते हुए तेज़ी से अंदर-बाहर हो रही थी।

# सात्विक-चिराग व लक्ष्य ने मौका गंवाया

- हांगकांग ओपन के फाइनल में चीन से मिली पराजय

हांगकांग, एजेंसी



लक्ष्य सेन व चिराग शेट्टी–सात्विक साईराज रंकीरेड्डी।

भारत ने दो खिताब जीतने का सुनहरा मौका गंवा दिया, जब सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल टीम और लक्ष्य सेन को रविवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

लक्ष्य दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग की चुनौती के सामने बिल्कुल भी नहीं टिक पाए और उन्हें पुरुष एकल के एकतरफा फाइनल में 15-21 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। पिछले महीने लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दुनिया की नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी को पहला गेम जीतने के बावजूद 61 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण फाइनल में ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वैंग चैंग की चीन की दुनिया की छठे नंबर की जोड़ी के खिलाफ 21-19 14-21 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

पिछले साल नवंबर में सैयद मोदी सुपर 300 के बाद पहली बार फाइनल में खेल रहे लक्ष्य अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वी ली को टक्कर नहीं पाए। जिनके खिलाफ वह जूनियर दिनों से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता में 14वीं बार खेल रहे थे। भारतीय खिलाड़ी को अब तक 7-6 के जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ मामूली बढ़त हासिल थी लेकिन चीनी खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में ऑल इंग्लैंड और चीन ओपन दोनों में उन्हें हराकर दबदबा बनाया था। लक्ष्य ने शुरुआत में तेज शुरुआत करते हुए बढ़त हासिल की।

# महिला एशिया कप हॉकी के फाइनल में चीन से मिली हार

**ग्वांग्ज़ू (चीन) :** एक गोल से बढ़त बनाने के बाद आखिरी क्वार्टर में लय खोने का खामियाजा भारतीय महिला हॉकी टीम को भुगतना पड़ा और चीन ने रविवार को एशिया कप फाइनल में उसे 4-1 से हराकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने से भी वंचित कर दिया।

भारत ने आक्रामक शुरुआत करके पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत कौर के गोल के दम पर बढ़त बना ली। चीन को इसके बाद लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले पर गोल नहीं हो सका। दूसरे क्वार्टर में 21वें मिनट में जिशिया यू ने चीन के लिए बराबरी का गोल दागा। 41वें मिनट में होंग ली ने गोल करके चीन को बढ़त दिलाई। मेइरोंग जू ने 51वें मिनट में तीसरा और जियाकी झोंग ने 53वें मिनट में चौथा गोल दाग दिया।

**डेविस कप**

**स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ जीत कई मायनों में रखती है बेहद महत्व**

# भारतीय टेनिस में बदलाव की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भारतीय टेनिस के लिए जश्न मनाने का मौका आ ही गया। स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ डेविस कप में जीत भारत के लिए कई मायनों में बेहद महत्व रखती है।

यह पिछले 32 वर्षों में पहला अवसर है जबकि भारत ने किसी यूरोपीय देश को उसी की धरती पर हराया। इसलिए यह जीत वाकई जश्न मनाने लायक है। बील में हुए इस इनडोर मुकाबले का परिणाम अच्छी योजना, साहसिक फैसला और खिलाड़ियों के निडर प्रदर्शन के कारण भारत के पक्ष में रहा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल जो मन में बार-बार आता है, वो ये है कि क्या भारतीय टेनिस प्रणाली वाकई इस जीत का दावा कर सकती है?



सुमित नागल।

जवाब है : आंशिक रूप से।

आखिरकार, व्यवस्था तीन युगल विशेषज्ञ खिलाड़ियों सहित एक बड़ी टीम को बील भेजने के लिए उत्सुक नहीं थी। इसके बजाय टीम की तैयारी में कोई योगदान नहीं देने वाले अधिकारी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर देश की सैर करने के लिए निकल गए। कप्तान रोहित राजपाल को यह सुनिश्चित करने के लिए कोर्ट के बाहर कड़ी मशक्कत करनी पड़ी कि भारत की टीम में पर्याप्त खिलाड़ी मौजूद रहें। ऐसा इसलिए किया गया ताकि ज़रूरत पड़ने पर भारत के पास एक आदर्श विकल्प मौजूद रहे। इसकी ज़रूरत तब पड़ी जब युकी भांबरी पैर की चोट के कारण बाहर हो गए। उचित योजना के चलते, भारत ने ऋत्विक बोलिपल्ली को एन श्रीराम बालाजी के साथ युगल मुकाबले के लिए तैयार कर लिया। ये अलग बात है कि भारत युगल मुकाबले में जीत हासिल नहीं कर पाया लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने कड़ी चुनौती पेश की।

भारत अगर स्विट्ज़रलैंड को हराने में सफल रहा तो इसका पूरा श्रेय टीम प्रबंधन को जाता है। भारत की जीत की कुंजी एकल खिलाड़ियों का आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन रहा। दक्षिणेश्वर सुरेश और सुमित नागल ने तीन मैच जीते।

### दक्षिणेश्वर को लाने का फैसला सही रहा

उच्च रैंकिंग वाले आर्यन शाह या करण सिंह की बजाय रिजर्व खिलाड़ी दक्षिणेश्वर को मैदान में उतारना एक रणनीतिक निर्णय था। राजपाल को प्रशिक्षण सप्ताह के दौरान यह अहसास हुआ कि दक्षिणेश्वर अपनी अच्छी सर्विस और दमदार शॉट के दम पर अपने साथियों को हरा रहे हैं। उन्होंने यह देखकर नागल के साथ एकल में उन्हें उतारने का फैसला लिया जो आखिर में सही साबित हुआ। मुद्दा यह है कि दक्षिणेश्वर की प्रगति में उनकी कड़ी मेहनत और उनके टेनिस सफ़र में कुछ लोगों के व्यक्तिगत प्रयासों का ज्यादा योगदान है। कोई आधिकारिक व्यवस्था नहीं थी जिसने उन्हें आगे बढ़ाने में मदद की हो।